महानगर नई दिल्ली गुरुवार 18 अप्रैल, 2024, रु. 6.00 (22+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

पहले चरण का प्रचार थमा, 102 सीट पर मतदान कल; आठ मंत्रियों की किस्मत दांव पर

लोकसभा चुनाव : तमिलनाडु की 39 तो यूपी की आठ सीट पर डाले जाएंगे वोट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार का शोर बुधवार शाम को थम गया। देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। इस चरण में एकमात्र राज्य तमिलनाडु की सभी 39 सीट पर मतदान होगा। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, प्रचार खत्म होने से पहले तक सभी दलों ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

इस बार सात चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। पहले चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, जम्मू कश्मीर के उधमपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, मिजोरम, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर पहले चरण में मतदान होगा। पहले चरण में बिहार की चार, अरुणाचल प्रदेश की दो, असम की पांच और मध्य प्रदेश की छह सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। राजस्थान की 12, उत्तराखंड की पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, उत्तर प्रदेश की आठ सीट, मेघालय की दो, मणिपुर की दो और महाराष्ट्र की पांच सीटों पर मतदान होना है।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद है, जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के हरेंद्र मलिक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल और दो बार के सांसद जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेंद्र यादव को राजस्थान की अलवर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव से है। राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है।

लोकसभा के चुनावी रण में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की आस लगाए बैठे हैं। गडकरी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से और 2019 के चुनावों में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वर्तमान प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर भाजपा बाकी पेज 8 पर

कठुआ में ईवीएम के साथ जाता हुआ एक चुनावकर्मी।

केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, भूपेंद्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल, संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, किरेन रिजीजू, सर्बानंद सोनोवाल, एल मुरुगन मुकाबले में हैं।

पहले चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, जम्मू कश्मीर के उधमपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, मिजोरम, नगालैंड, पुदुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

पहले चरण में बिहार की चार, अरुणाचल प्रदेश की दो, असम की पांच और मध्य प्रदेश की छह सीट पर मतदान होगा।

राजस्थान की 12, उत्तराखंड की पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, उत्तर प्रदेश की आठ सीट, मेघालय की दो, मणिपुर की दो और महाराष्ट्र की पांच सीट पर मतदान होना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम के नलबाड़ी में कहा

2014 में आशा, 2019 में विश्वास, अब गारंटी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वे 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आए। असम के नलबाड़ी इलाके बोरकुडा मैदान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में मोदी की गारंटी है और मैं इन सभी गारंटी को पूरा करने की गारंटी दे रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह है क्योंकि कांग्रेस ने इस क्षेत्र को केवल समस्याएं दी थीं लेकिन भाजपा ने इसे संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने विद्रोह को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी ने लोगों को गले लगाया और क्षेत्र में शांति लेकर आया। कांग्रेस के 60 साल के शासनकाल बाकी पेज 8 पर

नलबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

कूचबिहार का दौरा रद्द करें बंगाल के राज्यपाल : आयोग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर कूचबिहार का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द करने की सलाह दी है। आयोग का कहना है कि यह दौरा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। कूचबिहार में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है और बुधवार शाम को इस क्षेत्र में चुनाव प्रचार थम गया है।

सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का 18 और 19 अप्रैल को कूचबिहार का दौरा प्रस्तावित है। इसकी सूचना मिलने पर निर्वाचन आयोग ने राज्यपाल को यह दौरा रद्द करने की सलाह दी है। आयोग ने राज्यपाल कार्यालय को भेजे अपने पत्र में कहा है कि आदर्श आचार संहिता के कारण राज्यपाल के लिए कोई भी स्थानीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता, जैसा कि उनके कार्यक्रम में प्रस्तावित है।

आयोग ने यह भी कहा है कि 18 और 19 अप्रैल बाकी पेज 8 पर

आयोग ने कहा, राज्यपाल का दौरा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। *राज्यपाल* सीवी आनंद बोस का 18 और 19 अप्रैल को कूचबिहार जाने का कार्यक्रम है।

खबर पेज 5

रामनवमी के अवसर पर बुधवार को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला का सूर्य तिलक हुआ।

भाजपा 150 सीट तक सिमट जाएगी : राहुल

जनसत्ता संवाददाता
गाजियाबाद, 17 अप्रैल।

राहुल गांधी ने चुनावी बांड योजना को 'दुनिया की सबसे बड़ी वसूली योजना' बताया है। उन्होंने कहा कि इस मर्तबा लोकसभा चुनाव में भाजपा 150 सीट तक सिमट जाएगी। अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर निर्णय लेगी। उसका निर्णय सभी के लिए मान्य होगा। उनके अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने फिलहाल अमेठी और रायबरेली से अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं।

यह बातें रामनवमी के मौके पर इंडिया गठबंधन की पहली संयुक्त प्रेसवार्ता में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से चली हवा पूरब तक जाएगी और प्रदेश में बड़ा बदलाव करेगी। गाजियाबाद से गाजीपुर से भाजपा का सफाया हो जाएगा। किसान दुखी हैं, उनसे किए गए वादे झूठे साबित हुए हैं। ना तो किसान की आय दोगुनी हुई और ना ही युवाओं को रोजगार बाकी पेज 8 पर

प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी व अखिलेश यादव।

इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेसवार्ता में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने अमेठी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच कहा कि यह फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समितिकी बैठक में होगा और पार्टी का जो भी आदेश होगा, वे उसे मानेंगे। *संयुक्त* प्रेसवार्ता में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से चली हवा पूरब तक जाएगी और प्रदेश में बड़ा बदलाव करेगी। गाजियाबाद से गाजीपुर से भाजपा का सफाया हो जाएगा।

अनंतनाग में आतंकियों ने बिहार के मजदूर की गोली मार कर हत्या की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस साल घाटी में यह इस तरह की तीसरी घटना है।

आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह नामक गैर स्थानीय मजदूर को नजदीक से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चुनाव से पहले आतंकी हमला होने से इलाके में दहशत फैल गई है।

अधिकारियों ने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

अनंतनाग हमले की राजनीतिक दलों ने निंदा की और नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि ऐसी घटनाएं शांति में बाधा बनेंगी। नेशनल कांफ्रेंस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने राजा शाह की हत्या की खबर पर दुख और शोक व्यक्त किया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इसे 'हिंसा का संवेदनहीन कृत्य' बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि इस तरह की हरकतें विरोधियों की हताशा को दर्शाती हैं।

हाल के हमले

आतंकवादियों ने यहां शहर के हब्बा कदल क्षेत्र के शल्ला कदल इलाके में पंजाब के अमृतसर के एक श्रमिक अमृतपाल सिंह की सात फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक रोहित माशी घायल हो गया था और एक दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। वह भी अमृतसर का रहने वाला था।

रिहाई की मांग | दिल्ली-पंजाब रेलमार्ग पर कई रेलगाड़ियां रद्द

किसानों ने रेल पटरियों पर डेरा डाला

अंबाला, 17 अप्रैल (जनसत्ता)।

पिछले दो महीनों से पंजाब-हरियाणा की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने बुधवार को अंबाला के समीप रेल पटरियों पर डेरा डाल दिया। इससे दिल्ली से पंजाब की ओर जाने वाले रेलमार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। किसानों के धरने के कारण करीब 12 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा, जबकि कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया। किसान सरकार से अपने युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत तीन किसानों की जेल से रिहाई की मांग कर रहे हैं।

शंभू सीमा पर जमे सैकड़ों किसानों ने बुधवार दोपहर को रेल पटरियों पर धरना शुरू किया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। इसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे धरना स्थल से उठने को तैयार नहीं हुए। इसी बीच, पुलिस के जवानों और किसानों के बीच हलकी धक्का-मुक्की भी हुई। दरअसल, पुलिस ने रेल लाइन के समीप अवरोधक लगाए हुए थे, जिन्हें किसानों ने उखाड़ फेंका और पटरियों पर बैठ गए। इस कारण दिल्ली से पंजाब की ओर जाने वाली लाइन पर रेल यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत तीन किसानों की जेल से रिहाई की मांग को लेकर किसान संगठनों की पहले हरियाणा और पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी। किसान नेताओं का दावा है कि बैठक में सरकार की ओर से तीनों किसानों की जल्द रिहाई का भरोसा दिया गया था। किसानों ने इस पर फैसला करने के लिए सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था। मगर, बुधवार को भी बाकी पेज 8 पर



www.readwhere.com

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I GURKIRPAL SINGH PAPNEJA S/O LATE SHRI SHER SINGH PAPNEJA R/O FLAT NO. 65, NPL APARTMENTS, H3 BLOCK VIKASPURI, NEW DELHI-110018 HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER'S NAME FROM HARBANI PAPNEJA TO HAR-BANI KAUR PAPNEJA.
0040724411-2

I Chandeep Singh S/o Surjit Singh R/o 122 SF, C2- Block, Janak Puri, Janakpuri B-1, West Delhi, Delhi-110058 have changed the name of my minor daughter from Rubani Arora to Rubani Kaur Arora for all purposes. 0040724405-1

I Chandeep Singh S/o Surjit Singh R/o 122 SF, C2- Block, Janak Puri, Janakpuri B-1, West Delhi, Delhi-110058 have changed the name of my minor daughter from Raina Arora to Raina Kaur Arora for all purposes. 0040724405-2

I,Mukesh Kumar Garg,S/O-Shri Kapoor Chand Garg,R/O-F-20,Budh Vihar,Phase-1,Delhi-110086,have changed my name to Mukesh in future.
0040724477-2

I. SUPREET KAUR,W/O HARPREET SINGH DUGGAL, A-179,2ND-FLOOR,PRITAMMARG KEWAL-PARK AZADPUR, DELHI-33,HAVE CHANGED MY NAME TO SUPREET KAUR DUGGAL' 0040724470-9

I, Sunita Gunaji Chavan, legally Wedded Spouse of No.15578437P, Rank-Nk, Name-ChavanGunaji Narayan, Unit-119 AER,C/o 56-APO, presently R/o Village-Dapka (Raja), PO-Dapka(Raja), Teh.-Mukhed, P/S-Jamb (Budruk) Distt.-Nanded, Maharashtra-431716 have changed myname from SUNITA to SUNITA GUNAJI CHAVAN and DOB from 20/01/1991 to 20/12/1992 videAffidavit No. 93AE-257456 dated 16/04/2024
0060114723-15

I, HARPREET SINGH,S/O. LT, S. PRITAMSINGH DUGGAL', A-179,2ND-FLOOR PRITAMMARG KEWAL-PARK AZADPUR DELHI-33, HAVE CHANGED MY NAME TO HARPREET SINGH DUGGAL.
0040724470-8

I, Army No.-15574168W, Rank-Hav, Name-Sudhir Balaram Kurle, Unit-114 Armd EngineerRegiment C/o 56-APO, presently R/o Village-Toran Pada, PO-Khandpoli, Tehsil-Sudhagad, P/S-Jhabhulpada, Distt-Raigad, Maharashtra-410205 have changed my name from SUD-HEERBALARAM KURLE to SUD-HIR BALARAM KURLE vide Affidavit No. 93AE-246570 dated08/04/2024
0060114723-27

Sukirti D/o Bhuwan Chand R/o B-8 Suraksha Apartment Abhay Khand- III Indirapuram Ghaziabad have changed my name from Sukirti Dutt to Sukirti 0050240645-1

I, Suresh Chand S/O Sh. Inder Pal Singh R/o RZ-65, Block- D, Pratap Garden, Uttam Nagar, New Delhi- 110059, inform that Suresh Chand & Suresh Chander both are one & the same person. 0050240643-1

Name of mine has been wrongly written as Poona Mittal, Poonam, Poonam Gupta in share certificates of various companies. Correct is Poonam Mittal w/o Jeevan Kumar Mittal r/o SF, 34-B, D Block, Moti Nagar, Delhi 110015 0040724402-1

My Name is SUB SHIV PRASAD R/O - 41A/1/1L LALA KI SARAYN ROAD AMBEDKAR MURTY BADI BAGIYA TELIYARGANJ PRAYAGARAJ IN ARMY RECORDS IS MY WIFE NAME IS WRONGLY MEN-TIONED AS GAYATREE DEVI CORRECT NAME IS GAYATRI DEVI 0060114724-3

My Name is SUB SHIV PRASAD R/O - 41A/1/1L LALA KI SARAYN ROAD AMBEDKAR MURTY BADI BAGIYA TELIYARGANJ PRAYAGARAJ IN ARMY RECORDS IS MY DAUGHTER NAME IS WRONG-LY MENTIONED AS RINA DEVI CORRECT NAME IS REENA
0060114724-4

It is for general information that I,SUHANA M CHERUPILLIL,D/o C L MANOJ, R/o E-1301, Paramount Floraville,Near-Felix Hospital, Sector-137, Noida,Gautam Buddha Nagar-201301,Uttar Pradesh, declare that name of mine has been wrongly written as SUHANA MANOJ CHERUPILLIL in my Aadhaar Card.No.406688832283.The actual name of mine is SUHANA M CHERUPILLIL, respectively, which may be amended accordingly.
0040724476-10

I,YASHPAL S/O BAL SINGH CHAUHAN,R/O-B-323, SARASWATI VIHAR,DELHI-110034,have changed my name to YASHPAL CHAUHAN, permanently. 0040724476-2

I, Alkaben, legally Wedded Spouse of No.6395610Y, Rank-Hav/HK, Name-Thakor Lalji Ramji,Unit-531ASC BN, C/o 56-APO, presently R/o Village-Lodra, PO-Lodra, Teh.-Santalpur, Distt.-Patan, Gujrat-385340 have changed my name from ALKABEN to THAKOR ALKABEN LALJI videAffidavit No. 93AE-257458 dated 16/04/2024
0060114723-24

व्यक्तिगत

I,Vinod Kumar Aggarwal,S/o Late Sh.Chander Bhanu Aggarwal,R/o 3794, Street. No.5, Kanhaiya Nagar,Tri Nagar, Delhi-110035,have change my name to Vinod Aggarwal,S/o Late Sh.Chander Bhan Aggarwal.
0040724476-6

I,Vaishnavi D/O-No-15679069M, Hav(OCC) Krishnaiah V R/o-H.No.2-45, Ba0049, Plot.No.103, Survey.No.83,Duwaraka Nagar,Post-Badangpet, Tehsil -Balapur,Dist-KV Ranga Reddy,State- Telangana, Pin-500058,have changed my, name fm Vaishnavi to Vastrala Vaishnavi for all future purpose.Vide affidavit, before public notary, Telangana, Dated-15-Apr-2024.
0040724470-11

I,VINESH KUMAR,S/O MAHEN-DER PAL,R/o H.NO.5/124, NIRANKARI COLONY,DELHI-110009,inform that VINESH KUMAR and VINESH,both names are same person.
0040724470-7

I,V Naramma,M/o No-15679069M,Hav(OCC) Krishnaiah V, R/o-H-No 2-75,Village &Post-Yellur,Teh& PS-Kollapur,Dist-Mahbubnagar, State-(AP),Pin-509102,have changed my,name fm V Naramma to Vastrala Naramma,for all,future purpose.Vide affi-davit,before public notary Telangana, Dated-15-Apr-2024.
0040724475-4

I,V Jagadeeshwar,S/O No-15679069M,Hav(OCC) Krishnaiah V R/o-H.No.2-45,Ba0049, Plot.No-103, Survey.No.83,Duwaraka Nagar, Post Badangpet, Tehsil-Balapur,Dist-KV Ranga Reddy,State-Telangana, Pin-500058,have changed my,name fm V Jagadeeshwar to Vastrala Jagadeeshwar for all,future purpose. Vide affi-davit,before public,notary Telangana, dated-15-Apr-2024.
0040724475-5

I,Shamshad S/O Nanwa,R/o H NO-24, Gali No-01, Old Mustafabad,Delhi-110094. have changed my name to MOHD SHAMSHAD MALIK. Permanently. 0040724470-5

I,Shahnaz,D/o Md.Shabeer,R/o F-139, Block-F, Vijay Vihar Phase-2,Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Shahnaz Parween.
0040724475-1

I,Shahnaz,D/o Md.Shabeer, R/o F-139, Block-F, Vijay Vihar Phase-2,Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Shahnaz Parween.
0040724475-2

I,Salim Khan S/o Habib Ali R/o H.No.-96, 4th Floor, Ghalib Apartment, Parwana Road, Pitampura, Delhi-110034,have changed my name from Salim Khan to Salim Ahmed for all future purposes. 0040724475-3

I,Sachin S/o Shanker Lal,R/o Plat.No.4 and 4 A,Block-J,Mohan Garden,Uttam Nagar, Delhi-110059,have changed my name to Sachin Khatter.
0040724475-7

I,SHAHNWAJ,S/O-SULTAN AHAMAD,R/O-House.No-136,Sector- B2,Pocket -C, Near CNG Pump, Narela,Delhi-110040,have changed my name to SHAHNWAJ AHEMD.
0040724477-1

I,Rajesh Kumar Jain,S/o Sh.Surender Kumar Jain and Smt.Santosh Jain, R/o,H.No. 950, Gali.No.63, Lekhu Nagar, Tri Nagar,Delhi-110035,have change my name to Rajesh Jain. 0040724476-4

I,Prabhat Jain,W/o Sumat Prasad Jain,R/o H.No.913,Gali Inder Wali,Kucha Pati Ram, Bazar Sita Ram,Delhi,have changed my name to Prabha Jain,for all Purposes.
0040724470-2

I,Nitu Tarve,W/o Nirjhar Kumar,R/o.F4,1103, Panchsheel Greens-1,Greater Noida,West Gautam-Budh-Nagar, Uttar Pradesh.-201308,Have Changed My,Name To Nitu Parmanand Tarve,For All Purposes.
0040724470-6

I,Mrs.Laxmi W/O-No-15679069M,Hav(OCC) Krishnaiah V R/o-H.No-2-45,Ba0049, Plot.No.103, Survey.No.83,Duwaraka Nagar,Post Badangpet,Tehsil-Balapur,Dist-KV Ranga Reddy,State-Telangana,Pin-500058,have changed my name fm Laxmi to Vastrala Laxmi for all,future purpose.Vide affidavit,before public notary, Telangana, Dated-15-Apr-2024.
0040724478-3

I, Mohd Raghib, R/o- 411, 4th-Floor, Tower-C, Sanskriti Apartment, Sector-1, Greater Noida West, Gautam Budha Nagar, U.P.-201306, have changed my son's name from Mohd. Ayan to Mohammad Ayyaan. His correct date-of-birth is 30.04.2017 instead-of 30.04.2015, for all purposes.
0040724477-6

I,LAVEENA VERMA D/O DHARAM VIR VERMA R/O F-24,GROUND-FLOOR,GREEN PARK MAIN,DELHI-110016. HAVE CHANGED MY MINOR SON NAME NIVAAN AHUJA TO NIVAAN VERMA. 0040724477-7

I, Army No.15578437P, Rank-Nk, Name-Chavan Gunaji Narayan, Unit-119 AER, C/o 56-APO,presently R/o Village-Dapka (Raja), PO- Dapka (Raja), Teh.-Mukhed, P/S-Jamb (Budruk) Distt.-Nanded, Maharashtra-431716 have changed the name of my Son from SANGRAM to SANGRAM-GUNAJI CHAVAN vide Affidavit No. 93AE-257453 dated 16/04/2024 0060114723-16

I,Kawaljeet,W/O.Charanjeet Singh,R/O.WZ-254,gali no.10,G-block,Hari Nagar,New Delhi-110058,have changed my name to Kawaljeet Kaur,for all Purposes.
0040724476-8

I,Kapil Kumar,S/O.Om prakash,R/O.WZ-979A, gali.no.-13,Near-Pachranga Achar, Guru-Nanak Nagar, Tilak-Nagar,New Delhi-110018,have changed my name to Kapil,for all Purposes. 0040724476-7

I,Indrawati,D/O mange ram,R/o D-626,J.J COLONY-WAZIRPUR,ASHOK VIHAR, DELHI 110052,and Indro and Indira Rani and Indrawati are the same person and now we have to name Indrawati.Have Changed my name to Indrawati,for all future purposes. 0040724476-9

I,Hemant Kumar Singla,S/o-Satish Kumar Singla,R/o-C-80,Pratap Vihar,Part-3,Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086,declare that I have changed my name to Hemant Singla,forever. 0040724477-4

I,Harpreet,W/o Surinder Singh,R/o,A-43, Kh.No.41/17, and 41/18,Upper First-Floor, Guru-Nanak Enclave, Nilothi Extn.,Nilothi, New Delhi-110041,have changed my name to Harpreet Kaur
0040724478-6

I,Harmeet Kaur Khurana, W/O.Jitender Singh Sabharwal,R/O.K-59/4,Fateh Nagar,near Jheel Park,New Delhi-110018,have changed my name to Harmeet Kaur Sabharwal,for all Purposes.
0040724470-1

I,Charanpreet Singh Sawhney, S/o S. Amarjeet Singh Sawhney, R/o.Flat.No.G-1002, Raheja Atharva,Sector-109, Daultabad, Gurugram, Haryana-122006,have changed the name of my son ANHAD SAWHNEY aged-17-years and he shall hereinafter be known as ANHAD SINGH SAWHNEY. 0040724477-3

I,CATHERINE,W/O WILLIAM SAMUEL, R/O 5/16,ASHOKA ROAD,SHIPRA SUN CITY, INDI-RAPURAM,GHAZIABAD,UTTAR PRADESH-201014, changed my name CATHERINE SAMUEL.
0040724476-1

I,Shruti D/o Sh.Dwarka Prasad Bansal,R/o 3538/3,First-Floor,Narang Colony,Tri Nagar, Delhi-110035,have change my name to Shruti Bansal. 0040724476-5

I,Bakkanna V F/O-No-15679069M,Hav(OCC) Krishnaiah V R/o-H-No 2-75, Village &Post-Yellur, Teh&PS-Kollapur,Dist-Mahbubnagar,State-(AP), Pin-509102,have changed my name fm Bakkanna V to Vastrala Bakkanna,for all future purpose. Vide affidavit, before public notary Telangana, Dated-15-Apr-2024.
0040724470-10

I,Ashfaq Ahmad,S/o Mehboob Elahi,R/o-B-265,Gali.No.8, Mandawali Fazalpur,Delhi-110092,have changed my name to Ashfaq Ahmed.
0040724477-5

I,Adarsh Dewan,S/o Mantosh Kumar Dewan R/o B-60,Ist Floor,Sohna Road,Southend Floors,Sector-49,Gurgaon (Haryana),have changed my name to Adarsh Kumar Dewan,for all Purposes.
0040724470-4

I,Aayush Adarsh Dewan,S/o Adarsh Kumar Dewan,R/o B-60,Ist-Floor,Sohna Road, Southend-Floors, Sector-49,Gurgaon (Haryana),have changed my name to Aayush Dewan,for all Purposes.
0040724470-3

I, Vimal Balaram Kurle, legally mother of No.15574168W, Rank-Hav, Name-Sudhir BalaramKurle, Unit-114 ARMD ENGINEER REGIMENT, C/o 56-APO, presently R/o Village-Toran Pada, PO-Khandpoli, Teh.-Sudhagad, P/S-Jhabulpada, Distt.-Raigad, Maharashtra-410205 have changedmy name from VIMAL BALARAM KURLE to BHARATI BALARAM KURLE vide Affidavit No. 93AE-257441 dated 16/04/2024
0060114723-17

I, Sunaina Devi, mother of No.15703372P, Rank-Hav, Name-Vivek Kumar Raghuvanshi,presently R/o Village-Gurwat, Post-Rajapur, Teh.-Sadar, District-Varanasi, Uttar Pradesh-221101have changed my name from SUNAINA DEVI to SUNAINA SINGH and DOB from 01/07/1965 to01/07/1962 vide Affidavit No. IN-UP24713738746043W dated 15/04/2024 0060114723-22

I, Shilla, legally Wedded Spouse of No.15157991Y, Rank-Hav (Dmt), Name-Sahni Hari ShankarKumar, presently R/o A/159, Nikol Road Ambica Society, Ahmedabad, PO-Takkar Nagar, Distt.-Ahmedabad, Gujrat-382350 have changed my name from SHILLA to SHILA DEVI (DOB-22/08/1984) vide Affidavit No. 93AE-257450 dated 16/04/2024
0060114723-25

I, Shahida Ishaq,W/o Ashfaq Ahmed,R/o-B-265, Gali No.8,Mandawali Fazalpur, Delhi-110092, have changed my name to Shahida Ashfaq.
0040724475-6

I Nilam Singh W/o Ex 13975123K NK/NA CHANDRA MOHAN NAYAL. R/O AMC C&C Lko.Hereby declare that I have changed my existing name from Nilam Singh to Neelam Singh Nayal as the same name is mentioned in my Aadhaar and PAN Card.
0060114714-2

व्यक्तिगत

I, Saurabh S/O Sukhu Vishwakarma R/o D-279, Harijan Camp Chunna Bhatti, Near Police Choki, Kirti Nagar, Delhi-110015, have changed my name and shall hereafter be known as Vikas Vishwakarma. 0070899088-1

I, Saly, mother of No.15678191W, Rank-Hav, Name-Alex S, presently R/o Village-Aryankvi, PO-Edappalayam, Teh.-Punular, District-Kollam, Kerala-691309 have changed my Name from SALYto SALI XAVIER and DOB from 14/07/1963 to 31/07/1963 vide Affidavit No. IN-UP24713982639188W dated 15/04/2024 0060114723-23

I, Ravi Bhati S/o Anavar Singh R/o 105, Tilpata karanwas, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201306 have changed my name to Ravinder Singh.
0070899056-1

I, Rajender Parshad,S/o Late Ishwar Chand R/o-16,Rajdhani Enclave, Pitampura,Delhi-110034,have changed my name to Rajender Parshad Gupta. 0040724476-3

I, Narayan Singh,S/o Gokal Singh,R/o E-596, Budhnagar, Inderpuri,New Delhi-110012, have changed my name to Narain Singh for all purposes.
0040724478-1

I, Nandita, legally wedded spouse of No.14441702X, Rank-Hav, Name-Randip Nirmalia, Unit-269Med Regt (SP) C/o 56-APO, presently R/o Village-Pamgaon, PO-Langhin Tiniali, Teh.-Phuloni,P/S-Dokmoka, District-Karbi Anglong, Assam-782441 have changed my name from NANDITA toNANDITA BARMAN vide Affidavit No. IN-UP25515305588569W dated 16/04/2024 0060114723-26

I, Meenu W/o Anil Gupta R/o C-1/47-48, 2nd Floor, Budh Vihar Phase-1, Delhi-110086 have changed my name to Meenu Gupta. 0070899151-1

I, Kumari Anshu W/o Mr. Sameer Ratan Verma R/o Flat No. 1/12, Semal Road, Shipra Sun City, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201014 have changed my name from Kumari Anshu to Anshu Verma for all future purposes. 0040724417-1

I, KESHEO DUTT SHARMA/ SHRI DIWAN SINGH SHARMA R/O VILLAGE-KHAWASPUR, P.O.-CHILA RAILWAY STATION, DISTT.-BULANDSHAHR, CUR-RENTLY R/O 19, SANCHAR VIHAR APARTMENT, FLAT.NO.C-58/4, SECTOR-62, NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR. U.P.,confirm that KESHAV DUTT SHARMA & KESHEO DUTT SHARMA both name are belongs to same person. 0070899148-1

I, Jyoti Goudar, legally Wedded Spouse of No.14834041N, Rank-Nk, Name-Vitthal Goudar, Unit-531 ASC BN, C/o 56-APO, presently R/o Village-Laxanatti, PO-Lokapur, Teh.-Mudhol, P/S-Lokapur, Distt.-Bagalkot, Karnataka-587122 have changed my name from JYOTI GOUDAR to JYOTI VIT-THAL GOUDAR vide Affidavit No. 93AE-257455 dated 16/04/2024 0060114726-2

I, Jadhav Bhagwan, legally father of No.15601113Y, Rank-Spr, Name-Jadhav Lalit Bhagwan, Unit-119 AER, C/o 56-APO, presently R/o Village-Zodge, PO-Zodge, Teh.-Malegaon, Distt.-Nashik, Maharashtra-423205 have changed my name from JAD-HAV BHAGWAN to BHAG-WANKASHINATH JADHAV vide Affidavit No. 93AE-257454 dated 16/04/2024
0060114723-18

I, Jadhav Bhagwan, legally father of No.15601113Y, Rank-Spr, Name-Jadhav Lalit Bhagwan, Unit-119 AER, C/o 56-APO, presently R/o Village-Zodge, PO-Zodge, Teh.-Malegaon, Distt.-Nashik, Maharashtra - 423205 have changed my name from JAD-HAV BHAGWAN to BHAG-WANKASHINATH JADHAV vide Affidavit No. 93AE-257454 dated 16/04/2024
0060114723-19

I, Harshita, daughter of No.15684954X, Rank-Hav, Name-Rupesh Ram, presently R/o Village-Inarbarwa, PO-Jogia, Teh.-Ramnagar,District-West Champaran, Bihar-845103 have changed myname from HARSHITA to HARSHITA KUMARI vide Affidavit No. IN-UP24713353184865W dated15/04/2024
0060114723-21

I, Gudiya, spouse of No.15684954X, Rank-Hav, Name-Rupesh Ram, presently R/o Village-Inarbarwa, PO-Jogia, Teh.-Ramnagar, District-West Champaran, Bihar-845103 have changed myname from GUDIYA to GUDIYA KUMARI (DOB-12/11/1986) vide Affidavit No. IN-UP24713090792883W dated 15/04/2024 0060114723-20

I, Gourab Kumar Banerji S/O Milan Kumar Banerji, R/o House No-19, G-Road, Maharani Bagh, Sriniwaspuri, S.O, South Delhi, Delhi-110065, have changed my name and shall hereafter be Known as Gourab Banerji. 0070899166-1

I, Tarun Jain S/O Ashok Kumar Jain R/O A-32, Vivek Vihar, Phase-2, Delhi-92, declare that I had changed my name to Tarun Kumar Jain. Documents with the name Tarun Jain may be read as Tarun Kumar Jain. Both names are of the same person. 0040724136-3

I, Anoop Kaur W/o Kartar Singh R/o M-54, Vikaspuri, New Delhi-110018, have changed my name to Anup Kaur. 0040724478-2

I, Avinash S/o Jagdish Prasad Jaiswal R/o A-13, Prem Nagar-3 Part-2, Shani Bazar Road, Kirari Suleman Nagar,Delhi-110086 have changed my name from Avinash to Avinash Kumar Jaiswal for all future purposes. 0040724442-1

I, Ashwini, legally wedded spouse of No.-15574168W, Rank-Hav, Name-Sudhir Balaram Kurle,Unit-114 Armd Engineer Regiment C/o 56-APO, presently R/o Village-Toran Pada, PO-Khandpoli, Tehsil-Sudhagad, P/S-Jhabhulpada, Distt-Raigad, Maharashtra-410205 have changedmy name from ASH-WINI to ASHWINI SUDHIR KURLE vide Affidavit No. 93AE-246571 dated08/04/2024
0060114723-28

I Suneel alias Abhinnit KP Tiwaari S/o Sh. Janardan Tiwari R/o E-34, Near 22-Block, Baba Farid Puri, West Patel Nagar, Patel Nagar S.O., Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name to Suneel Evvaan Sagr Tiwari for all purposes. 0040724405-4

I Sarfaraz Ahmed S/o Nasir Ahmed R/o House No.4902, Gali Mufti Sahab Wali, Bara Hindu Rao, Delhi-110006 have changed the name of my minor son from Mohammad Basit Qureshi to Mohd. Basit Qureshi for all purposes.
0040724405-3

I declared myself Amatulaleem Amatulaleey nee Sangita Singh w/o-Mohammad Basit Ali m/o-Abdulazeem Abdulazeez and Abdulqahhaar Abdulquddoos r/o-48 AshokVihar KhurramNagar Lucknow 226022

खोया + पाया

रणजीत सिंह S/o श्री गामा सिंह निवासी C-48 कुर्मांचल नगर का 77–मानस विहार कुर्मांचल नगर इंद्रानगर का मूल विक्रय पत्र जो मानस गृह निर्माण समिति से मार्केण्डेय चतुर्वेदी ने खरीदा था वह खो गया है। रणजीत सिंह C-48 कुर्मांचल नगर इन्दिरानगर, लखनऊ मो. 8874613999

Original property-document i.e. sale deed of Upper-ground Back-Side Portion of Property-No.C-6 and C-7 Acharya-Niketan, Mayur-Vihar Phase-1, Delhi-110091, execut-ed by Sh.Mast Ram & Sh.Om Prakash Sharma Regn.No.494, dated-12-01-2011, has been lost. Finder contact: Bharti Chakraborty W/o, Subrato Chakraborty Mobile No.9654028197. 0040724478-5

Lost my original Agreement to Sell of my Plot No.56, Block-C, Rosewood City, Gurgaon, Haryana (in the name of M/s-Rajkumar Enterprises Pvt Ltd and M/s-Mankind Pharma Ltd). Finder may Contact-Saurabh Gupta at-49, Sector-15, Part-1, Gurgaon, Haryana-122001 0040724421-1

I,Sundeep Kumar Saharan S/o Late Shri Ramdhan Singh have lost my property paper,Original GPA(made by Ram Niwas) of,Khasra No.648,Shardhanand, Colony, Bhalswa Dairy, Delhi-110042. And Scooty RC No.DL14SD3428. If Found, Contact-9540057335
0040724475-10

I, Kamlesh Rao W/o Late Shri Yogender Rao, HNO.C-38, Naharpur Village, Delhi-110085. have lost My Original FRD IN Respect of Property No Plot no 529, Pkt. A-I, Sector.No 37, Rohini Delhi, wild file No F.16(26959)2012 RHN, Application No.122640 and Priority No.12025. Its which is not traceable.
0040724439-1

I, Anu Mahajan R/o 174, Plot No. 1, Sector 4, Dwarka, New Delhi-75 have lost my original documents of property 184-C, MIG Flats, Rajouri Garden, N.D.-27. Finder please contact 9354797845. 0040724446-1

I Shri Rajeev Singh S/o Shri Kiran Pal Singh R/o 304 SF, Omicron-1, Greater Noida Kasana, PO Kasana Distt Gautam Budh Nagar, UP-201310 has lost my Original Allotment Letter Dated 16.08.2010 vide Allotment No BHS124021 in respect of Flat No. 304SF, measuring 121 sq. mts. Block-18 Sector-Omicron-1 Greater Noida UP. Finder may contact on 9350121515. 0040724405-5

I, Renu Sahney W/o Late Usha Rani Jagota, Have Lost Original Property Documents Chain i.e GPA, Agreement to Sell, Possession Letter etc, Property No:WZ-108, Plot No.G/B/4, Harinagar, New Delhi.Finder Contact.9810510661
0070899153-1

PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large on behalf of my clients Mr. Abhishek Jain & Mr. Arvind Kumar Goel are the joint owners of Residential Property Bearing No. 21, in Block No. K, area measuring 332 Sq. Yds., Situated at Jangpura Extension, New, Delhi by virtue of Sale Deed dated 06.10.2023 executed by Mrs. Waryam Kaur Juneja, Mr. Inder Mohan Juneja, Mrs. Jasminder Kaur Juneja, Mr. Gurmeet Singh Juneja & Mr. Ravinder Singh who were the owners through Mutation Letter dated 29.08.2012 issued by Land & Development Office (L&DO) read with Conveyance Deed dated 05.05.2004 and Deed of Declaration dated 23.06.2023. That Original Deed of Declaration dated 23.06.2023 executed between Mr. Gurpreet Singh Juneja & Mrs. Geeta Chadha in vide Doc. No. 1155 is lost. Online F.I.R. for lost document has been lodged ON 17.04.2024, SO No: 430 / 2014 Delhi Police vide LR No: 1649842/2024. Hence, I hereby inform public at large that if anyone finds the same, please submit the same to our above said address. Any person(s)/institutions having any claim in the said property may inform us at the above mentioned address within 10 days of the issue of this notice. Post that my client shall not be liable to entertain any claim(s).

Mohd K. Hussain (Advocate)
4E/9, 2nd Fl, Jhandewalan Extn., N. D. - 55
Mob. 8810391672, P. No.-011-35668622

PUBLIC NOTICE

PUBLIC AT LARGE IS HEREBY INFORMED BY WAY OF THIS NOTICE THAT MY CLIENT SH. PARVEEN CHAUHAN S/O LATE SH. MAHAVIR SINGH AND HIS FAMILY R/O A-3, PHASE-2, ASHOK VIHAR, NEW DELHI -110052, HAVE SEVERED ALL THEIR SOCIAL RELATIONSHIP FROM HIS SON NAMELY MR. RAHUL CHAUHAN AND DISOWNED HIM FROM THEIR MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTY DUE TO HIS HOSTILE ATTITUDE IN THE FAMILY. THEREFORE, AS MY CLIENTS SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF THEIR ACTS DONE IN PAST, PRESENT OR FUTURE.

AASHU PALI (ADVOCATE)
Lawyer's Chamber No-376, Block -II
DELHI HIGH COURT, NEW Delhi-110003

PUBLIC NOTICE

I, Sakshi D/o Shri Birendra Kumar Singh Aged about 22 years R/o 204-B, DDA Flats, Gazipur, Delhi-110096, have changed my name from Sakshi to Sakshi Kumari for all future purposes.

PUBLIC NOTICE

I, Jeevan Kumar Mittal son of Lal Chand Mittal r/o SF, 34-B, D Block, Moti Nagar, Delhi 110015 declare that name of mine, my deceased mother been wrongly written as J K Mittal, Jeenam Kumar, Jeenan Kumar, Jeenan Kumar Mittal, Jeevan, Jeevan Kr Mittal, Jeevan Kumar, Jeevan Kumar Gupta, Jeevan Rani, Jeewan Kumar, Jeewan Kumar Mittal and Radha Rani respectively in share certificates of various companies. The actual name of mine and my mother is Jeevan Kumar Mittal and Radha Rani Mittal respectively.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that **I, SURBHI AGARWAL D/O SH. PAWAN KUMAR GUPTA EX. WIFE OF SH. AMIT AGARWAL R/O B-3/32, PHASE-2, ASHOK VIHAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110052** declare that I got divorced from my husband **SH. AMIT AGARWAL** vide Court Decree HMA No. **1467/18** dated **31.07.2018.** Further I have changed the name of my minor daughter namely **VARNIKA AGARWAL** aged 14 years and she shall hereafter be known as **VARNIEKA AGARWAAL** in future for all purposes.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that **I, SURBHI AGARWAL D/O SH. PAWAN KUMAR GUPTA EX. WIFE OF SH. AMIT AGARWAL R/O B-3/32, PHASE-2, ASHOK VIHAR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110052** declare that I got divorced from my husband SH. **AMIT AGARWAL** vide Court Decree HMA No. 1467/18 dated 31.07.2018. Further I have changed my name and shall hereafter be known as **SURBHIE GUPTAE.**

PUBLIC NOTICE

"My client Umed Singh S/o Sh. Kartar Singh R/o 8, Humayun Pur, Safdarjung Enclave, Delhi-110029 have severed all relations with his son Pradeep Kumar and his wife Sneha D/o Sh. Raju on account of their unwarranted act of not giving proper regard to my client and becoming disobedient my client has severed all relations from their son and his wife and debarred from the movable and immovable properties. If anybody deals with them, shall do so at his/her own risk and my client shall not be responsible in any manner whatsoever".

Sd/-
Saleem Malik (Advocate)
Ch No. T-55, Tehsil Lane
Tis Hazari Courts Delhi-54

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my clients Chunni Lal and his wife Rekha Devi Both R/o H. No. 307, Street No.2, Than Singh Nagar, Anand Parvat, Karol Bagh Central Delhi, Delhi-110055 have severed all legal/social relations with their son Navin Kumar and his wife Sarita and disowned them from their all movable and immovable properties as they become quarrelsome and disrespectful to my clients. My clients shall not be responsible for their acts.

Anshul Gupta (Advocate)
Ch. No.513, Rohini Courts, New Delhi

PUBLIC NOTICE

My client namely Mr. Nand Kishor Verma S/o Late Sh. Indermal R/o House No. 1342, Pocket C, Madanpur Khadar, J.J. Colony, Amar Nath Sweet Corner, Delhi-110076, that he has disowned his son namely Dayanand Verma, his wife namely Laxmi Verma and their progeny from inheriting his all type of movable and immovable properties. That my client has broken all the relations physically, mentally, socially, and legally from the above said persons and shall have no concern with his son namely Dayanand Verma along with his wife namely Laxmi Verma, and progeny in any manner whatsoever and he/she will be doing so on his/her own risk.

K.K. Sharma (Advocate)
Ch. No. 384, Patiala House Court, New Delhi-1

PUBLIC NOTICE

Be It Known that my client Smt Angrejo W/o Late Sh Ram Pal R/o House No. 345, MCD Colony, North West, Badli, North West Delhi, Delhi-110042 have disowned and severed all her relation with her son namely Mr SUSHIL and his wife Mrs SHYAM and debarred them from her movable and immovable properties/assets during her life time and after death. Anybody dealing with them in civil and criminal matter shall be doing at his/her/their Own risk, Cost and responsibility.

Sd/-
KUM. CHANCHAL (Advocate)
Enrl No. : D/1061/2021

DISOWNMENT NOTICE

Be it known to all that my client Sd. Gurdeep Singh (Aadhar No. 2641 6931 9316) S/o Sd. Karam Singh R/o Old No. - 75, New No.- 210A Front Side, Second Floor, Kh. No. 182/150, Prakash Mohalla, East of Kailash, South Delhi, Delhi 110065 has severed all relations with his son namely Sd. Kulwant Singh S/o Sd. Gurdeep Singh R/o Old No. - 75, New No. - 210A Front Side, Second Floor, Kh. No. 182/150, Prakash Mohalla, East of Kailash, South Delhi, Delhi 110065 and has disowned his son from all his movable and immovable properties, owing to physical abuse, rude, indifferent and unruly behaviour, whosoever deals with him in any matter whatsoever shall do so at his/her risk and consequences.

Sd/-
Pranav Gupta (Advocate)
Enrl No.: D/2117/2018
412, Lawyer's Chamber Block-1,
Delhi High Court, New Delhi- 110003

PUBLIC NOTICE

This is to inform the general public that my clients Shri Banshi Lal Arora S/o Late Shri Suraj Bhan Resident of 1041GH 5 & 7, Paschim Vihar, Near Sayed Goan, New Delhi, has severed all their relations from his son namely Rajesh Arora and daughter-in-law namely Smt. Mona Arora r/o 1214, GH 5 & 7, Paschim Vihar, Near Sayed Goan, New Delhi due to their misdeed, misconduct and antisocial activities and behaviour. My client has debarred/disowned them from all their movable and immovable properties and withdrawl all his relation with them. My clients will not be responsible for any act and omission of their above named son & daughter-in-law, whoever deals with them shall do so at his/her responsibility and risk.

Rajpal Singh Gulia (Advocate)
Enrol . D/540/01
Ch. No-434, Dwarka Court,
Sec.-10 Dwarka, New Delhi

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है की मेरे मुवक्किल **श्रीमान लखन सिंह उनेजा** पुत्र श्री नेकी प्रसाद उनेजा और **श्री मति मीना देवी** पत्नी श्री लखन सिंह उनेजा निवासीगण मकान नं० बी–000, फ्लैट–एफ ई ब्लाक ए एल हाउसिंग सोसाइटी, करीब राम आवास कालोनी फेस –2, नजफगढ़ साउथ वेस्ट दिल्ली–110043, ने अपने पुत्र **टीनू** और उसकी पत्नी **दीपाली** को उनके द्वारा किए गये दुर्व्यवहार और दुर्व्यवहार के कारण अपनी सभी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए हैं और आज के बाद टीनू और उसकी पत्नी दीपाली का मेरे मुवक्किलों के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होगा तथा टीनू और उसकी पत्नी दीपाली पर हुए लेन देन, पुलिस केस, मुकदमेबाजी आदि की जवाब देही मेरे मुवक्किलों की नहीं होगी तथा इसके लिये वहिक्ष से वह स्वयं से जिम्मेदार होंगे। **मनोज कुमार** (अधिवक्ता) पी.एन.टी –1ई, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली–110041.

PUBLIC NOTICE

Public in general be informed that my client Sh. Krishan Chand S/o Sh. Gyani Ram Sharma R/o Flat A-13, Sector-06, Shree Balaji Apartment, Dwarka, New Delhi has severed all his relations with his Daughter Komal Rani with immediate effect due to her irresponsible and obnoxious behavior with my client and debarred from his all movable and immovable properties. My client shall not be responsible for any act or omission of said person, if any person dealing with her shall do so at his/her own risk and responsibility.

RAMBILASH SHARMA (ADVOCATE)
SHOP NO. 88, KHANNA MARKET,
OPP. ST. STEPHEN HOSPITAL NEAR TIS HAZARI COURTS, DELHI -110054

PUBLIC NOTICE

This is to bring to the notice of General Public that Original Relinquishment deed dated 17.08.2021 executed by Mrs Harpal Kaur in favour of Jaskirat Singh in respect of Property no HL-1 and HL2, situated in L Block, Hari Nagar, Jail Road New Delhi, registered as document no document no 16134 on 17.08.2021 has been lost.

In case the same is found, it may be returned

खबर कोना

कार चालक ने मारी मोटरसाइकिल व स्कूटी में टक्कर, पांच लोग घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

साकेत थाना क्षेत्र स्थित पुष्प विहार इलाके में बुधवार दोपहर करीब 1:00 बजे एक कार चालक ने स्कूटी और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। उसके बाद कार सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान कार सवार फशान (25), सिराज (28) व बाबू राजा (35), मोटरसाइकिल सवार करण (22) के तौर पर की गई है। वहीं, स्कूटी पर 40 साल की एक महिला सवार थी। पुलिस ने बताया कि स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ था।

कर्तव्य पथ पर मोटरसाइकिल से उत्पात मचाने वाले 28 आरोपी किए गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

कर्तव्य पथ पर मंगलवार देर रात दो पहिया वाहन (मोटरसाइकिल व स्कूटी) सवार लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोपियों ने यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई। पुलिस लोगों के हुड़दंग करने की जानकारी देर रात करीब 3:30 बजे मिली थी। सूचना मिलने पर संसद मार्ग थाना पुलिस ने उत्पात मचा रहे 28 लोगों को गिरफ्तार किया है और 28 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपी करतबबाजी भी कर रहे थे।

दिल्ली में इमारत से छलांग लगाकर युवती ने आत्महत्या की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

उत्तर पश्चिम दिल्ली में 29 वर्षीय एक युवती ने इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, युवती पेइंग गेस्ट (पीजी) में रहती थी। वह मेरठ की रहने वाली थी और पिछले 10 वर्ष से दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न करीब तीन बजकर 20 मिनट पर महिला के इमारत से कूदने की जानकारी प्राप्त हुई थी।

पत्नी और साले की पेचकस से ताबड़तोड़ वार कर हत्या

शकरपुर थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी ने कुछ घंटे बाद ही कर दिया आत्मसमर्पण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

शकरपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पत्नी और साले की पेचकस से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात की जानकारी बुधवार सुबह करीब 10:11 बजे पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को कमलेश होलकर (30) और राम प्रताप सिंह (17) खून से लथपथ हालत में मिले थे, जिन्हें पुलिस पास के अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है।

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वारदात के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया था। हालांकि, कुछ ही घंटे बाद आरोपी ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसकी पहचान श्रेयांश कुमार (33) के रूप में हुई है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लगातार अपना बयान बदल रहा है। इस कारण हत्या के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। कमलेश के मायके वालों से पूछताछ की जाएगी, जिसके बाद ही घटना के पीछे के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया है।

उपायुक्त ने बताया कि पुलिस को बुधवार सुबह करीब 10:11 बजे घर में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि गली नंबर-3 के डब्ल्यूबी-97 ए में लड़ाई हुई है और कई लोग घायल हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि घर के अंदर एक महिला और किशोर खून से लथपथ पड़े हैं। पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल गई, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जांच में पुलिस को पता चला कि कमलेश साहिबाबाद के एक स्कूल में शिक्षिका थीं और उनका भाई राम प्रताप सिंह 12वीं कक्षा का छात्र थे। राम प्रताप मथुरा का रहने वाले थे। राम प्रताप के भांजे के जन्मदिन में शामिल होने के लिए आए थे।

घटना के वक्त टहलने गए थे आरोपी के पिता

घटना के वक्त आरोपी के पिता सुबह के वक्त टहलने के लिए गए हुए थे। वे जब घर पहुंचे तो दरवाजा खुला था और उनका दो साल का पोत्र (श्रेयांश का बेटा) बिस्तर पर था। श्रेयांश की पत्नी और उसके साला खून से लथपथ पड़े थे। घर में ये मंजर देख वो चीख पड़े। उसके बाद उन्होंने वारदात की जानकारी आसपास के लोगों को दी, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही दंपति के बीच में अनबन चल रहा था और अक्सर झगड़ा होता रहता था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा

प्रेमिका 'विफल प्रेमी' को आत्महत्या के लिए उकसाने की जिम्मेदार नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष 'प्रेम में विफलता' के कारण जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। अदालत ने कहा कि 'कमजोर और दुर्बल मानसिकता' वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को खुदकुशी के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए की। 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों पर मामला दर्ज किया गया था। मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी दोनों का मित्र था। आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। कमरे से 'सुसाइड नोट' भी मिला था, जिसमें मृतक ने लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण खुदकुशी कर रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने अपने 'सुसाइड नोट' में याचिकाकर्ताओं के नामों का उल्लेख किया था, लेकिन उसकी (अदालत की) राय है कि उस 'नोट' में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आरोपियों की ओर से कही गई बातें खतरनाक प्रकृति की थीं कि 'सामान्य व्यक्ति' को खुदकुशी करने के लिए मजबूर कर दें।

बवाना नहर में डूबने से तीन बच्चों की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

केएन काटजू मार्ग थाना क्षेत्र में बवाना नहर में बुधवार को नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के अलावा बोट क्लब के गोताखोर मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को नहर से बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक देर हो चुकी थी। हादसे में तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। मृतक बच्चों की पहचान भलस्वा डेयरी निवासी अंकित (15), विहान (14) और अयान (13) के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि तीनों के शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है।

> *गर्मी* की वजह से तीनों नहर में नहाने गए थे, तभी पानी के तेज बहाव में बच्चे डूब गए। बच्चों को डूबता देख घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

जानकारी के मुताबिक गर्मी होने की वजह से तीन बच्चे बवाना नहर में नहाने के लिए गए थे, तभी पानी के तेज बहाव में बच्चे डूब गए। बच्चों को डूबता देख घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। इसके बाद इसकी जानकारी बोट क्लब को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे बोट क्लब के गोताखोरों ने बच्चों को बाहर निकाला। पर तब तक काफी देर हो चुकी थी। हादसे में बच्चों की मौत हो चुकी थी। तीन बच्चों की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आम आदमी पार्टी ने 'आप का रामराज्य' वेबसाइट शुरू की

संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी व सौरभ भारद्वाज।

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले रामनवमी के दिन आम आदमी पार्टी (आप) ने 'रामराज्य' की अवधारणा को जाहिर करने के उद्देश्य से बुधवार को 'आप का रामराज्य' वेबसाइट की शुरूआत की।

पार्टी मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि यह वेबसाइट 'आप' की 'रामराज्य' की अवधारणा को प्रदर्शित करने के साथ-साथ केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए कामकाज की भी जानकारी देगी। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है कि रामनवमी के मौके पर केजरीवाल अपने लोगों के बीच में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री को झूठे गवाहों के बयानों के आधार पर निराधार मामले में जेल भेजा गया है। सिंह ने कहा कि केजरीवाल की 'रामराज्य' की अवधारणा में कोई बड़ा या छोटा नहीं है और इसमें सभी के हित में काम किया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रामनवमी पर लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के अभियान के तहत इस वेबसाइट की शुरुआत की गई है। उन्होंने दावा किया कि दुनिया केजरीवाल और आप सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों से सीख रही है।

भाजपा के बाद 'रामराज्य' की अवधारणा को लेकर आप भी उतरी चुनावी समर में

महेश केजरीवाल
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

भाजपा के बाद 'रामराज्य' की अवधारणा को लेकर आम आदमी पार्टी भी चुनावी समर में उतर गई है। रामराज्य की परिकल्पनाओं को पूरा करने के लिए पार्टी दस सिद्धांतों पर काम भी कर रही है। तीन साल पहले विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने 11 मिनट के भाषण में कहा था कि हमारी सरकार रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर काम रही है।

इस साल के शुरुआत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परिवार के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए थे। पार्टी का कहना है कि 'रामराज्य' की परिकल्पना का साकार करने के लिए पिछले तीन साल से अधिक समय से सक्रिय काम कर रही है। आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी कोई भी काम खास वर्ग और व्यक्ति विशेष के लिए नहीं करती है। उन्होंने कहा कि 'रामराज्य' की अवधारणा को साकार करने के लिए पिछले दस साल में दिल्ली में अच्छे स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त पानी और बिजली तथा महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी गई है। 10 मार्च 2021 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि श्रीराम हम सबके आराध्य हैं। वो अयोध्या के राजा थे, उनके शासनकाल में सब अच्छा था। रामराज्य एक अवधारणा है। केजरीवाल ने विधानसभा में बताया कि सरकार ने किन दस अवधारणा को लेकर दिल्ली में काम कर रही है। दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में किए जा रहे दस प्रमुख कामों में दिल्ली में कोई भूखा न रहे इसके लिए अलग-अलग योजनाएं बना रही है।

दिल्ली में आज तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (संवाददाता)।

दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है।

मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार को भी दिन में तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है, साथ ही हल्की बारिश की संभावना है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा- राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

6117, कुतुब रोड कॉर्नर, सदर बाजार, दिल्ली-110006

नियम - 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, 6117, कुतुब रोड कॉर्नर, सदर बाजार, दिल्ली-110006 के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (द्वितीय) अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **01-02-2024** जारी की थी, जिसमें कर्जदार श्रीमती अलका अग्रवाल एवं श्री आशुतोष अग्रवाल से सूचना में वर्णित बकाया राशि **रू. 22,91,781.58/- (रूपए बाईस लाख इक्यानवे हजार सात सौ इक्यासी तथा पैसे अठ्ठावन मात्र)** का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 16-04-2024 को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बकाया राशि रू. 22,91,781.58/- तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 596 के अंश के रूप में भूमि परिमाप 60.22 वर्ग मीटर पर निर्मित प्रथम तल एवं द्वितीय तल, जो सम्पत्ति नगर निगम सं. 594 से 601 का भाग है तथा शिवाजी रोड, आजाद मार्किट, निकट माता मंदिर, दिल्ली-110006 में स्थित है।

चौहद्दी-
उत्तर : रोड | दक्षिण : अन्य सम्पत्ति
पूरब : अन्य सम्पत्ति | पश्चिम : रोड

दिनांक : 16-04-2024
स्थान : दिल्ली
वास्ते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्राधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

बैंक ऑफ महाराष्ट्र : गर्ग ट्रेड सेंटर कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 11, रोहिणी, दिल्ली-110085, दूरभाष : 011-27572346
ईमेल : brmgr1238@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-411005

अप्रदायकृत (अंडिलीवर्ड) मांग सूचना

शाखा नाम	ऋणकर्ता का नाम एवं पता	प्रतिभूति के विवरण	मांग सूचना की तिथि
यमुना विहार शाखा	1. मैसर्स किरण एंटरप्राइजेज स्वामिनी: सुश्री किरण सिंह, बी-4/43, यमुना विहार, दिल्ली 2. सुश्री किरण सिंह मकान नं. डी-64, गली नंबर 1, सचदेवा मैरिज होम, भजनपुरा, दिल्ली - 110053 3. श्री विजय पाल सिंह (गारंटर) मकान नं. डी-64, गली नंबर 1, सचदेवा मैरिज होम, भजनपुरा, दिल्ली - 110053	सं. 43 धारक संपत्ति का साम्यिक बंधक जो ब्लॉक बी-4, यमुना विहार, दिल्ली - 110053 में स्थित है।	26.03.2024 पंजी./स्पीड पोस्ट द्वारा मांग सूचना के प्रेषण की तिथि 28.03.2024 मांग सूचना के अनुसार कुल देय राशि कुल योग : रु. 21,39,066.86/- (रुपये इक्कीस लाख उनतालिस हजार छियासठ एवं छियासी पैसे मात्र) + 26-03-2024 से प्रभावी संविदागत दर (उपरोक्तानुसार) पर अप्रयुक्त ब्याज + एनपीए की तिथि अर्थात् 28-02-2024 से लागत, शुल्क एवं वहनकृत व्यय

हम ने, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत स्पीड पोस्ट/पंजी. डाक द्वारा विस्तृत मांग सूचना आपको पहले ही निर्गत कर दी है, जो अप्रदायकृत/अस्वीकृत रूप में वापस आ गई है। आप, अधोहस्ताक्षरकर्ता तथा / अथवा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यमुना विहार शाखा से आपको संबोधित मूल सूचना / लिफाफा प्राप्त कर सकते हैं और आगे आपको सलाह दी जाती है कि सरफॉएसि अधिनियम 2002 के अंतर्गत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए उपरोक्तानुसार संदर्भित सूचना की तिथि से 60 दिवसों के अंदर उपरोक्त उल्लिखित कुल बकाया राशि का, ब्याज एवं लागत इत्यादि के साथ भुगतान कर दें। कृपया ध्यान दें कि सरफॉएसि अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अनुसार हमारी आगे की कार्रवाई, बैंक की कुल बकाया राशियों के प्रतिभुगतान होने तक निरंतर होती रहेगी।

दिनांक : 17-04-2024
स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

बैंक ऑफ महाराष्ट्र : गर्ग ट्रेड सेंटर कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 11, रोहिणी, दिल्ली-110085, दूरभाष : 011-27572346
ईमेल : brmgr1238@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-411005

अप्रदायकृत (अंडिलीवर्ड) मांग सूचना

शाखा नाम	ऋणकर्ता का नाम एवं पता	प्रतिभूति के विवरण	मांग सूचना की तिथि
लॉरेंस रोड, दिल्ली शाखा	1. श्री प्रतीक गोयल पुत्र नरेश गोयल (उधारकर्ता) पता : डब्ल्यूजेड-786, प्रथम तल, वेस्टर्न साइड, प्लॉट नंबर 2, खसरा नंबर 369, 370 में से, ऋषि नगर, रानी बाग, शकूर बस्ती, दिल्ली-110034 में स्थित। 2. श्रीमती अंजू गोयल पत्नी नरेश गोयल (सह-उधारकर्ता) पता : डब्ल्यूजेड-786, प्रथम तल, वेस्टर्न साइड, प्लॉट नंबर 2, खसरा नंबर 369, 370 में से, ऋषि नगर, रानी बाग, शकूर बस्ती, दिल्ली-110034 में स्थित।	सं. डब्ल्यूजेड-786 धारक संपत्ति का साम्यिक बंधक जो प्रथम तल पर छताधिकार के बिना, वेस्टर्न साइड, ऋषि नगर, रानी बाग, दिल्ली - 110034 में स्थित, क्षेत्राधिमापन 64 वर्ग गज।	10.04.2024 पंजी./स्पीड पोस्ट द्वारा मांग सूचना के प्रेषण की तिथि 12.04.2024 मांग सूचना के अनुसार कुल देय राशि रु. 20,89,186/- (रुपये बीस लाख उन्यासी हजार एक सौ छियासी मात्र) + 09-04-2024 से प्रभावी 8.60% वार्षिक की दर पर अप्रयुक्त ब्याज + एनपीए की तिथि अर्थात् 04-04-2024 से लागत, शुल्क एवं वहनकृत व्यय

हम ने, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत स्पीड पोस्ट/पंजी. डाक द्वारा विस्तृत मांग सूचना आपको पहले ही निर्गत कर दी है, जो अप्रदायकृत/अस्वीकृत रूप में वापस आ गई है। आप, अधोहस्ताक्षरकर्ता तथा / अथवा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, **लॉरेंस रोड, दिल्ली शाखा** से आपको संबोधित मूल सूचना / लिफाफा प्राप्त कर सकते हैं और आगे आपको सलाह दी जाती है कि सरफॉएसि अधिनियम 2002 के अंतर्गत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए उपरोक्तानुसार संदर्भित सूचना की तिथि से 60 दिवसों के अंदर उपरोक्त उल्लिखित कुल बकाया राशि का, ब्याज एवं लागत इत्यादि के साथ भुगतान कर दें। कृपया ध्यान दें कि सरफॉएसि अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अनुसार हमारी आगे की कार्रवाई, बैंक की कुल बकाया राशियों के प्रतिभुगतान होने तक निरंतर होती रहेगी।

दिनांक : 17-04-2024
स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
...the name you can BANK upon!

शाखा कार्यालय : कृष्णा नगर, पूर्वी दिल्ली, एफ2/23-24 विजय चौक के पास कृष्णा नगर, दिल्ली-110051
ईमेल : bo0646@pnb.co.in, फोन नंबर :- 011-49987368

अनुलग्नक-1 (संशोधित एसआई-4)
उधारकर्ता के लिये 60 दिवसीयसूचना

दिनांक : 01.02.2024

श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी, केएचए-145, नंदा कॉलोनी राम पार्क विस्तार, गांव-लोनी हरमपुर, जिला-गाजियाबाद यूपी-201102, 9555130400, 9999953737
श्रीमती नीता पत्नी रूपेंद्र खारी, केएचए-145, नंदा कॉलोनी राम पार्क विस्तार, ग्राम-लोनी हरमपुर, जिला-गाजियाबाद, यूपी-201102, 9555130400, 9999953737
श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी, एन-16 सीनियर सिटीजन अपार्टमेंट्स पीआई-11, ग्रेटर नोएडा-201310, 9555130400, 9999953737
श्रीमती नीता पत्नी रूपेंद्र खारी, एन-16 सीनियर सिटीजन अपार्टमेंट्स पीआई-11, ग्रेटर नोएडा-201310, 9555130400, 9999953737
श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी, प्लॉट नंबर 27 पॉकेट ए, आबादी 5 प्लॉट, गांव कासना ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201310, यूपी, 9555130400, 9999953737
श्रीमती नीता पत्नी रूपेंद्र खारी, प्लॉट नंबर 27 पॉकेट ए, आबादी 5 प्लॉट गांव कासना, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201310 यूपी, 9555130400, 9999953737
श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी, 227, गांव घोंडली, कृष्णा नगर, दिल्ली 110051, 9555130400, 9999953737
श्रीमती नीता पत्नी रूपेंद्र खारी, 1. 227, ग्राम घोंडली, कृष्णा नगर, दिल्ली 110051, 9555130400, 9999953737

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना
विषय : खाता संख्या 16206011000072 / श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाएं।
आप, **श्री रूपेंद्र खारी पुत्र राजेंद्र खारी और श्रीमती नीता पत्नी रूपेंद्र खारी** ने निम्नलिखित क्रेडिट सुविधायें प्राप्त की हैं :

क्र. सं.	सुविधा	सीमा	ब्याज की दर	एनपीए की तिथि के अनुसार शेष बकाया (अर्थात् मूलधन + ब्याज)	ब्याज (एनपीए के 30.01.2024 से प्रभावी होकर 01.02.2024 सूचना की तिथि तक)	सूचना निर्गतन की तिथि के अनुसार कुल बकाया
1.	सावधि ऋण (आवासन)	69,95,000.00	9.55%	रु. 69,87,516.62	रु. 56,674/-	रु. 70,44,190.62

किस्त/ब्याज/मूल ऋण का भुगतान न करने के कारण, खाते/खातों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने पत्र दिनांक 21.12.2023 के माध्यम से उपरोक्त सुविधाओं के तहत देय ब्याज और अन्य शुल्कों सहित संपूर्ण बकाया की मांग/वापसी की है। दिनांक 01.02.2024 को बैंक को देय राशि रु. 70,44,190.62 (रुपये सत्तर लाख चौवालीस हजार एक सौ नब्बे और बासठ पैसे मात्र), पूर्ण भुगतान तक अतिरिक्त ब्याज के साथ (इसके बाद इसे "सुरक्षित ऋण" कहा जाएगा) है। उपर्युक्त सुविधाओं के तहत बकाया सुरक्षित करने के लिए, आपने अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित संपत्तियों / परिसंपत्तियों के संबंध में प्रतिभूति हित सृजित किया है :

क्र.सं.	सुविधा	प्रतिभूति
1.	सावधि ऋण आवासन	प्लॉट नंबर 27 का साम्यिक बंधक, क्षेत्रफल-290 वर्ग मीटर, पॉकेट ए 5%/6% आबादी प्लॉट्स ग्राम / सेक्टर कासना ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश।

हम, एतद्द्वारा आपसे इस सूचना की तिथि से 60 दिनों (सात दिनों) के भीतर पूरा भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ रु. 70,44,190.62 (रुपये सत्तर लाख चौवालीस हजार एक सौ नब्बे और बासठ पैसे मात्र) की राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। डिफॉल्ट होने पर, कानून के तहत उपलब्धानुसार बैंक के अन्य अधिकारों का प्रयोग करने के अलावा, बैंक वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (इसके बाद इसे "अधिनियम" कहा गया है) 2002 की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गई किसी भी या सभी शक्तियों का प्रयोग करने का इरादा रखता है। आपके द्वारा प्रतिभूत ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में बैंक द्वारा प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूत परिसंपत्ति/यों का विवरण इस प्रकार है :

प्लॉट नंबर 27 का साम्यिक बंधक, क्षेत्रफल-290 वर्ग मीटर, पॉकेट ए 5%/6% आबादी प्लॉट्स ग्राम / सेक्टर कासना ग्रेटर नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश

एतद्द्वारा आपका ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों को ऋणमुक्त करने के लिये आपके पास उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में, आप इस सूचना की प्राप्ति के बाद, बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित किसी भी प्रतिभूत परिसंपत्ति का बिक्री, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा (व्यवसाय के सामान्य अनुक्रम के अतिरिक्त) हस्तांतरण नहीं करेंगे। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम के अंतर्गत उपलब्धानुसार इस वैधानिक निषेधाज्ञा / प्रतिबंध का कोई भी उल्लंघन एक अपराध है।

यदि किसी भी कारण से, प्रतिभूत परिसंपत्तियां व्यवसाय के सामान्य अनुक्रम के अंतर्गत बेची या पट्टे पर दी जाती हैं, तो बिक्री आय या प्राप्त आय बैंक में जमा / प्रेषित / की जाएगी / भेजी जायेगी। आपको ऐसी प्राप्ति / आय का उचित हिसाब देना होगा। *हम अन्य प्रतिभूत परिसंपत्तियों को प्रवर्तित करने के अपने अधिकार सुरक्षित रखते हैं। कृपया इस सूचना के अंतर्गत निर्गत इस मांग का अनुपालन करें और सभी अप्रिय्ताओं से बचें। अनुपालन न करने की स्थिति में, आपको सभी लागतों एवं परिणामों के लिये उत्तरदायी ठहराते हुये आगे की आवश्यक कार्रवाई का सहारा लिया जायेगा। *यह सूचना, जैसा भी प्रकरण हो, डीआरटी / न्यायालय के समक्ष कानूनी कार्रवाई करने वाले बैंक पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निर्गत की जाती है।
*यह सूचना डीआरटी / न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे / मुकदमा में बैंक के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निर्गत की जाती है। *यदि लागू न हो तो हटा दें।

कृते पंजाब नैशनल बैंक,
प्राधिकृत अधिकारी

www.readwhere.com

खबर कोना

नोएडा ने मनाया अपना 49वां स्थापना दिवस

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अप्रैल।

नोएडा का स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। 17 अप्रैल 1976 को नोएडा की स्थापना की गई। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगे होने की वजह से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने नोएडा के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक खंड के कार्यालय में हवन-पूजन किया। इसके बाद मिठाई बांटकर स्थापना दिवस मनाया। गौरतलब है कि पिछले 48 वर्षों में ऐसा दूसरी बार है, जब नोएडा के स्थापना दिवस पर बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। इससे पहले कोरोना काल के दौरान स्थापना दिवस पर कोई कार्यक्रम नहीं हुए थे। अधिकारियों ने मतदान करने की शपथ ली। नोएडा वासियों से अपील की कि वे भी 26 अप्रैल को घर से बाहर निकले और मतदान करे। हवन के दौरान प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री के साथ प्राधिकरण के ओएसडी और डीजीएम और सर्किल अधिकारी मौजूद रहे।

मरम्मत के कारण उपरिगामी मार्ग वाहनों के लिए हुआ बंद, जाम से जूझे लोग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अप्रैल।

शहर के एकमात्र उपरिगामी मार्ग पर एनटीपीसी सेक्टर-24 से लेकर सेक्टर 60 के बीच के हिस्से की मरम्मत के चलते बुधवार से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। बुधवार सुबह से आवागमन प्रतिबंध होने की वजह से सुबह और शाम को भारी जाम से वाहन चालकों को जूझना पड़ा। अब मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ही इसे वाहनों के लिए दोबारा खोला जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि सेक्टर - 18 से सेक्टर -60 के बीच बनी करीब पांच किलोमीटर लंबे उपरिगामी (एलिवेटेड) मार्ग पर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। पहले चरण में सेटर-18 से एनटीपीसी के बीच के हिस्से की मरम्मत का काम चल रहा था। यह काम पूरा हो गया है।

बिजली चोरी के मामले में अस्पताल पर लगा 35 लाख रुपए का जुर्माना

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 17 अप्रैल।

शहर की विद्युत वितरण करने वाली नोएडा पावर कंपनी (एनपीसीएल) के सतर्कता विभाग ने कुलेसरा गांव स्थित बाबा मोहन लाल अस्पताल में बिजली चोरी का पर्दाफाश किया। यहां 95 किलोवाट की बिजली चोरी हो रही थी। अस्पताल पर 35 लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ रपट दर्ज की गई है। यहां कनेक्शन होने के बाद भी बिजली चोरी की जा रही थी। एनपीसीएल के मुताबिक जिस परिसर में अस्पताल है, वहां विदुषी लखनपाल और कपिल भाटी के नाम से बिजली का कनेक्शन है। एनपीसीएल के महाप्रबंधक (आपरेशन) एसएन गांगुली ने बताया कि कुलेसरा गांव के निजी अस्पताल में 95 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई है। आरोपियों पर 35 लाख रुपए का जुर्माना लगाकर मामला दर्ज कराया गया है।

मदरसों के स्वरूप में बदलाव की कोई भी पहल स्वीकार्य नहीं : मदनी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम) के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने 'मदरसों के स्वरूप में बदलाव की किसी भी पहल' को अस्वीकार्य बताते हुए धार्मिक शिक्षा केंद्रों के लिए स्वतंत्र शिक्षा बोर्ड की स्थापना पर जोर दिया। नई दिल्ली में संगठन द्वारा आयोजित ह्यमदरसा संरक्षण सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राज्यसभा के पूर्व सदस्य मौलाना मदनी ने आरोप लगाया कि हमारी संस्थाओं को बंद करने या उनका स्वरूप बदलने के लिए पूरी ताकत लगाई जा रही है, लेकिन हम ऐसी कोई व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे हमारी धार्मिक शिक्षा प्रभावित न हो और समकालीन शिक्षा की आवश्यकताएं भी पूरी हों।

गौतमबुद्ध नगर सीट से भाजपा उम्मीदवार के बयान पर बवाल

चुनाव प्रचार के दौरान विवादित टिप्पणी का वीडियो हुआ प्रसारित

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अप्रैल।

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही प्रचार में सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं और नेताओं की भाषा भी तल्ख होने लगी है। सोशल मीडिया में ऐसे कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें से एक वीडियो में गौतमबुद्ध नगर के भाजपा उम्मीदवार महेश शर्मा बुलंदशहर की सभा में कथित तौर पर अमर्यादित टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार कथित वीडियो में शर्मा कह रहे हैं कि जो मोदी और योगी को अपना नहीं समझता, वह अपने बाप को भी अपना नहीं समझेगा। अगर इनसे बढ़कर कोई अपना है और अपना कहने की बात कहता है तो वह देश का गद्दार है। वह देश और प्रदेश का भला नहीं चाहता है। इन्होंने जितना भला इस देश और प्रदेश का कर दिया है, उतना कोई नहीं कर सकता। मोदी और योगी पर आरोपी लगाने वालों से यह पूछा जाना चाहिए कि 20 साल से वे कहां थे। जिन्होंने क्षेत्र में 15 साल से चेहरा भी नहीं दिखाई दिया।

> *बुलंदशहर* में एक चुनावी जनसभा के दौरान अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप।
>
> *महेश* शर्मा के इस बयान पर तमाम लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई और चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की मांग की।

महेश शर्मा ने कहा कि पिछली बार साढ़े तीन लाख वोट से हम जीते थे, अबकी बार बड़े कीर्तिमान से जीतेंगे। महेश के भाषण के तुरंत बाद उनका ये वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रसारित हो गया और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया देने लगे। एक उपयोगकर्ता ने भाषण का वीडियो पोस्ट किया और चुनाव आयोग से पूछा कि क्या आम चुनाव से पहले इस तरह का बयान देने की अनुमति है।

एक अन्य उपयोक्ता ने एक्स पर कहा, बुलंदशहर के राजपूतों की नाराजगी पर भाजपा उम्मीदवार के तीखे बोल। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री और अपने मुख्यमंत्री का सम्मान करता हूं, लेकिन वे मेरे दिवंगत पिता की जगह नहीं ले सकते हैं। एक अन्य ने कहा, एक नागरिक के रूप में वे इस तरह के बयानों से बेहद निराश हैं। इस तरह के बयानों पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा

गलत दोष सिद्धि खराब, यह मुकदमे व कारावास से कहीं अधिक दर्दनाक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पोक्सो मामले में आरोपी व्यक्ति की दोषसिद्धि और पांच साल की सजा रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने जनवरी 2023 के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दोषी की अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश दलीलों और रेकार्ड में महत्वपूर्ण खामियां हैं तथा पीड़िता की गवाही में विश्वसनीयता का अभाव है। अदालत ने सोमवार को पारित आदेश में कहा - पीड़िता की गवाही भरोसे के लायक नहीं है, साथ ही अभियोजन के मामले में गंभीर खामियां हैं। अदालत के आदेश में कहा गया कि एक गलत दोषसिद्धि बहुत अधिक खराब होती है। एक बच्चे के साथ कथित यौन दुर्व्यवहार के झूठे आरोपों का सामना करने वाले आरोपी को जिस सामाजिक कलंक का दाग झेलना पड़ता है, वह मुकदमे और कारावास की कठोरता से कहीं अधिक दर्दनाक होता है।

बता दें यह मामला 2016 का है, जब पीड़िता (12) ने आरोप लगाया था कि चाची के भाई ने उसके घर में उसका यौन शोषण किया था। उच्च न्यायालय ने पाया कि मामले में पीड़िता अपने विवेक से अपीलकर्ता द्वारा किए गए कृत्यों के बारे में बार-बार अपना बयान बदल रही है। पीड़िता ने बिना किसी ठोस कारण के आंतरिक चिकित्सा जांच से भी इनकार कर दिया था। इसलिए अदालत ने आरोपी को बरी करते हुए उसकी रिहाई के आदेश दिए हैं।

मतदान करने के लिए वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र होंगे मान्य

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अप्रैल।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने के लिए मतदान के समय अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, लेकिन ऐसे मतदाता, जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक देना होगा।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआइ द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय केंद्र सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर-के मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

आस्था — नई दिल्ली में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर गौरी शंकर मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

हथियार के बल पर कारोबारी से लूट का मामला

महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

कृष्णा नगर थाना पुलिस ने हथियार के बल पर एक आभूषण कारोबारी को बंधक बनाकर डकैती डालने वाले एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सुनील मलिक उर्फ सोनू (35), गुड्डू उर्फ जानी (32) और बबीता (50) के रूप में हुई है। आरोपी सुनील मलिक पर आठ और गुड्डु पर चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये बदमाश अमित उर्फ भूरा गिरोह के सक्रिय सदस्य थे। इनकी निशानदेही पर एक पिस्तौल, कारतूस, मोटरसाइकिल, स्कूटी, मोबाइल, लूटे गए आभूषण और अन्य सामान बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

> *आरोपियों* ने 212 ग्राम सोने के गहने और 1200 ग्राम चांदी के आभूषण सहित1.5 लाख नकद और मोबाइल लूट लिया।

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि पिछले छह अप्रैल को कृष्णा नगर थाना पुलिस को एक आभूषण की दुकान में हथियार के बल पर डकैती होने की सूचना मिली। फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि वह और उसका कर्मचारी रात करीब 8:30 बजे दुकान में मौजूद थे। आरोपी जबरन उनकी दुकान में घुसे और हथियार के बल पर तिजोरी से लगभग 200 ग्राम सोने गहने और 1200 ग्राम चांदी के आभूषण लूटने लगे। इसी दौरान दुकान में मनोज नामक शख्स आया। बदमाशों ने उसे रस्सी से बांध दिया। इसके बाद 1.5 लाख कैश, मोबाइल और 12 ग्राम सोना लूट कर फरार हो गए।

सूचना पर पहुंपी पुलिस टीम ने दिल्ली-एनसीआर में 25 किलोमीटर तक लगे लगभग 2000 सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। उसके बाद पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

कैब चालक की हत्या में शामिल महिला समेत तीन आरोपी दबोचे

जनसत्ता संवाददात
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

15 अप्रैल की रात को एक कैब चालक की गोली मार कर हत्या और एक अन्य किशोर को घायल करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। इनकी पहचान खजूरी निवासी अनीता (28), साजिद (19) और लोनी गाजियाबाद निवासी सलमान (24) के रूप में हुई है।

उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से पहले आरोपी महिला की पहचान की। पुलिस ने अनीता को खजूरी से दबोच।

उपायुक्त ने बताया कि पिछले 15 अप्रैल की रात लाल किला के पास छत्ता रेल अंगूरी बाग चौक के पास कैब चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। आरोपी उनके पास पहुंच गए और पहले कैब चालक की मदद की कोशिश का नाटक करने लगे। रिक्शा चालक के जाने के बाद कैब चालक से मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया चालक साकिब ने किसी तरह एक आरोपी को पकड़ लिया। इसी दौरान एक आरोपी ने साकिब पर गोलियां चला दीं। वारदात में साकिब की मौत हो गई, जबकि एक बेघर किशोर गोली लगने से घायल हो गया था।

एल्विश के मोबाइल से खुलेगा राज

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 17 अप्रैल।

रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों के जहर की आपूर्ति करने के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके साथियों के मोबाइल ब्यौरे की रिपोर्ट अगले सप्ताह में आने की उम्मीद है।

> *रेव* पार्टी में सांपों के जहर की आपूर्ति करने का मामला

पुलिस को आशंका है कि एल्विश और उसके साथियों ने रेव पार्टी और सांपों के जहर से संबंधित कई तस्वीरें और चैट हटाई (डिलीट) है बताया जा रहा है कि मोबाइल के ब्यौरे की जांच (रिकवरी) अंतिम चरण में है। इस रिपोर्ट को नोएडा पुलिस फिर से संबंधित न्यायालय में पेश करेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद एल्विश की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ सकती हैं।

रेव पार्टी में सांपों के जहर पहुंचाने के मामले में थाना सेक्टर-49 में पीपुल्स फार एनीमल संस्था की तरफ से यूट्यूबर एल्विश यादव समेत छह के खिलाफ पिछले साल मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के अगले ही दिन नोएडा पुलिस ने पांच सपेरों को गिरफ्तार कर लिया था।

कांग्रेस को धार्मिक होने के लिए किसी से प्रमाणपत्र नहीं चाहिए : जेपी अग्रवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश (जेपी) अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पार्टी को धार्मिक होने के लिए किसी से भी प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि लोग भाजपा से खुश नहीं हैं।

रामनवमी के मौके पर अग्रवाल अपने निर्वाचन क्षेत्र स्थित एक मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। राम मंदिर पर कांग्रेस के विरोध को लेकर भाजपा के आरोपों पर अग्रवाल ने कहा कि मंदिर का ताला किसने खुलवाया था। वह सबकुछ भूल गए। पूर्व सांसद अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में रामनवमी के मौके पर पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के 400 पार नारे पर प्रतिक्रिया देते हुए अग्रवाल ने बेरोजगारी, महंगाई और नौकरियों की कमी जैसे मुद्दे उठाए और आरोप लगाया कि जनता भाजपा से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को वोट मिलेंगे।

त्रिलोकपुरी इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

त्रिलोकपुरी इलाके में बुधवार शाम को एक युवक की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से मिली थी। सूचना पर अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि अशोक उर्फ ठंडा (27) को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, बताया जा रहा है कि इस घटना में दो अन्य लोग पर भी चाकू से हमला किया गया था। पुलिस ने बताया कि अशोक मयूर विहार थाने का घोषित बदमाश (बीसी) था। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

राजनीति — दिल्ली की सात लोकसभा सीट में से चार आप और कांग्रेस तीन सीट पर लड़ रही है चुनाव

भाजपा की निगाह तीसरी बार दिल्ली पर, आप को सहानुभूति की आस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की निगाह वोट प्रतिशत बढ़ाकर तीसरी बार दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीट जीतने पर है, जबकि कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी (आप) को उम्मीद है कि गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रति सहानुभूति की लहर का लाभ उठाकर भाजपा की जीत के सिलसिले को तोड़ने में कामयाब हो सकेगी।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल कांग्रेस और आप दिल्ली लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ रहे हैं। आप चार, जबकि कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि इस बार पार्टी के लिए चुनौती जीत का अंतर बढ़ाना है। पूर्वांचल से जुड़े लोगों और मुसलमानों के प्रभुत्व वाली पूर्वोत्तर दिल्ली सीट पर बिहार के दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। भाजपा ने इस सीट पर मनोज तिवारी को मैदान में उतारा है, जो लोकसभा में तीसरी बार पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि कन्हैया कुमार कांग्रेस की तरफ से पहली बार चुनावी मैदान में होंगे। पूर्वी दिल्ली में आप ने अपने दलित विधायक कुलदीप कुमार को सामान्य सीट से मैदान में उतारा है।

भाजपा ने भाजपा ने पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा, चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल, दक्षिणी दिल्ली से विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और उत्तर-पश्चिम दिल्ली (आरक्षित सीट)से योगेन्द्र चंदोलिया को मैदान में उतारा है। भाजपा ने दो महिला उम्मीदवारों -सहरावत और बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है और इससे अधिक महिला वोट हासिल करने में मदद मिलेगी।

> *केजरीवाल की गिरफ्तारी के इर्द-गिर्द आप का चुनावी अभियान*
>
> केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप सहानुभूति के माध्यम से चुनावी लाभ उठाना चाह रही है। आप का चुनावी अभियान भी केजरीवाल की गिरफ्तारी के इर्द-गिर्द घूम रहा है। 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब अपने वोटों से दें। आप ने तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से और सहीराम पहलवान को दक्षिण दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाया है। आप ने पश्चिमी दिल्ली सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल को और उत्तर-पूर्व दिल्ली सीट से भाजपा के पूर्व सांसद उदित राज को अपना उम्मीदवार बनाया है।

निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

ग्रेटर नोएडा, 17 अप्रैल (संवाददाता)।

थाना नालेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर-150 में निर्माणाधीन एक सोसाइटी की ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई है। थाना नालेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि धनराज मीणा (40) निवासी जनपद गंगापुर सिटी राजस्थान सेक्टर -150 स्थित एक सोसाइटी में काम कर रहे थे। काम करते समय वह मंगलवार रात ऊंचाई से नीचे गिर गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई।

www.readwhere.com

खबर कोना

जम्मू-कश्मीर में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गए

श्रीनगर, 17 अप्रैल (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से बुधवार को दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। सेना ने यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी पर, 17 अप्रैल को अनंतनाग के नैना, बिजबेहरा में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। दो संदिग्धों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से एक हथियार, एक हथगोला और अन्य सामग्री जब्त की गई।

एल्गार परिषद मामले की आरोपी शोमा सेन मुंबई जेल से बाहर आईं

मुंबई, 17 अप्रैल (भाषा)।

एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले की आरोपी एवं नागपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर शोमा सेन को बुधवार दोपहर यहां एक जेल से रिहा कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने उन्हें 2018 के मामले में पांच अप्रैल को जमानत दे दी थी। वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा कि सेन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मध्य मुंबई की भायखला जेल से बाहर आ गईं। जेल के बाहर उनकी बेटी और रिश्तेदारों ने उनका स्वागत किया। सेन 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन से संबंधित मामले में गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों सहित 16 लोगों में से एक थीं।

वायुसेना ने दो रोगियों को विमान से करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

मुंबई, 17 अप्रैल (जनसत्ता ब्यूरो)।

भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी।

महिला ने जान देने से पहले हाथ पर लिखी पति और उसकी प्रेमिका की 'प्रताड़ना' की दास्तां

इंदौर, 17 अप्रैल (भाषा)।

इंदौर में 40 वर्षीय एक महिला को प्रताड़ित करके आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और उसकी प्रेमिका को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि महिला ने अपने पति और उसकी प्रेमिका की कथित प्रताड़ना की दास्तान अपने हाथ पर मराठी भाषा में लिखकर खुदकुशी का कदम उठाया जिसे पुलिस ने 'सुसाइड नोट' मानकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि तेजाजी नगर क्षेत्र में 15 अप्रैल की सुबह कविता पाटिल (40) ने अपने घर में कथित रूप से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

दर्पण और लेंस से युक्त तंत्र के जरिए मूर्ति के माथे तक पहुंची किरणें

रामलला का दिव्य सूर्य तिलक

अयोध्या, 17 अप्रैल (जनसत्ता)।

रामनवमी के अवसर पर बुधवार को अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक दर्पण और लेंस से युक्त एक विस्तृत तंत्र के माध्यम से किया गया। इस तंत्र के जरिए सूर्य की किरणें राम की मूर्ति के माथे पर पहुंचीं। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान सूर्य तिलक देखा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का यह बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। यह सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक हैंडल एक्स पर सूर्य तिलक का एक वीडियो साझा किया और लिखा कि सत्यसंधान, निर्वानप्रद, सर्वहित, सर्वगुण-ज्ञान-विज्ञानशाली। सघन-तम-घोर-संसार-भर-शर्वरी नाम दिवसेश खर-किरणमाली॥ उन्होंने कहा कि सूर्यकुल भूषण श्री रामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य सूर्य तिलक आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। जय जय श्री राम। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 22 जनवरी को उद्घाटन किए गए नए मंदिर में राम मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। प्रवक्ता प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सूर्य तिलक लगभग चार-पांच मिनट के लिए किया गया था जब सूर्य की किरणें सीधे राम लला की मूर्ति के माथे पर केंद्रित थीं। मंदिर प्रशासन ने भीड़-भाड़ से बचने के लिए सूर्य तिलक के समय भक्तों को गर्भगृह में प्रवेश करने से रोक दिया।

अयोध्या में बुधवार को राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला की मूर्ति पर दिव्य अभिषेक करते पुजारी।

सीएसआइआर-सीबीआरआइ, रुड़की के मुख्य वैज्ञानिक डा डी पी कानूनगो ने कहा कि योजना के अनुसार दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक किया गया।

गर्भगृह के बाहर इंतजार कर रहे भक्तों ने सूर्य तिलक के दौरान भगवान राम के नारे लगाए, जबकि पुजारी ने अंदर आरती की। इस अवसर पर राम लला की मूर्ति को टिकाऊ कीमती रत्नों से बना मुकुट पहनाया गया। मुकुट एप्पल ग्रीन डायमंड द्वारा बनाया गया था, जो एक ऐसी कंपनी है जो क्रिस्टलीकृत रत्नों को बनाने में माहिर है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्था की है।

सुबह 3:30 बजे खोल दिए थे मंदिर के कपाट : पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3:30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन साथ-साथ चलता रहा। सुबह से ही मंदिर में अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। चारों वेदों का पाठ, वाल्मीकि रामायण का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान हुए। रामलला के सूर्य तिलक के समय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय सहित अन्य विज्ञानी व साधु-संत मौजूद रहे।

देश को कमजोर करने के लिए साजिश रची जा रही : राजनाथ सिंह

कासरगोड, 17 अप्रैल (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र में देश में परमाणु हथियार नष्ट करने के बारे में किए गए वादे पर बुधवार को कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा। सिंह ने कहा कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'देश को कमजोर करने के लिए साजिश रची जा रही है।

केरल के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में परमाणु हथियारों को नष्ट करने का वादा किया है जिस पर कांग्रेस को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि देश में परमाणु कार्यक्रमों की शुरुआत इंदिरा गांधी ने की थी।उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु शक्ति संपन्न देशों में से एक बनने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से देश कमजोर हो जाएगा जबकि उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्ति संपन्न हैं। दरअसल, माकपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि 'परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों जिनमें रासायनिक और जैविक हथियार शामिल हैं उनका पूर्ण सफाया किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ। सिंह ने आरोप लगाया कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का हिस्सा हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि उन्होंने राम नवमी पर्व मनाने में बाधा डाली। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है उसका पतन हुआ है और यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध कर रही थी और 'आज देश में उसकी हालत देखिए।' उन्होंने कहा कि वामपंथी दल भारत में केवल कुछ ही इलाकों में सिमट गए हैं। कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाने के साथ ही सिंह ने यह भी दावा किया कि भाजपा देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है।

केंद्र सरकार ने किसानों को विभाजित करने का काम किया : राकेश टिकैत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

किसान नेता राकेश टिकैत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) में विभाजन केंद्र सरकार की वजह से हुआ था। एसकेएम ने 2020-21 किसान आंदोलन का नेतृत्व किया था।

एसकेएम के बैनर तले, बड़ी संख्या में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के सीमा बिंदुओं सिंघु, टीकरी और गाजीपुर पर एक साल तक विरोध प्रदर्शन किया था। इन कृषि कानूनों को बाद में निरस्त कर दिया गया था। टिकैत ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा एकजुट होकर दिल्ली से रवाना हुआ था, लेकिन बाद में कुछ लोग अलग हो गए।

भारत सरकार एक और आंदोलन खड़ा करना चाहती थी और उन्होंने इसे खड़ा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता टिकैत ने कहा कि विभाजन के कारण संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) बना। एसकेएम फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित किसानों की मांगों को लेकर एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के जारी आंदोलन का हिस्सा नहीं है। सीमा पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच पिछली झड़पों का जिक्र करते हुए, टिकैत ने कहा कि एसकेएम ने किसानों के खिलाफ बल प्रयोग की निंदा की है।

आस्था भोपाल में रामनवमी के अवसर पर निकली शोभायात्रा के दौरान ढोल बजाते लोग।

शिक्षा, रोजगार की गारंटी देता है संविधान : राजद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। राजद नेता ने बुधवार पटना स्थित पार्टी के कार्यालय में भारत का संविधान की प्रति दर्शाते हुए केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वो संविधान बदलने की बात करते हैं। संविधान सबकी शिक्षा, रोजगार सहित सभी मुद्दों की गारंटी लेता है।

मनोज झा ने कहा कि संविधान में संशोधन हो सकता है लेकिन आप बदल नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत ने नौ वर्ष पहले संविधान की समीक्षा की बात कही थी। केंद्र पर निशाना साधा कि ये लोग आरक्षण खत्म करने वाले हैं, देश की जनता इसका ख्याल रखें। संविधान नहीं रहेगा तो देश नहीं रहेगा, देश की जनता को संविधान बचाना है। उन्होंने कहा कि सब कुछ संविधान से लिया गया है, प्रधानमंत्री इसपर क्यों नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि दो करोड़ नौकरी की बात कर रहे थे, लोगों ने वोट दिया, लेकिन क्या हुआ। इनकी बातों पर कौन भरोसा करेगा। झा ने कहा कि बिहार में नौकरी का मतलब तेजस्वी यादव है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रोजगार और मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री क्यों नहीं बोल रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

नारायणपुर, 17 अप्रैल (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने सत्ताधारी भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले एक साल में राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों द्वारा किसी भाजपा नेता या सदस्य की यह नौवीं हत्या है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव में मंगलवार देर रात गांव के उपसरपंच पंचमदास की हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि कुछ नक्सली गांव पहुंचे और उन्होंने उपसरपंच पंचमदास की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को मौके पर भेजा गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने हमलावर नक्सलियों का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। नारायणपुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा। नारायणपुर शहर में संवाददाताओं से बात करते हुए राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने इस घटना की निंदा की और कहा कि इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में भाजपा नेताओं की (नक्सलियों द्वारा) हत्याएं बताती हैं कि कांग्रेस और नक्सलियों ने सांठगांठ करके इन घटनाओं को अंजाम दिया है।

चंद्रबाबू नायडू की जमानत पर सात मई को सुनवाई

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (जनसत्ता ब्यूरो)।

सुप्रीम कोर्ट कौशल विकास निगम 'घोटाला' मामले में तेलुगु देशम पार्टी (पार्टी) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने संबंधी आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा। याचिका मंगलवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिसने राज्य सरकार के वकील की इस बात का संज्ञान लिया कि उन्होंने इस मामले में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की है।

पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह याचिका रिकार्ड का हिस्सा नहीं है। राज्य सरकार ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पिछले वर्ष 20 नवंबर के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें नायडू को नियमित जमानत दी गई थी। अदालत ने गत वर्ष 28 नवंबर को नायडू के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पर जवाब मांगा था।

रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला समेत छह पर मामला

लखनऊ, 17 अप्रैल (एजसी)।

गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि किशन शुक्ला को अपनी बेटी का पिता बताने वाली महिला, उसकी पुत्री समेत छह लोगों के खिलाफ जबरन वसूली तथा अन्य कई गंभीर आरोपों में लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस सूत्रों ने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बुधवार को बताया कि रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला की तहरीर पर यह मुकदमा मंगलवार देर रात दर्ज किया गया। मुकदमे में रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली महिला अपर्णा ठाकुर, उसके पति राजेश सोनी, बेटी शेनोवा सोनी, बेटे सौनक सोनी, सपा नेता विवेक कुमार पांडे और खुर्शीद खान नामक एक कथित पत्रकार को आरोपी बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में आरोपियों के खिलाफ साजिश रचने, किसी को सात साल या उससे अधिक की सजा कराने के लिए झूठे साक्ष्य प्रस्तुत करने, डरा कर जबरन वसूली, दंडनीय अपराध का आरोप लगाने की धमकी देकर वसूली करने, शांति भंग करने के मकसद से जानबूझकर अपमान करने और आपराधिक धमकी देने के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रीति ने तहरीर में आरोप लगाया है कि अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने उन्हें धमकी देते हुए कहा था कि उसके अंडरवर्ल्ड माफिया से संबंध हैं।

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा
भारतीय ऋणषोधनाक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (निगमित व्यक्तियों के लिये ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

अजनारा रियलटेक लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ

प्रासंगिक विवरण

1.	**निगमित देनदार का नाम**	**अजनारा रियलटेक लिमिटेड**
2.	निगमित देनदार के निगमीकरण की तिथि	25/03/2011
3.	प्राधिकरण, जिसके अंतर्गत निगमित देनदार निगमीकृत/पंजीकृत है	रजिस्ट्रॉर ऑफ कंपनीज–दिल्ली
4.	निगमित देनदार की निगमित पहचान सं. / सीमित दायित्व पहचान सं.	U45204DL2011PLC216540
5.	निगमित देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	**पंजी. कार्यालय :** कार्यालय सं. 208, द्वितीय तल, भूखंड सं. 20, परमेश बिजनेस टॉवर्स, कड़कड़डुमा सामुदायिक केंद्र, दिल्ली–110092 **निगमित कार्यालय :** कार्यालय सं. 814बी, 8वां तल, आइकॉनिक टॉवर, कोरेंथम भूखंड सं. ए–41, नोएडा, सेक्टर–62, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201309
6.	निगमित देनदार के संदर्भ में ऋणशोधनाक्षमता आरंभ करने की तिथि	माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली द्वारा आदेश 15–04–2024 को पारित किया गया (आदेश 16.04.2024 को प्राप्त हुआ)
7.	ऋणषोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया समापन की अनुमानित तिथि	12–10–2024
8.	अंतरिम समाधान व्यवसायी के रूप में कार्यरत् ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम तथा पंजीकरण संख्या	**अमरपाल** **पंजीकरण संख्या :** IBBI/IPA-001/IP-P01584/2018-2019/12411 **एएफए इस तिथि तक वैध : 21–11–2024**
9.	बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार, अंतरिम समाधान व्यवसायी का पता एवं ई–मेल	ए–304, भूखंड सं. 3सी, मंदाकिनी अपार्टमेंट्स, सेक्टर–2, द्वारका, नई दिल्ली–110075, ईमेल : amarpal@icai.org
10.	अंतरिम समाधान व्यवसायी के साथ पत्र–व्यवहार हेतु प्रयोग किए जाने के लिए पता एवं ई–मेल	**कार्यालय सं.** 814बी, 8वां तल, आइकॉनिक टॉवर, कोरेंथम **भूखंड सं.** ए–41, नोएडा, सेक्टर–62, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201309 **ईमेल :** cirp.ajnararealtech@gmail.com दावा प्रस्तुत करने के लिये निर्धारित अनुदेशों हेतु कृपया इस **पोर्टल को देखें :** www.ajnararealtechcirp.in
11.	दावों को जमा करने की अंतिम तिथि	**29–04–2024**
12.	अंतरिम समाधान व्यवसायी द्वारा सुनिश्चित, धारा 21 की उप–धारा (6ए) के उपवाक्य (बी) के अंतर्गत ऋणदाताओं की श्रेणियां, यदि कोई हों,	**अलॉटीज रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत**
13.	एक श्रेणी के अंतर्गत ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये चिन्हित ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिये तीन नाम)ध	**1. श्री सत्येंद्र शर्मा** **पंजी. सं.:** IBBI/IPA-002/IP-N00737/2018-2019/12260 **2. श्री अखिल आहूजा** **पंजी. सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P-02072/2020-2021/13213 **3. श्री इशांत जैन** **पंजी. सं.:** IBBI/IPA-001/IP-P-02530/2021-2022/14038
14.	(क) सुसंगत प्रपत्र एवं (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण, यहां उपलब्ध हैं :	(क) वेबलिंक : https://ibbi.gov.in/en/home/downloads (ख) भौतिक पता : भारतीय ऋणशोधनाक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (आईबीबीआई), 7वां तल, मयूर भवन, शंकर मार्किट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधिक अधिकरण ने दिनांक **15–04–2024** को **अजनारा रियलटेक लिमिटेड** की, एक निगमित ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया, आरंभ करने का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा **अजनारा रियलटेक लिमिटेड** के ऋणदाताओं को निर्देश दिया जाता है कि वे 29–04–2024 को अथवा इससे पूर्व अंतरिम समाधान व्यवसायी के पास, प्रविष्टि सं. 10 के समक्ष वर्णित पते पर, साक्ष्य के साथ पोर्टल www.ajnararealtechcirp.in पर दिये गये अनुदेशों के अनुसार अपने दावे प्रस्तुत करें।

वित्तीय ऋणदातागण अपने दावों को साक्ष्य के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा जमा करेंगे। समस्त अन्य ऋणदातागण साक्ष्य के साथ अपने दावों को व्यक्तिगत रूप में, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से जमा कर सकते हैं।

एक वित्तीय ऋणदाता जो प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्धानुसार किसी एक श्रेणी से संबंधित है, वह प्रपत्र सीए में श्रेणी (अलॉटीज, रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत) के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी रुचि को प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायियों के मध्य में से चुनकर उल्लिखित करेगा।

दावों के त्रुटिपूर्ण अथवा भ्रामक साक्ष्य जमा करने पर दंडित किया जायेगा।
दिनांक : 16/04/2024
स्थान : नई दिल्ली

अमरपाल
अजनारा रियलटेक लिमिटेड के अंतरिम समाधान व्यवसायी
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P01584/2018-2019/12411

यूएनएफपीए रपट | देश में 0-14 साल की आबादी 24 फीसद, जबकि 17 फीसद 10-19 वर्ष के भीतर

भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 फीसद लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। भारत की करीब 24 फीसद आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 फीसद 10-19 वर्ष के भीतर है।

यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रपट इंटरवावन लाइव्स, थ्रेड्स आफ होपः एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्राडक्टिव हेल्थ एंड राइट में यह अनुमान लगाया गया है। इस रपट के मुताबिक भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी। अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 फीसद लोग हैं जबकि 68 फीसद 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात फीसद आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है। रपट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 फीसद लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रपट के मुताबिक भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का आठ फीसद रह गया है।

भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। *अनुमान* जताया गया है कि 10-24 साल के 26 फीसद लोग हैं जबकि 68 फीसद 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात फीसद आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है।

यूएनएफपीए का कहना है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है। यूएनएफपीए रपट का हवाला देते हुए कहा कि भारत के 640 जिलों में हाल ही में किए गए शोध से पता चला है कि एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु दर को कम करने का सतत विकास लक्ष्य हासिल किया है।

www.readwhere.com

कल्पमेधा

उस साहस को जानने का अभ्यास करो, जिसमें सचाई जानने की हिम्मत है, जीवन के सत्य को बताने की हिम्मत है। समस्त विश्व में उसका कोई हनन नहीं कर सकता।
–विवेकानंद

नक्सली चुनौती

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाईं हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है।

दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था।

नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है। हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।

बीमारी का विस्तार

बदलती जीवन-शैली, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, खाद्य पदार्थों में विषाक्तता आदि के चलते बीमारियों का विस्तार हो रहा है। नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। कैंसर भी इन्हीं स्थितियों के चलते लगातार अपने पांव पसार रहा है। हालांकि अब इस समस्या से पार पाने के लिए चिकित्सा विज्ञान ने कई आसान और कारगर उपाय तलाश लिए हैं, इसकी दवाओं की उपलब्धता बढ़ी है। मगर यह अब एक आम बीमारी बन गया है। 'लैंसेट' के ताजा अध्ययन में बताया गया है कि अगले पंद्रह-सोलह वर्षों तक हर वर्ष केवल स्तन कैंसर से दस लाख मौतें हो सकती हैं। स्तन कैंसर अब एक आम बीमारी बन चुका है। स्वाभाविक ही इसे लेकर दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। बेशक इस रोग से पार पाना आसान हो गया है, पर असल समस्या हर किसी तक इसके इलाज की पहुंच संभव न हो पाना है। भारत जैसे समाजों में गरीबी, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता कम होने तथा महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभावपूर्ण नजरिया व्याप्त होने की वजह से इस समस्या पर काबू पाना और कठिन हो जाता है।

भारतीय समाज में महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी देखभाल में मुश्किलें इसलिए भी आती हैं कि महिलाएं खुद इसे लेकर बहुत सजग नहीं होती हैं। शहरी इलाकों में जरूर महिला स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता देखी जाती है, मगर ग्रामीण और समाज के निचले कहे जाने वाले तबकों में इसका घोर अभाव नजर आता है। फिर, कैंसर को लेकर जैसी जागरूकता होनी चाहिए, वह भी संतोषजनक नहीं है। इसका इलाज अब भी सामान्य आयवर्ग की क्षमता से बाहर है। इसलिए बहुत सारी महिलाओं में स्तन कैंसर की समय पर पहचान नहीं हो पाती और जिनकी हो भी पाती है, उसमें बहुत देर हो चुकी होती है और उनके लिए इलाज कराना कठिन होता है। 'लैंसेट' के अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि इसके लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को किसी न किसी रूप में संचार कौशल प्रशिक्षण देने की पहल करनी और रोगियों से संपर्क बनाना चाहिए। इस बीमारी को रोकने में सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी हैं, जिनमें परिवार, समुदाय और चिकित्सा पेशेवरों का परस्पर जुड़ाव हो।

ग्रामीण उपभोक्ता मांग और चुनौतियां

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं।

अजय जोशी

हाल में हुए 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के ताजा सर्वेक्षण में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग तेजी से बढ़ी है। यहां टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा, एसी आदि की मांग 2019 के कोरोना काल के बाद 25.82 फीसद बढ़ी है। अप्रैल 2020 में सिर्फ 2.03 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मान रहे थे कि टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन आदि खरीदने का उनके लिए यह सबसे अच्छा समय है, लेकिन अब 27.85 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि वर्तमान समय इसके लिए सबसे बेहतर है। लोकसभा चुनाव के दौर में धन के प्रवाह को भी इसकी एक वजह माना जा रहा है। इसी वर्ष जनवरी में ग्रामीण उपभोक्ता मांग का सूचकांक कम हो गया था, मगर चुनाव की घोषणा के बाद मार्च में तेजी आने लगी। रपट में यह भी कहा गया है कि ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि अगले पांच साल उनकी वित्तीय स्थिति और अच्छी बनी रहेगी।

अप्रैल 2019 में 29.74 फीसद ग्रामीण मानते थे कि आर्थिक हालात बेहतर हैं, लेकिन मई 2021 में ऐसा मानने वाले सिर्फ 2.93 फीसद रह गए थे। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद मार्च 2024 में बढ़कर यह संख्या 31.60 फीसद हो गई है। वाहन उद्योग में भी ग्रामीण उपभोक्ता मांग में तेजी आई है। कुछ दिनों पहले आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया था कि वित्तवर्ष 2020-23 की दूसरी तिमाही में दुपहिया वाहनों की 30.3 फीसद और ट्रैक्टर की बिक्री 16.1 फीसद बढ़ी है। ग्रामीण वित्त विशेषज्ञों का मानना है अगले पांच वर्षों में ग्रामीण उपभोक्ता मांग में और तेजी आने की संभावना है।

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। इनमें गरीबी और असमानता को कम करने, सामाजिक सुरक्षा, आय सृजन और आजीविका के विकल्प प्रदान करने और देश में आबादी के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए जाने वाले उपाय शामिल हैं। इसके लिए कई लक्षित कार्यक्रम शुरू किए गए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए अंब्रेला कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएम-किसान के तहत फंड ट्रांसफर, पीएम फसल बीमा योजना का दावा भुगतान, उर्वरक सब्सिडी, डेयरी सहकारी समितियों और कृषि-बुनियादी ढांचे के लिए ब्याज छूट, फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फंड उपलब्ध कराना आदि प्रमुख हैं।

ग्रामीण उपभोक्ता आय में वृद्धि की दृष्टि से डीबीटी योजना सबसे महत्त्वपूर्ण है। इसमें जिन योजनाओं के अंतर्गत नकद भुगतान की व्यवस्था है, उनमें धन को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। फिलहाल इस व्यवस्था में सरकार के 53 मंत्रालयों की 310 योजनाएं

शामिल हैं, जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन आदि के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ शामिल हैं।

> **भारत दुनिया की सबसे अधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला देश है। इसमें 87.8 करोड़ ग्रामीण निवासी हैं, जो किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। तेज शहरीकरण के बावजूद वर्ष 2040 तक देश की आधे से अधिक जनसंख्या का निवास गांवों में ही होगा। इस दृष्टि से ग्रामीण उपभोक्ता मांग बढ़ाना देश के तीव्र आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। ये सब देश की जीडीपी बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान करने और देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक होंगे।**

इन योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी कम नहीं हैं। इनमें नामांकन केंद्रों का दूर-दूर होना, नामांकन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या संचालकों का नियमित उपस्थित न होना, योजनाओं के बारे में जन साधारण को जानकारी न होना आदि शामिल हैं। अभी भी देश के कई ग्रामीण और आदिवासी दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा और सड़क संपर्क नहीं है, लोगों में वित्तीय साक्षरता की भी कमी है। लाभार्थियों के नाम में वर्तनी की त्रुटियां, लंबित केवाईसी, बंद या निष्क्रिय बैंक खाते, आधार और बैंक खाते के विवरण में असमानता आदि के कारण डीबीटी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यद्यपि डीबीटी से सीधे लाभार्थी के खाते में पूरी धन राशि पहुंच जाती है, लेकिन खाते में डालने से पहले अपना कमीशन आदि नकद में ले लेना, कागजी कार्रवाई के दौरान ही कमीशन आदि के रूप में धन वसूल लेने जैसी जमीनी स्तर की समस्याएं बनी रहती हैं।

अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण या शहरी परिवार को आवश्यक न्यूनतम राशि निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण करता और उसके आधार पर जनसंख्या को गरीबी रेखा से ऊपर और गरीबी रेखा से नीचे वर्गीकृत करता है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2020 के मध्य लगभग 7.6 करोड़ लोग गरीबी रेखा के अंदर आए। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की संख्या लगभग पांच करोड़ है। बड़ी संख्या में गरीबी की रेखा के नीचे रहने के कारणों में वर्ष 2017 से 2020 के मध्य भारतीय अर्थव्यवस्था में आई मंदी की स्थिति, वर्ष 2017-18 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार इस अवधि में गत 45 वर्षों में बेरोजगारी के उच्चतम स्तर, वास्तविक मजदूरी में कमी, कोविड महामारी जैसे कारण बताए जाते हैं।

अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग नब्बे फीसद लोगों की आजीविका का माध्यम खेती है। मछली पालन, पशु पालन, हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण जैसी कुछ गैर-कृषि गतिविधियों से जुड़ी सामान्य आजीविकाएं हैं, लेकिन ये सभी मौसमी हैं, जिनमें आय की अनियमितता बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। ये सभी कारक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता मांग को प्रभावित करते हैं।

भारत दुनिया की सबसे अधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला देश है। इसमें 87.8 करोड़ ग्रामीण निवासी हैं जो किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। तेज शहरीकरण के बावजूद वर्ष 2040 तक देश की आधे से अधिक जनसंख्या का निवास गांवों में ही होगा। इस दृष्टि से ग्रामीण उपभोक्ता मांग बढ़ाना देश के तीव्र आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। ये सब देश की जीडीपी बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान करने और देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक होंगे।

उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के लिए जरूरी है कि ग्रामीण उपभोक्ता की आय में वृद्धि हो। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियों और स्कूलों की स्थापना सहित सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचे का विकास करना जरूरी है। साथ ही, पेयजल, बिजली, ग्रामीण सड़कें और स्वास्थ्य देखभाल जैसी सामुदायिक सेवाओं और सुविधाओं में सुधार तथा विस्तार भी जरूरी है। कृषि आय बढ़ाने, अधिकाधिक वैकल्पिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने, ग्रामीण हस्तशिल्प उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उनके सुदृढ़ विपणन की व्यवस्था करने जैसे कुछ प्रभावी उपाय जरूरी हैं, तभी ग्रामीण आय और उपभोक्ता मांग में और बढ़ोतरी हो सकेगी।

जागरूकता की जरूरत

रितुप्रिया शर्मा

समाज में समस्याएं अनेक हैं, निवारण कम। ज्यादातर लोग अपने आप में गुम अपनी समस्याओं से जूझते रहते हैं, मगर उसके कारणों पर विचार करना या तो जरूरी नहीं समझते या फिर उन्हें इस ओर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। कई बार जब समस्याओं या मूल मुद्दों के हल के लिए उसके कारणों की पड़ताल की दिशा मुखर होना शुरू होती है तो कुछ ऐसे मुद्दे सतह पर तैरने लगते हैं, जिसे देखने-सुनने में लोग उलझ जाते हैं और असली मुद्दों और उसके कारणों से उनका ध्यान बंट जाता है। इस तरह के हालात बार-बार पैदा होते हैं या किए जाते हैं और इसके समांतर समस्याएं न जाने कब से अपने स्वरूप में बनी हुई रहती हैं।

विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। इन बातों को लेकर समाज और राजनीति परस्पर जुड़े हुए हैं। समाज एक अति शक्तिशाली संस्था है। राजनीति समाज से निकला एक अंग है जो समाज की इच्छाओं की अभिव्यक्ति करता है। समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य। व्यक्तिगत तौर पर भी जो समस्या हमारे समक्ष आती है, उनका हल कहीं न कहीं हमारी सामाजिक बुनियाद को प्रभावित करने में सक्षम है। आज समाज में बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, जातिवाद, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अशिक्षा आदि अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। समाज चाहता है कि वह उन समस्याओं से निकलकर एक परिपक्व समाज बने, लेकिन उसकी यह इच्छा अधूरी ही रह जाती है। कारण है राजनीति का व्यक्तिगत स्वार्थों से ओत-प्रोत होना। सत्ता का नशा जिसके ऊपर चढ़ा, वह फिर किसी बात या मुद्दे की कोई परवाह नहीं करता है।

समाज के बीच जाकर वोट मांगने वाले जब जीत के बाद हमारे जनप्रतिनिधि बनते हैं, तो चुनाव के बाद अपने सारे वादों को भूल बैठते हैं। अपने क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार करने और लोगों को भरोसा देने में तो ये अग्रणी रहते हैं, लेकिन क्षेत्र में जाकर काम करने में काफी पिछड़ते हुए नजर आते हैं। हालत यहां तक पहुंच चुकी है कि अब मुद्दाविहीन राजनीति का दौर आ गया लगता है। इसमें किसी भी दल के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा दिखता है। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व से खुद को बचाकर एक दूसरे पर आरोप लगाने वाले इस दौर में समाज केवल एक तमाशबीन बनकर रह गया है।

ऐसा नहीं कि इसके लिए समाज की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं है। दरअसल, समाज भी अपने-अपने व्यक्तिगत मुद्दों को लेकर सक्रिय है। एक व्यक्ति के तौर पर किस-किस ने क्या-क्या संघर्ष किया है या मौजूदा समाज में किस तरह की सामाजिक-राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक समस्या आ रही है, वह इसकी ओर मुंह मोड़कर खड़ा है। लोग केवल वोट वाले दिन सक्रिय होते हैं और फिर वोट डालते हैं। इसके बाद घर की ओर लौट जाते हैं। कौन-सा राजनीतिक दल, किस मुददे या उद्देश्य को लेकर चुनाव लड़ रहा है, इससे किसी का कोई सरोकार नहीं है। तात्कालिक मुद्दों का गुबार हावी होता है और वह वास्तविक मुद्दों पर छा जाता है। कभी परिवार वालों के मत से, कभी राजनीतिक लहर के प्रभाव में, कभी किसी नेता के करिश्माई व्यक्तित्व के कारण हमारा समाज अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर अपने आप को लोकतंत्रवादी साबित करता रहता है।

लोग समझते हैं कि हम सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, लेकिन मुद्दाविहीन राजनीति क्या सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करना ही लोकतंत्र की पहचान बनती जा रही है। समाज इन सबसे कटा हुआ है। किसने, किसको और कैसे ठगा है, वह मुद्दा भूल गया है। पहले लाखों के गबन होते थे। यह बात अब अरबों तक पहुंच गई है जो कि इस दौर के लिए समाज में पैदा हुई सामान्य-सी बात है। अगर राजनीतिक मुद्दों के बिना बात की जाती है तो उन मुद्दों का निराकरण भी नहीं हो पाता है। समाज को चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सवाल-जवाब करे, उनकी समस्या निवारण में जो भी भूमिका हो सकती है, उसके निर्धारण के लिए कोई योजना भी राजनीतिक दलों के समक्ष लाई जाए। वे ऐसा करने से इनकार करें तो फिर उन पर विश्वास न करके उन्हें अपना प्रतिनिधि न बनाएं, बल्कि किसी नए व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुने, जो वाकई समाज से जुड़ा हो और मुद्दों पर कार्य करना चाहता हो। हम ही समाज हैं तो ये सारी बातें हमारे ऊपर उतरती भी है।

लोकतांत्रिक जागृति गांव-कस्बों तक पहुंचे, यह हमारी जिम्मेदारी है। नहीं तो यह मुद्दाविहीन, लक्ष्यहीन राजनीति हमारी सामाजिक आधारशिला, उन्नति और आर्थिक व्यवस्था को क्षीण कर देगी। राजनीति और समाज को एक एकीकृत व्यवस्था के रूप में चलाना चाहिए। व्यक्ति का मूल्य समझना व्यक्तिवादी सोच का द्योतक नहीं है। व्यक्ति का मूल्य समाज की तरक्की और दिशा निर्धारण का उत्तम तरीका है। राजनीति को मुद्दाविहीन न बनने दिया जाए। दलों को स्वार्थपरता से दूर रखते हुए उन्हें समाज की समस्याओं से अवगत कराते रहना चाहिए। निवारण के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र का असली स्वरूप हम सामने ला सकते हैं। अन्यथा लक्ष्यहीन, मुद्दाविहीन राजनीति हमारे समाज को कहीं न कहीं, कोई न कोई नुकसान पहुंचाएगी और भविष्य में कहीं लेकर नहीं जाएगी। इसलिए समाज को इस पर गौर करके पहल करनी चाहिए, ताकि यह सबके लिए कल्याणकारी सिद्ध हो।

दुनिया मेरे आगे

> **विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है।**

निवेश का चक्रव्यूह

पिछले पांच वर्षों में सेंसेक्स दो गुना हो गया, जिससे कई लोगों ने अच्छा-खासा पैसा कमाया। इस सुनहरे पक्ष के पीछे छिपा हुआ सच दब कर रह जाता है। हर वर्ष कई नए आइपीओ जारी किए जाते हैं जो शुरुआत में तो अच्छा दम भरते हैं, मगर उनमें से लगभग पच्चीस से तीस फीसद मात्र दस या शून्य फीसद तक पर आ जाते हैं, जिसमें निवेशकों का, विशेष तौर से छोटे निवेशकों का अच्छा-खासा पैसा डूब जाता है। इसलिए इनको जारी करने वाली कपनियों से वित्त मंत्रालय को सख्त कार्रवाई करके जनता का कम से कम मूलधन तो वापस लौटाना ही चाहिए। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर इन दिनों रातों-रात मालामाल होने का दावा करने वाले विज्ञापनों की बाढ़-सी आ गई है, जो कि शुरू में मुनाफा देकर फिर अपने खाते में निवेशक का पैसा डलवा कर गायब हो जाते हैं। इन पर भी कोई नियंत्रण नहीं दिखता है। नए खिलाड़ी इनके चक्रव्यूह में फंसकर बर्बाद हो जाते हैं। वित्त मंत्रालय को देश में और सोशल मीडिया पर निवेशकों को ठगने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखनी होगी। निवेशकों को भी विश्वसनीय संस्थाओं के माध्यम से ही व्यापार करना चाहिए!

– विभूति बुपक्या, खाचरोद

लगाम जरूरी

चुनाव के दौरान एक दूसरे दलों के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाना स्वाभाविक है, लेकिन उसकी भाषा मर्यादित भी हो, ताकि उन्हें ही फिर अनावश्यक सफाई में यह न कहना पड़े कि मैंने ऐसा नहीं कहा, बल्कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया है। ज्यादातर सियासी दल और उनके नेताओं ने महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी करने में संकोच नहीं किया है, जबकि सभी पार्टियों में महिलाएं हैं, वे महिलाओं का हित करने के नारे के साथ वोट मांगते हैं। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के बाद तो उम्मीद थी कि यह सब बंद हो जाएगा, मगर हकीकत कुछ और है। दरअसल, महिलाओं का मजाक उड़ाने या सम्मान को चोट पहुंचाने वाले कुंठाग्रस्त लोग होते हैं। शब्दों के चुनाव और लहजे पर लगाम जरूरी है, क्योंकि महिलाएं अगर प्रतिद्वंद्वी हैं, तो विचारधारा, सिद्धांत और नीति का विरोध गरिमामय शब्दों से भी हो सकता है। कानूनी कार्रवाई सख्त हो, मगर इससे बेहतर हो कि राजनीति से जुड़े लोग खुद ही सुधरें और पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व भी उन्हें सुधारें।

– बीएल शर्मा 'अकिंचन', उज्जैन

प्रदूषण की ध्वनि

'कानों में कहर बरपाती आवाजें' (लेख, 13 अप्रैल) पढ़ा। ध्वनि प्रदूषण मनुष्यों और अन्य जीवों को प्रभावित करता है। यह न केवल जमीन पर रहने वाले जानवरों को प्रभावित करता है, बल्कि समुद्र में रहने वाले जनवरों के लिए भी एक बढ़ती समस्या है। सरकार और आम लोगों के संयुक्त प्रयास से ध्वनि और शोर की तीव्रता को कम कर ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सकता है। सड़क किनारे पौधरोपण कर ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है। हरे पौधे ध्वनि की तीव्रता को दस से पंद्रह डीबी तक कम कर सकते हैं। इस छिपे हुए प्रदूषण की अनदेखी करके जो लोग लगातार तेज ध्वनि के बीच रहते हैं या कानों में ईयरफोन लगा कर ऊंचे स्वर में गीत सुनते रहते हैं, उनके कान धीरे-धीरे कब बेकाम हो जाते हैं, उन्हें पता भी तब चलता है जब एक दिन उन्हें सुनाई देना बंद हो जाता है।

– पूजा सिंगार, इंदौर

सेहत की फिक्र

'जानलेवा बनती बिगड़ती हवा' (लेख, 15 अप्रैल) में वायु प्रदूषण की गंभीरता पर ध्यान आकर्षित किया गया है। अब तक हम समझते थे कि जहरीली हवा केवल बड़े-बड़े शहरों में ही लोगों के दम घुटने की वजह बन रही है, मगर अब इसका दायरा तेजी से फैलता जा रहा है। यहां तक कि उसका असर ग्रामीण इलाकों में देखा जाने लगा है। इसकी अनदेखी भारी पड़ सकती है और इसके बचाव के लिए हमें तत्काल उपाय करने होंगे। हमें नए पौधे लगाने चाहिए, जिससे प्राणवायु में बढ़ोतरी हो। वाहनों का उपयोग करने के मामले में साझेदारी करनी चाहिए और मिलजुल कर काम चलाना चाहिए। अपने-अपने निजी वाहन जरूरत कम, दिखावा ज्यादा होते हैं। जिस तरह हम अपने घर, परिवार की चिंता करते हैं, उसी के समान हमें स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से सोचना होगा।

– इंदु मणि, राजसमंद

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

नई दिल्ली

www.readwhere.com

तथ्य

इस वर्ष कंपनियों का सिरदर्द बढ़ सकता है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि देश में ज्यादातर लोग इस साल अपनी नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह बात लिंक्डइन के सर्वेक्षण में सामने आई है। लिंक्डइन के एक नए सर्वेक्षण के मुताबिक, 2024 में भारत में करीब 88 फीसद कर्मचारी नौकरी बदलने पर विचार कर रहे हैं। जो पिछले साल की तुलना में चार फीसद की बढ़ोतरी को दिखाता है।

आइआइटी मद्रास ने जेईई एडवांस्ड के आवेदन की तारीखों में किया बदलाव

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड के आवेदन कार्यक्रम को संशोधित किया है। पहले जारी कार्यक्रम के अनुसार, पंजीकरण सह आवेदन प्रक्रिया 21 अप्रैल को शुरू होने वाली थी, जोकि 30 अप्रैल, 2024 शाम 5 बजे समाप्त होती। आइआइटी मद्रास ने पंजीकरण शुरू करने की तिथि को थोड़ा आगे बढ़ा दिया है। संशोधित तिथियों के अनुसार, जेईई एडवांस्ड के लिए पंजीकरण और आवेदन 27 अप्रैल से 07 मई, 2024 के बीच किया जाएगा।

योग में रोजगार की बेहतर संभावनाएं

विशेषज्ञ की कलम से

योग दुनियाभर के हजारों लोगों के लिए एक प्राकृतिक उपचार का माध्यम बनता जा रहा है। भारतीय योग पद्धति का प्रचार-प्रसार आज इतना अधिक हो गया है कि विश्वभर में 350 मिलियन से अधिक लोग नियमित रूप से योग का अभ्यास करते हैं। योग की लोकप्रियता का आलम यह है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया जाता हैं।

एक अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में 10 लाख और लोग योग से जुड़ सकते हैं। योग में करिअर आज की दुनिया में बेहतर भुगतान वाली नौकरियों में से एक हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि योग से कमाई शुरू करने के लिए आपको नवउद्यम शुरू करने की जरूरत नहीं है। आइए जानते हैं कि किन पाठ्यक्रमों के जरिए योग में रोजगार के मौके मिल सकते हैं।

योग शिक्षक : एक योग शिक्षक वरिष्ठ पद की श्रेणी में आता है। एक बार जब आप प्रशिक्षक का पद प्राप्त कर लेते हैं, तो आप एक अनुभवी योग शिक्षक बन सकते हैं।

योग प्रशिक्षक : योग प्रशिक्षकों का उद्देश्य अपने छात्रों को सभी योग आसन सिखाना होता है।

हाइब्रिड योग अनुदेशक : एक हाइब्रिड योगा अनुदेशक कई योगों को एक साथ सम्मिश्रित करके विभिन्न आसनों जैसे अष्ट्र योग, नृत्य, एरोबिक्स, जुम्बा और बहुत कुछ पढ़ाने जैसी अन्य गतिविधियों के साथ जोड़ता जाता है।

योग प्रस्तुतकर्ता : यह यूट्यूब, वर्कशाप और टेलीविजन की वजह से सबसे अधिक प्रचलित नौकरियों में से एक है। इसमें प्रोफेशनल्स को अपना योग कौशल दिखाना होता है।

ये हैं पाठ्यक्रम

- बीएससी इन योग
- बीए इन योग
- एमए इन योग
- एमएससी इन योग
- यूजी डिप्लोमा इन योग
- पीजी डिप्लोमा इन योग
- सर्टिफिकेट इन योग
- योग टीचर ट्रेनिंग कोर्स
- बीएड इन योग

ये हैं संस्थान

- स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बंगलुरु
- देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार
- बिहार योग विद्यालय, मुंगेर, बिहार
- मोरारजी देसाई योग संस्थान, आगरा
- भारतीय विद्या भवन, दिल्ली
- कैवल्यधाम योग संस्थान, पुणे
- भारतीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, नई दिल्ली

योग में करिअर के लिए परीक्षा

आयुष मंत्रालय ने योग पेशेवरों के लिए प्रमाणित क्यूसीआइ परीक्षा शुरू की है। परीक्षा मुख्य रूप से उन लोगों के लिए है जो क्यूसीआइ विभाग (भारत का गुणवत्ता नियंत्रण) द्वारा प्रमाणीकरण प्राप्त करना चाहते हैं। इस परीक्षा के दो स्तर हैं। पहले स्तर की परीक्षा प्रशिक्षक से संदर्भित होती है, जबकि दूसरे स्तर की एक शिक्षक के रूप में।

योग पेशेवर कैसे बन सकते हैं

इसके लिए कई पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं, जिसमें आप डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त कर एक पेशेवर योग गुरु अथवा प्रशिक्षक बन सकते हैं। इसके लिए कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

यह योग में पाठ्यक्रमों के लिए पात्र होने और योग, ध्यान में करिअर शुरू करने का पहला कदम है। यदि आप योग में विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आपके पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, लेकिन जरूरी नहीं कि योग में ही हो।

योग करने और इसमें करिअर बनाने के लिए व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। योग में करिअर बनाने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति की उम्र कम से कम 15-17 वर्ष होनी चाहिए।

योग पेशेवरों के लिए अवसर

भारत में औसत सरकारी योग शिक्षक का वेतन 25 हजार से 35 हजार प्रति माह है। विदेशों में यह वेतन ज्यादा होता है। इस क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित प्रशिक्षक के रूप में और एक मास्टर या पीएचडी डिग्री के साथ, एक व्यक्ति प्रति माह एक लाख तक कमा सकता है।

-संजय सिंह बघेल, *शिक्षक, दिल्ली विश्वविद्यालय*

सूचनापट्ट

जामिया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय अपनी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) के जरिए हर साल सिविल सेवा की तैयारियां निशुल्क करवाती है। इस साल भी ऐसे उम्मीदवारों से जामिया ने आवेदन मांगे हैं जो सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हैं। यही नहीं सिविल सेवा (प्रारंभिक, सह व मुख्य) परीक्षा 2024 की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग के साथ छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध करवाती है। इस कार्यक्रम के लिए अल्पसंख्यक, एससी, एसटी और महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय दस केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा, जिनमें दिल्ली, श्रीनगर, जम्मू, हैदराबाद, गुवाहाटी, मुंबई, पटना, लखनऊ, बंगलुरु और मलप्पुरम हैं। अभी तक आरसीए के 600 छात्रों ने सिविल सेवाओं और अन्य केंद्रीय व राज्य सेवाओं में सफलता हासिल की है। प्रशासन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के प्रारूप, पात्रता, परीक्षा केंद्र व उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अंतिम तिथि : 19 मई, 2024

आइसीएआर एआइईईए

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा (आइसीएआर एआइईईए 2024) स्नातकोत्तर के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आइसीएआर एआइईईए पीजी के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 1,120 रुपए, ओबीसी (नान क्रीमी लेयर) और ईडब्लूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 1,100 रुपए का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। वहीं, एससी, एसटी, पीडब्लूडी और ट्रांसजेंडर श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को 550 रुपए का आवेदन शुल्क देना होगा। परीक्षा देने के लिए पात्र उम्मीदवारों के पास भारतीय नागरिकता होनी चाहिए और 31 अगस्त, 2024 को उनकी आयु कम से कम 19 वर्ष होनी चाहिए और चार/छह वर्ष की अवधि वाला स्नातक कार्यक्रम पूरा कर लिया हो।

अंतिम तिथि : 11 मई, 2024

जेईईसीयूपी

उत्तर प्रदेश की संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने जेईईसीयूपी 2024 की पंजीकरण की तारीख बढ़ा दी है। जो उम्मीदवार पालिटेक्निक के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे जेईईसीयूपी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जेईईसीयूपी 2024 स्कोर का उपयोग उत्तर प्रदेश के 147 सरकारी, 18 सहायता प्राप्त और 1,874 निजी क्षेत्र के पालिटेक्निक संस्थानों में 77 कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाएगा। बता दें कि यूपी पालिटेक्निक प्रवेश परीक्षा स्थगित की गई है लेकिन नई तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। ऐसी उम्मीद है कि जल्द ही नई परीक्षा तारीखें जारी होंगी। पंजीकरण की नई तारीख आने से एक बात तो साफ है कि इसके बाद ही परीक्षा आयोजित होगी।

अंतिम तिथि : 10 मई, 2024

लखनऊ विश्वविद्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमबीए पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए कुल 640 सीट होंगी। इसमें व्यावसायिक प्रशासन विभाग (लुम्बा) में रेगुलर 60 और सेल्फ फाइनेंस मोड पर 120 सीट हैं। इसी तरह वाणिज्य विभाग के एमबीए फाइनेंस एंड अकाउटिंग में 60 सीट हैं। वहीं नवीन परिसर स्थित इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में एमबीए एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग व फाइनेंस एंड कंट्रोल की कुल 420 सीट हैं। आचार्य की 20 सीट पर प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। लाइब्रेरी साइंस में बैचलर व मास्टर की कुल 65 सीट हैं। इसमें बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस की रेगुलर और सेल्फ फाइनेंस की 20-20 सीट हैं। मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की 25 सीट पर आवेदन लिए जा रहे हैं।

अंतिम तिथि : 10 जून, 2024

जानें-सीखें

कहीं काम न बिगाड़ दे एआइ निर्मित 'रिज्यूमे'

किसी भी क्षेत्र में फिर चाहे वह सरकारी हो या प्राइवेट, नौकरी पाने के लिए साक्षात्कार के चरण से गुजरना होता है। साक्षात्कार तक बात पहुंचने के लिए जरूरी है कि आपका रिज्यूमे कंपनी को पसंद आए। यदि आपका रिज्यूमे कंपनी को पसंद नहीं आता है तो आगे की प्रक्रिया के लिए आपका चयन नहीं होगा। रिज्यूमे बनाने के लिए आजकल एआइ (कृत्रिम बुद्धिमता) का खूब इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एआइ से रिज्यूमे बनाना आपको महंगा पड़ सकता है। एआइ निर्मित रिज्यूमे नौकरी पाने की आपकी संभावना को कम कर सकता है।

रिज्यूमे जीनियस के एक ताजा सर्वेक्षण में पाया गया कि भर्ती करने वाले प्रबंधक के लिए एआइ निर्मित रिज्यूमे लाल श्रेणी में आ रहे हैं। रिज्यूमे जीनियस ने अमेरिका में 625 भर्ती करने वाले प्रबंधकों का सर्वे किया है। इस सर्वे के दौरान पाया गया कि भर्ती करने वाले आधे से अधिक (53%) प्रबंधकों का कहना है कि उन्हें एआइ निर्मित रिज्यूमे प्राप्त होते हैं। इस सर्वे में पाया गया कि एआइ से बने रिज्यूमे देखने में बनावटी और झूठे लगते हैं। जानकारों का कहना है कि जब भी कोई रिज्यूमे देखते हैं तो बहुत जरूरी है कि उसमें दी गई क्षमताओं और अनुभव की जानकारी सच्ची हो। इस सर्वे में एक और बात निकलकर सामने आई। यदि आप रिज्यूमे बनाने के लिए पूरी तरह से एआइ पर भरोसा करते हैं तो यह बताता है कि आप अपनी नौकरी के लिए सचेत नहीं हैं।

आंख बंद करके भरोसा नहीं कर सकते

यदि आप एआइ का उपयोग करना चुनते हैं तो यह संभावित रूप से आपके बायोडाटा प्रभावित कर सकता है। खैर, आपके पास यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि एआइ आपके लक्ष्य या आप जिस नौकरी की तलाश कर रहे हैं उसे समझता भी है या नहीं। इसका मतलब यह हो सकता है कि यह पुराने समाचार स्रोतों या लेखों से प्राप्त पुरानी जानकारी का उपयोग करके आपका बायोडाटा लिखेगा। मूल शब्द और अर्थ गलत हो सकते हैं।

साफ, सरल रिज्यूमे सबसे प्रभावी

आप जो पहले ही लिख चुके हैं उसमें सुधार के लिए एआइ बहुत अच्छा है, लेकिन ये सही रिज्यूमे तैयार करने की गांरटी नहीं देता, आप इनसे थोड़ी बहुत मदद ले सकते हैं, लेकिन आंख बंद कर के भरोसा नहीं कर सकते। ऐसे में किसी भी उम्मीदवार को अपना रिज्यूमे बनाते समय मेहनत करनी चाहिए, आखिरकार ये आपकी नौकरी का सवाल है।

युवा शक्ति डेस्क

अपना लक्ष्य कैसे हासिल हो, इस पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी

परामर्श

बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों के बाद भविष्य को लेकर छात्र-छात्राओं की धड़कनें तेज हो जाती हैं। ऐसे में छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों के करिअर को लेकर फिक्रमंद नजर आने लगते हैं। दसवीं और 12वीं की परीक्षा के साथ ही बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुट जाते हैं, उन पर दोहरा दबाव रहता है। अपना लक्ष्य कैसे हासिल हो इस पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है न कि दूसरे क्या कर रहे हैं।

आमतौर पर इंजीनियरिंग और मेडिकल की परीक्षा ही इन बच्चों का विकल्प बनती है लेकिन वर्तमान में कई ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं जिनमें बच्चे अपना करिअर संवार सकते हैं। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के बाद ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को धार दें, जो परीक्षा बाकी है उसको गंभीरता से लें और बिना समय गंवाए अपनी तैयारी में लग जाएं। करिअर को लेकर तनाव लेने की जरूरत नहीं है, जो सामने है पहले उसमें अपना शत फीसद दें, इसके बाद ही आगे का रास्ता चुने। करिअर के चयन से पहले विज्ञान, कला और वाणिज्य वर्ग का चयन जरूरी होता है। कोई विषय बहुत अच्छा या खराब नहीं है। यह जरूरी है कि आपकी अभी तक की पढ़ाई का स्तर क्या है, रुचि क्या है और किसमें संभावना है। इसके बाद यह जानना जरूरी है कि किस प्रवेश परीक्षा की तैयारी आपको करनी है। माता-पिता भी अपने बच्चों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने में मदद कर सकते हैं।

पर्यटन

नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर बुधवार को कुछ इस अंदाज में नजर आए विदेशी सैलानी।

सीयूईटी यूजी : पांच विषयों में सबसे कठिन प्रतिस्पर्धा

जरूरी जानकारी

क्या आपने सीयूईटी यूजी 2024 का आवेदन भरा है? अगर हां, तो ये भी जान लीजिए कि आपके अलावा और कितने लोगों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है? क्योंकि जितने ज्यादा उम्मीदवार, उतनी ही ज्यादा कठिन होगी प्रतिस्पर्धा। अब जब सीयूईटी का पंजीकरण खत्म हो चुका है, तब राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने आंकड़े बताए हैं। इसके अनुसार इस साल सीयूईटी यूजी के लिए कुल 13,47,618 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। जो पिछले साल से करीब डेढ़ लाख कम हैं। पिछले साल 14.9 लाख आवेदन आए थे। लेकिन खास बात यह है कि आवेदन करने वाले छात्र इस बार पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने प्रश्नपत्र देंगे। पिछले वर्ष 14.9 लाख छात्रों ने 28 लाख प्रश्नपत्र दिए, जबकि इस बार यह संख्या 57.6 लाख की है।

परीक्षा का आयोजन 'हाइब्रिड मोड' पर

इस साल सीयूईटी यूजी परीक्षा का आयोजन हाइब्रिड मोड पर होने वाला है। एनटीए पहले ही बता चुका है कि जिन विषयों में ज्यादा पंजीकरण होंगे, उनकी परीक्षा आफलाइन तरीके से ली जाएगी। वहीं ज्यादा आवेदन यानी कि इसमें ज्यादा चुनौती भी होगी। जानकारी के अनुसार, सीयूईटी यूजी 2024 में जिन विषयों में सबसे ज्यादा पंजीकरण हुए हैं, उनमें से प्रमुख 5 (अंग्रेजी, सामान्य परीक्षा, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित) हैं।

सबसे ज्यादा आवेदन उत्तर प्रदेश से

सीयूईटी यूजी 2024 परीक्षा के लिए सबसे ज्यादा आवेदन उत्तर प्रदेश से आए हैं। यूपी से 3.4 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। वहीं, दिल्ली से 1.4 लाख विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। बिहार से 99 हजार और झारखंड से 90 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। सीयूईटी यूजी परीक्षा 2024 के लिए सामान्य वर्ग से 5,43,542 विद्यार्थी हैं। कुल विद्यार्थियों में से 7,17,111 पुरुष, 6,30,500 महिलाएं और 7 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

विषय	आवेदन की संख्या
अंग्रेजी	10,07,336
सामान्य परीक्षा	8,34,207
रसायन विज्ञान	7,01,750
भौतिकी	6,72,773
गणित	4,86,365

पिछले साल भी सबसे ज्यादा आवेदन अंग्रेजी के लिए ही आए थे। हालांकि इस साल ये संख्या पिछली बार से कहीं ज्यादा है। 2023 सीयूईटी यूजी में अंग्रेजी के लिए 7.19 लाख विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था।

परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

- **262** *विश्वविद्यालय इस बार परीक्षा में भागीदारी कर रहे हैं*
- **6** *विषयों की अधिकतम परीक्षा दे सकता है एक छात्र*
- **10** *विषयों में परीक्षा दे सकते थे विद्यार्थी पिछले साल तक*
- **4.3** *विषय औसतन चुने हैं इस बार एक छात्र ने*
- **2.3** *फीसद था पिछले साल का यह आंकड़ा*

पिछले साल यानी सीयूईटी यूजी 2023 में 22 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को शत फीसद अंक मिले थे। सीयूईटी मेधा सूची में भी सबसे ज्यादा मेधावियों की संख्या अंग्रेजी विषय में थी। उसके बाद जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र का स्थान रहा था। इसके अलावा अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज, इतिहास और राजनीति विज्ञान जैसे विषयों में भी 2023 में 1000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने शत-फीसद अंक हासिल किए थे।

लोस चुनाव में दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई : राहुल गांधी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई करार दिया जिसमें एक तरफ 'इंडिया' समूह संविधान के लिए लड़ रहा है वहीं दूसरी ओर भाजपा संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। राहुल गांधी ने चुनाव के लिए अपनी पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अगर 'इंडिया' समूह सत्ता में आता है, तो यह आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार होगी।

उन्होंने कर्नाटक के मांड्या में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस और 'इंडिया' समूह है जिसने संविधान के लिए लड़ाई लड़ी, देश को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी ओर भाजपा है, जो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है और सभी संस्थानों में अपने लोगों को नियुक्त कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार 22 से 25 अमीर लोगों की है लेकिन कांग्रेस ऐसी सरकार देगी जो आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के लिए काम करेगी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार 'हफ्ता बाजी' चलाती है। इसके साथ ही उन्होंने अब खत्म हो चुकी चुनावी बांड योजना को दुनिया में अब तक का

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' समूह ने संविधान के लिए लड़ाई लड़ी, देश को संविधान और लोकतंत्र दिया।

सबसे बड़ा जबरन वसूली घोटाला करार दिया। राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि वे चुनावी बांड पर प्रधानमंत्री मोदी का साक्षात्कार गूगल पर देखें कि उनके हाथ कैसे कांप रहे थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क पर इसे जबरन वसूली और हफ्ताबाजी कहा जाता है। आमतौर पर छोटे-मोटे गुंडे ऐसे काम करते हैं। वे धमकाते हैं और पैसे वसूलते हैं। चुनावी बांड दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा जबरन वसूली घोटाला है। यही वजह है कि इसे स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री के हाथ कांप रहे थे। एक महीने पहले चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद वह कांग्रेस शासित कर्नाटक की पहली यात्रा पर आए हैं। मांड्या क्षेत्र में कांग्रेस का मुकाबला जद (सेकु) से है जिसका भाजपा के साथ गठबंधन है। इस सीट पर जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी और 'स्टार चंद्रू' के नाम से मशहूर कांग्रेस नेता वेंकटरमण गौड़ा के बीच सीधा मुकाबला है।

मोदी सरकार जल्द ही कर देगी नक्सलियों का सफाया : शाह

कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद मारे जा चुके हैं 80 से ज्यादा नक्सली

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अहमदाबाद में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार बहुत कम समय में देश से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया कर देगी। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 29 माओवादियों को मार गिराने के एक दिन बाद उन्होंने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद और नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

शाह ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले समय में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे और मोदी के नेतृत्व में हम बहुत कम समय में अपने देश से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि तीन महीने पहले छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद से 80 से अधिक नक्सलियों को मारा जा चुका है, 125 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है और 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से, 250 से अधिक ऐसे शिविर स्थापित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि भीषण गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे और मौके से बड़ी मात्रा में हथियार जब्त किए गए थे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा शहर में राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंगलवार शाम को रोड शो करने के बाद वे रात भर छिंदवाड़ा में रुके थे। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि राम नवमी के शुभ अवसर पर, मैंने छिंदवाड़ा में श्री राम मंदिर का दौरा किया और देश की निरंतर प्रगति और देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

'कांकेर मुठभेड़ से माओवादियों के आपूर्ति तंत्र को झटका'

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पुलिस ने दावा किया है कि इससे माओवादियों की उत्तर बस्तर 'डिवीजन कमेटी' को बड़ा झटका लगा है। यह कमेटी क्षेत्र में अवैध लेवी वसूलने और संगठन के आपूर्ति तंत्र को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में रामनवमी के अवसर पर राम मंदिर में पूजा की।

'जम्मू-कश्मीर की गरिमा पर जारी हमले को उजागर करेंगे'

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (ब्यूरो)।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि प्रतिद्वंद्वी दलों पर दोषारोपण करने के खेल में संलिप्त हुए बिना वह जम्मू-कश्मीर के लोगों की गरिमा और इसकी धरती व अन्य संसाधनों की पर जारी 'हमले' को उजागर करेंगी। मुफ्ती ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में कहा कि हमारा उद्देश्य दोषारोपण करने का खेल खेलना नहीं है।

उन्होंने कहा, हम बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं। हमारे संसाधनों, हमारी भूमि और हमारी गरिमा पर हर दिन हमला किया जा रहा है। मुझे लगता है कि हमें इसके बारे में बात करनी चाहिए। मैं इसमें नहीं जाना चाहती कि (जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री) उमर अब्दुल्ला या किसी और ने क्या कहा है। पीडीपी अध्यक्ष दक्षिण कश्मीर जिले में चुनाव प्रचार कर रही थीं जो अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। उनका मुकाबला नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार मियां अल्ताफ अहमद और अन्य से है। मुफ्ती ने दोहराया कि उनकी पार्टी को नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे गुलाम नबी

श्रीनगर, 17 अप्रैल (भाषा)।

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनकी पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

डीपीएपी के कश्मीर क्षेत्र के अध्यक्ष मोहम्मद अमीन भट ने कहा कि पार्टी ने अब अपने नेता मोहम्मद सलीम पर्रा को सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती व नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता मियां अल्ताफ अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भट ने अनंतनाग में कहा कि आजाद (अनंतनाग-राजौरी सीट से) चुनाव नहीं लड़ेंगे। आजाद के साथ एक बैठक हुई और फैसला लिया गया कि वकील सलीम पर्रा अनंतनाग-राजौरी सीट से डीपीएपी उम्मीदवार होंगे। डीपीएपी नेता ने कहा कि आजाद के पास चुनाव न लड़ने के कुछ कारण हैं। हालांकि उन्होंने उन कारणों का खुलासा नहीं किया। भट ने कहा कि उन्होंने (बैठक में) कुछ कारण बताए और फिर हमने पर्रा को सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया।

भाजपा ने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेरा, 2024 में जाना तय : कांग्रेस

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (ब्यूरो)।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के एक बयान को लेकर बुधवार को उन पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री ने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, 2019 से लोगों के साथ विश्वासघात किया और अब 2024 में उनका सत्ता से बाहर होना तय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को असम में एक चुनावी जनसभा में कहा कि वह 2014 में लोगों के बीच आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि वह 2014 में आशा के साथ, 2019 में विश्वास के साथ और 2024 में अपनी गारंटी के साथ लोगों के पास आए। हकीकत में, उन्होंने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, 2019 से लोगों के साथ विश्वासघात किया है और अब 2024 में उनका सत्ता से बाहर होना तय है।

सोनार प्रणालियों के परीक्षण के लिए केरल में अत्याधुनिक केंद्र की शुरुआत

पनडुब्बीरोधी शोध क्षमताओं में होगा इजाफा

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (ब्यूरो)।

नौसेना अब केरल स्थित अत्याधुनिक केंद्र में सोनार प्रणाली को लेकर परीक्षण व अध्ययन कर सकती है। बुधवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत ने इस केंद्र का उद्घाटन किया।

इस केंद्र में मौजूद आधुनिक सुविधाओं से नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध अनुसंधान क्षमताओं में खासा इजाफा होगा। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा कि ध्वनिक विशेषता और मूल्यांकन (स्पेस) के लिए केरल के इडुक्की में 'अंडरवाटर अकास्टिक रिसर्च फैसिलिटी' में एक खास केंद्र तैयार किया गया है।

डीआरडीओ की भौतिक और महासागरीय प्रयोगशाला द्वारा स्थापित 'स्पेस' को जहाजों, पनडुब्बियों और हेलिकाप्टर सहित विभिन्न प्लेटफार्म पर नौसेना के लिए निर्धारित सोनार प्रणालियों के परीक्षण व मूल्यांकन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इसमें दो अलग-अलग ढांचे शामिल होंगे। एक प्लेटफार्म पानी पर तैरता है और एक अन्य प्लेटफार्म को विंच सिस्टम का इस्तेमाल करके 100 मीटर तक नीचे उतारा जा सकता है।

डीआरडीओ के अधिकारियों ने कहा कि 'स्पेस' का इस्तेमाल मुख्य रूप से संपूर्ण सोनार प्रणाली के मूल्यांकन के लिए किया जाएगा, जिससे सेंसर और ट्रांसड्यूसर जैसे उपकरणों की जल्द तैनाती में मदद मिलेगी।

कांग्रेस का निर्वाचन आयोग से सवाल

चुनावी बांड पर बात करना आपत्तिजनक क्यों लगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से कुछ पोस्ट हटाए जाने संबंधी निर्वाचन आयोग के आदेश को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार के 'काले कारनामे' के बारे में बताने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

पार्टी की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यह सवाल भी किया कि आखिर निर्वाचन आयोग को चुनावी बांड के बारे में बात करना क्यों आपत्तिजनक लगा।

दरअसल, निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कारण सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को वाईएसआर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के चुनिंदा पोस्ट हटाने का मंगलवार को आदेश दिया। इस संबंधी आदेश दो अप्रैल और तीन अप्रैल को जारी किए गए थे और आयोग द्वारा 10 अप्रैल को इस संबंध में एक और ईमेल भेजा गया जिसमें उसने कहा कि 'एक्स' द्वारा इन चार पोस्ट को नहीं हटाने पर इसे 'जानबूझकर आचार संहिता के उल्लंघन' का मामला माना जाएगा। सुप्रिया ने कहा कि सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने एक खबर साझा की जिसमें उन्हें चुनाव आयोग की तरफ से चार हैंडल के ट्वीट हटाने का निर्देश आया है। हालांकि, एक्स का कहना है कि हम अभिव्यक्ति की आजादी में रुकावट नहीं डालना चाहते, लेकिन हमारे पास यह निर्देश आया, इसलिए हमें ऐसा करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नफरत भरा भाषण दे रहा है, धर्म का इस्तेमाल कर रहा या किसी व्यक्ति के खिलाफ भद्दी टिप्पणियां कर रहा है तो वह उल्लंघन होता है। लेकिन डिलीट हुई पोस्ट में चुनावी बांड के बारे में उस सच की बात की गई थी, प्रधानमंत्री मोदी जिसे छिपाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

आस्था

श्रीनगर में बुधवार को रामनवमी उत्सव के अवसर पर निकली शोभायात्रा में भाग लेते कश्मीरी पंडित।

पेज 1 का बाकी

भाजपा 150 सीट तक सिमट जाएगी : राहुल

मिला। दोहरे इंजन की सरकार की बात करने वालों के चुनावी सामग्री पर केवल एक ही चेहरा है और इस चुनाव के बाद वह भी गायब हो जाएगा। किसी भी चुनाव सामग्री प्रत्याशी का चेहरा नहीं है।राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है। विपक्षी गठबंधन इंडिया संविधान और लोकतंत्र को बचाने में लगा है, जबकि आरएसएस- भाजपा इसे खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी जैसे प्रमुख मुद्दों से इतर भाजपा 24 घंटे लोगों को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनावी बांड योजना राजनीति को साफ करने के लिए लाई गई थी, यदि ऐसा है तो सुप्रीम कोर्ट ने इस रद्द क्यों किया?

उन्होंने दावा कि जांच एजंसी पहले कंपनियों पर छापेमारी करती है, फिर भाजपा को चंदा देने के बाद जांच बंद हो जाती है। सीटों के अनुमान पर राहुल ने कहा कि वह अनुमान नहीं लगाते हैं लेकिन 10-15 दिन पहले तक लग रहा था कि भाजपा को 180 सीटें मिलेंगी, अब लग रहा है कि वह 150 तक सिमट जाएगी। हर राज्य में हमारी स्थिति मजबूत हो रही है और भाजपा के खिलाफ अदृश्य लहर है। उत्तर प्रदेश में गठबंधन को शक्तिशाली बताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश का पूरा धन कुछ चुनिंदा लोगों को दे दिया है। हम जातिगत जनगणना कराएंगे, गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देंगे और युवाओं को प्रशिक्षुता का अधिकार देंगे। साथ ही एमएसपी की कानूनी गारंटी देकर किसानों का कर्ज भी माफ करेंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा, बदलाव की बयार चल रही है, प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। 'राजग' (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की हर बात झूठ निकली है। गठबंधन एक नई उम्मीद है, जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होने लगेगी। सामाजिक न्याय और लोगों के मान सम्मान के लिए जातिगत जनगणना को जरूरी कदम बताया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच समझौते के बाद दोनों नेताओं ने पहली बार संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इससे पहले 2017 के विस चुनाव के समय भी दोनों नेताओं ने साझा प्रेस वार्ता की थी। उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से कांग्रेस 17 और सपा कुछ अन्य सहयोगी दलों के साथ 63 सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

किसानों ने रेल पटरियों पर डेरा डाला

सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आदेश नहीं आने पर किसानों ने शंभू सीमा के पास रेल पटरियों पर धरना शुरू कर दिया।

किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी तीन किसानों को रिहा नहीं किया। हमारा किसान साथी जेल में मरणाव्रत पर बैठा है। जब तक सरकार उन्हें रिहा नहीं करती है, किसान रेल की पटरियां खाली नहीं करेंगे। वहीं, किसान आंदोलन की अगुआई कर रहे सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि किसान रेल नहीं रोकना चाहते थे। मगर, उन्हें इसके लिए मजबूर किया गया है। सरकार ने 16 अप्रैल तक तीन किसानों की रिहाई का भरोसा देकर वादाखिलाफी की है। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो रेल रोको आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए चलेगा।उल्लेखनीय है कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसान बीते 13 फरवरी से आंदोलनरत हैं।

2014 में आशा, 2019 में विश्वास, अब गारंटी

में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने दस साल में प्राप्त कर लिया। मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ 500 वर्ष बाद उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि हम अयोध्या में उत्सव में शामिल नहीं हो सकते, लेकिन हमें अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर और भगवान राम की पूजा करके इस कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए।

इससे पहले मोदी ने बुधवार को राम नवमी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या अप्रतिम आनंद में है। पूरे देश में एक नया माहौल है। हम 500 वर्ष बाद भगवान राम का जन्मोत्सव उनके ही मंदिर में मना रहे हैं और यह सदियों की भक्ति व पीढ़ियों के बलिदान की वजह से हो पाया। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल तक बिना किसी भेदभाव के सभी को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जाता रहेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों का 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जाएगा ताकि परिवार पर बोझ न पड़े। एनडीए सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करती है और यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के वह लाभ मिले जिसके वे हकदार हैं। आपका यह बेटा (मोदी) आपके इलाज का खर्च उठाएगा।

'तीन तलाक' प्रथा खत्म करने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इससे मुसलिम महिलाओं को आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि हमने इसके खिलाफ एक कानून बनाया, जिससे न केवल मुसलिम बहनों को बल्कि उनके पूरे परिवार को फायदा हुआ, क्योंकि तीन तलाक ने कई महिलाओं व उनके परिवारों की जिंदगी तबाह कर दी थी।मोदी ने कहा कि असम में भी मुसलिम महिलाओं को इस कानून से फायदा हुआ है। असम में भी पिछले दस वर्षों के दौरान अभूतपूर्व विकास हुआ है और जब इरादे सही होते हैं, तो परिणाम भी अच्छे होते हैं।कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए जानबूझकर इस क्षेत्र की उपेक्षा की ताकि वे भ्रष्टाचार और लूट में लिप्त हो सकें। उन्होंने दावा किया कि स्थिति बदल गई है और क्षेत्र को 'सबका साथ, सबका विकास' का लाभ मिल रहा है।

कूचबिहार का दौरा रद्द करें बंगाल के राज्यपाल : आयोग

को पूरा जिला प्रशासन व पुलिस बल चुनाव प्रबंधन में व्यस्त रहेगा। ऐसे में राज्यपाल का दौरा जिला प्रशासन व पुलिस बल के लिए समयबद्ध चुनाव संबंधी कार्यों से ध्यान भटकाने वाला होगा। क्योंकि, उन्हें राज्यपाल के अप्रत्याशित प्रस्तावित दौरे के लिए प्रोटोकाल और स्थानीय स्तर पर सुरक्षा की व्यवस्था करनी पड़ेगी।जानकारों के अनुसार, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत कूचबिहार के लिए चुनाव प्रचार पर रोक की अवधि 17 अप्रैल शाम छह बजे से शुरू हो गई है, जिसमें चुनाव अधिकारियों को कई प्रतिबंधों और उच्च स्तर के प्रवर्तन पर काम करना होगा। निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों और जिला पुलिस प्रमुखों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी जाने-माने व्यक्ति, प्रचारक और राजनीतिक कार्यकर्ता चुनाव प्रचार पर रोक की अवधि शुरू होने के साथ ही क्षेत्र से बाहर चले जाएं, जो संबंधित चुनाव क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं।

पहले चरण का प्रचार थमा, 102 सीट पर मतदान कल; आठ मंत्रियों की किस्मत दांव पर

को दूसरी बार लगातार नागपुर सीट से विजयी बनाया था। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं। रिजीजू 2004 से तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। रिजीजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट कटने के बाद राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया। तमिलनाडु की नीलगिरि लोकसभा सीट पर द्रमुक सांसद एवं पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा का मुकाबला भाजपा के एल मुरुगन से है जो केंद्रीय मत्स्य राज्य मंत्री हैं। मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए मुरुगन पहली बार नीलगिरि लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम कांग्रेस के टिकट पर पुनः मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव व अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति के पिता, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम शिवगंगा लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने गए थे। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, उनका मुकाबला द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता गणपति पी राजकुमार और अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के सिंगाई रामचंद्रन से है। हाल ही में तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सौंदरराजन सक्रिय राजनीति में वापसी करते हुए चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं।

कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है, जिन्होंने 1980 के बाद से नौ बार इस सीट पर जीत हासिल की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 29 में से 28 सीट जीती थीं लेकिन छिंदवाड़ा में शिकस्त मिली थी। नकुल नाथ ने छिंदवाड़ा से भाजपा उम्मीदवार को 37,536 वोट से हराया था और राज्य में एकमात्र कांग्रेस सांसद के रूप में उभरे थे। पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच मुकाबला है।

मणिपुर के कानून एवं शिक्षा मंत्री और भाजपा के उम्मीदवार बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं और उनका मुकाबला जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर व कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है। भाजपा का गढ़ मानी जानी वाली उत्तरी राजस्थान की चूरू लोकसभा सीट पर दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी और भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार राहुल कस्वां से है। कस्वां ने टिकट मिलने पर मार्च में भाजपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था।

कठुआ में अंतरराष्ट्रीय रेखा के पास बना आदर्श मतदान केंद्र

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी 'जीरो लाइन' के पास कदयाला गांव के सरकारी उच्च विद्यालय (हाईस्कूल) को एक आदर्श मतदान केंद्र में तब्दील किया गया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया के बारे में जन जागरूकता और समझ बढ़ाने के प्रयास के तहत यह कदम उठाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हीरानगर सेक्टर में सीमा पर लगी बाड़ से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित आदर्श मतदान केंद्र का उद्घाटन कठुआ के जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मिन्हास ने किया। कठुआ जिला उधमपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है जहां 19 अप्रैल को पहले चरण में 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

www.readwhere.com

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
Container Corporation of India Ltd.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

ई–निविदा सूचना सं. कॉन/एरिया–III/सर्वे/टीएनपीएम/0424/01

आईसीडी/टीएनपीएम में कॉनकॉर टर्मिनल के लिए कंटेनरों/कार्गो के सर्वेक्षण और इन्वेंटरी मैनेजमेंट के लिए व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने हेतु इच्छुक पार्टियों से दो ई–निविदा प्रणाली में ई–टेंडर–सह–ई–रिवर्स ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है। ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **09.05.2024 को 15.00 बजे** तक एवं ऑनलाइन ई–निविदा खुलने की तिथि **10.05.2024 को 11.30 बजे** है। संक्षिप्त एनआईटी के लिए कृपया concorindia.com/eprocure.gov.in पर लॉग ऑन करें। विस्तृत ई–निविदा दस्तावेज और ऑनलाइन जमा के लिए tenderwizard.com/CCIL पर लॉग ऑन करें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए फोन नं. 044 26482192 पर संपर्क करें और ऑनलाइन जमा के लिए मैसर्स आईटीजाई लि.–011 49424365 या ई–मेल: sr.ro@concorindia.com पर संपर्क करें।

हस्ता./– सीजीएम/चेन्नई कलस्टर हैड

फार्म ए
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत]

मैसर्स एसएलआर टेकइंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ हेतु

संगत विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	मैसर्स एसएलआर टेकइंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि	17 जुलाई, 2001
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	कंपनी अधिनियम 1956 के तहत कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा, नई दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान सं.	U70102DL2001PTC111691
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय, यदि कोई हो, का पता	308, टॉवर–बी4, प्लॉट नं. 14 कम्युनिटी सेन्टर, कड़कड़डूमा, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली–110092
6.	कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवाला प्रारंभ तिथि	16 अप्रैल, 2024
7.	दिवाला समाधान प्रक्रिया बंद होने की अनुमानित तिथि	13 अक्टूबर, 2024
8.	अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने के लिए अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या	नाम : अमित अग्रवाल पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-02/IP-N00185/2017-18/10456
9.	बोर्ड के साथ पंजीकृत अनुसार अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का पता एवं ई–मेल	एच–63, विजय चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 ई–मेल आई.डी : amitagcs@gmail.com
10.	अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता एवं ई–मेल	एच–63, विजय चौक, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092 ई–मेल पता : sirtechinfra.amitagcs@gmail.com
11.	दावों को जमा करने की अंतिम तिथि	30 अप्रैल, 2024
12.	अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित किये गये अनुसार धारा 21 की उपधारा (6ए) के अनुच्छेद (ख) के अधीन लेनदारों का वर्ग, यदि कोई हो	वर्तमान में लागू नहीं है।
13.	एक वर्ग में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करने के लिए निर्धारित किये गये इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग में तीन नाम)	वर्तमान में लागू नहीं है।
14.	(क)संगत फार्म और (ख)अधिकृत प्रतिनिधि उपलब्ध रहने का विवरण	क) वेब लिंक : https://ibbi.gov.in/home/download भौतिक पता : जैसा की ऊपर पाइंट 10 में बताया गया है बी) लागू नहीं है

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली बैंच (कोर्ट–IV), नई दिल्ली ने 16 अप्रैल, 2024 को मैसर्स एसएलआर टेकइंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।

एसएलआर टेकइंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों को एतद्द्वारा नीचे मद 10 में वर्णित पते पर अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के पास 30 अप्रैल, 2024 को या उससे पूर्व अपने दावों के प्रमाण जमा करने के लिए सूचित किया जाता है।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा अपने दावों को जमा करेंगे। अन्य सभी लेनदार अपने दावे व्यक्तिगत या डाक या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के अधीन सूचीबद्ध अनुसार वर्ग से संबंधित वित्तीय लेनदार को फार्म सीए में वर्ग (वर्ग निर्दिष्ट करें) के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में काम करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के अधीन तीन रिजोल्यूशन प्रोफेशनल में से अपनी पसंद का एक अधिकृत प्रतिनिधि चुनना होगा।

दावों के झूठे या मिथ्या प्रमाण जमा करने पर दण्डित किया जायेगा।

हस्ता/–
अमित अग्रवाल
(अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल)
पंजी सं : IBBI/IPA-02/IP-N00185/2017-18/10456

दिनांक : 18.04.2024
स्थान : दिल्ली

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 11वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुंबई–400013, सीआईएन नं.: यू67190एमएच2008पीएलसी187552

अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

(प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत एक मांग सूचना दिनांकित निम्न वर्णितानुसार निर्गत की थी, जिसमें ऋणकर्ताओं को सूचना में अंकित राशि का, उक्त सूचना की तिथि से 60 दिवसों के अंदर, प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

ऋणकर्ता निर्धारित देयराशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को सामान्य रूप में सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणकर्ता को विषेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि सम्पत्ति का लेन–देन न करें तथा सम्पत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, यहां इसमें निम्न संदर्भित एक राशि तथा निम्नांकित तिथि से इस राशि पर आकलित ब्याज एवं दांडिक ब्याज, शुल्कों, लागतों, इत्यादि हेतु **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभाराधीन होगा।

ऋणकर्ता का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋण खाता संख्या	दायित्वधारक(कों)/विधिक उत्तराधिकारी(रियों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) के नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि	अधिग्रहण की तिथि
TCHHL035 0000 100085316 & TCHINO35 0000 100085318	श्रीमती सीमा शर्मा (ऋणकर्ता के रूप में) तथा श्री नवीन शर्मा और श्री आयुष शर्मा (सह–ऋणकर्ता / गारंटर के रूप में)	रु. 16,83,245/– ऋण खाता संख्या TCHHL0350000100085316 के अंतर्गत और रु. 71,203/– की राशि ऋण खाता संख्या TCHINO350000100085318 के अंतर्गत आपके द्वारा देय एवं भुगतानयोग्य है अर्थात् कुल रु. 17,54,448/– (रुपये सत्रह लाख चौव्वन हजार चार सौ अड़तालीस मात्र) 29/12/2023 के अनुसार बकाया	15.04.2024

प्रतिभूत परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों का विवरण : सं. 25 धारक आवासीय डीडीए फ्लैट के समस्त वह भाग तथा अंश जो प्रथम तल, श्रेणी एलआईजी, ब्लॉक – जी8, पॉकेट–03, सेक्टर जी8, डीडीए मार्केट, नरेला, दिल्ली – 110040 में स्थित है।

TCHHF0351 000 100215940	सौकत अली (उधारकर्ता के रूप में) और शहाना (सह–उधारकर्ता के रूप में)	रु. 13,43,294/– (रुपये तेरह लाख तैंतालीस हजार दो सौ चौरानबे मात्र) 18/01/2024 के अनुसार बकाया	16.04.2024

प्रतिभूत परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों का विवरण : सं. 111–बी (पुराना) और 117–बी (नया) धारक स्वामित्वधारक आवासीय संपत्ति के निर्मित प्रथम तल (छत / छज्जा अधिकारों के बिना) के समस्त भाग तथा अंश, अधिमापन 40 वर्ग गज अर्थात् 33.5 वर्ग मीटर, जो खसरा सं. 21/4/2 में समाविष्ट, उसके नीचे की भूमि में आनुपातिक स्वामित्वधारक अंश के साथ, ग्राम ख्याला, विष्णु गार्डन के नाम से विदित स्थान, ब्लॉक – एनई, नई दिल्ली – 110018 में स्थित, विक्रय विलेख के अंतर्गत निर्धारित समस्त सामान्य सुविधाओं के साथ है।

9419126	श्री रवि रंजन सिन्हा (उधारकर्ता के रूप में) और श्रीमती अनुश्री सिन्हा (सह–उधारकर्ता)	रु. 12,24,589/– (रुपये बारह लाख चौबीस हजार पांच सौ उन्यासी मात्र) 22/08/2023 के अनुसार बकाया	16.04.2024

प्रतिभूत परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों का विवरण : सं. 9 धारक आवासीय फ्लैट के समस्त वह भाग तथा अंश, जो द्वितीय तल पर, एलआईजी, ब्लॉक – एफ8, पॉकेट 03, सेक्टर जी–8, नरेला, नई दिल्ली–110040 में स्थित है।

दिनांक : 17–04–2024 **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : दिल्ली राराक्षे **कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजी. ए/डी/दस्ती/चिपकाने/ड्रम बजाने एवं विक्रय की डीआरटी उद्घोषणा के प्रकाशन/सूचना पट द्वारा
वसूली अधिकारी–I का कार्यालय
ऋण वसूली अधिकरण–I मुंबई
द्वितीय तल, टेलीफोन भवन, स्ट्रैंड रोड, कोलाबा
मार्केट, कोलाबा, मुंबई – 400 005

एक्स.–318

आर.पी. नं. 140/2005 दिनांक:– 16/04/2024

बैंक एवं वित्तीय संस्थान को देय ऋण वसूली अधिनियम 1993 के साथ पठित आय कर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अंतर्गत विक्रय की उद्घोषणा

बैंक ऑफ बड़ौदा (देना बैंक))... प्रमाणपत्र धारक
) (ऑर्ग. आवेदकगण)

विरुद्ध

मैसर्स सीएफएल कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड)... प्रमाणपत्र देनदार
(परिसमापन) एवं अन्य) (ऑर्ग. प्रतिवादीगण)

सीडी–1: ओएल उच्च न्यायालय, कोलकाता,
सीएफएल कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (परिसमापन के अंतर्गत), सेंचुरी प्लाजा, कमरा नंबर 233, 81, नेताजी सुभाष चंद्र बोस रोड, कोलकाता – 700 001 **और**
207/215, बेजोला कॉम्प्लेक्स, बी"–विंग, सायन ट्रॉम्बे रोड, चेंबूर, मुंबई–400 071
सीडी–2: भारतीय स्टेट बैंक,
औद्योगिक वित्त शाखा, "आर्केड" द्वितीय तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कफे परेड, मुंबई–400 005
सीडी–3: बैंक ऑफ बड़ौदा, औद्योगिक वित्त शाखा,
42, बड़ौदा हाउस, कावासजी पतेई स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई–400 023
सीडी–4: बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड, 25 स्ट्रैंड रोड, कोलकाता–700 001
सीडी–5: दि कैथोलिक सीरियन बैंक, 53 ईस्ट एंड वेस्ट बिल्डिंग, पी. एम. रोड, फोर्ट, मुंबई
सीडी–6: धनलक्ष्मी बैंक, 109, थाइनवू चेट्टी स्ट्रीट, चेन्नई–600 001
सीडी–7: फेडरल बैंक लिमिटेड, 25, नेल्सन मणिकम रोड, आर. एम. नगर, चेन्नई–600029
सीडी–8: ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, हर्ष भवन, "ई" ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली
सीडी–9: स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर, आईएफबी, फ्री प्रेस हाउस, 11वां तल, नरीमन प्वाइंट, मुंबई–400 021
सीडी–10: दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई–400 050
सीडी–11: एक्सिस बैंक (यूटीआई बैंक लिमिटेड), यूनिवर्सल इंश्योरेंस बिल्डिंग, पी. एम. रोड, फोर्ट, मुंबई–400 001
सीडी–12: विजया बैंक, एक्सेलसर शाखा, एक्सेलसर बिल्डिंग, रेवलीन स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई–400 001
सीडी–13: इंडियन बैंक, लक्ष्मी बिल्डिंग, पी. एम. रोड, फोर्ट, मुंबई–400 001

जबकि माननीय पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण संख्या I मुंबई ने ओ.ए. क्रमांक 179 /2002 में वसूली प्रमाणपत्र तैयार किया है, जो रु. 19,71,49,072.00 (रुपये उन्नीस करोड़ इकहत्तर लाख उनचास हजार बहत्तर मात्र) की प्रमाणपत्र देनदानों से ब्याज एवं लागत के साथ वसूली के लिये और रु. 268,09,42,759.00 (रुपये दो सौ अड़सठ करोड़ नौ लाख बयालीस हजार सात सौ उनसठ मात्र) की एक राशि 27/05/2024 तक वसूली प्रमाणपत्र/डिक्री के अनुसार ब्याज और शुल्क सहित वसूली योग्य है।

और जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त प्रमाणपत्र की संतुष्टि में नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

और जबकि रु. 268,09,42,759.00 (रुपये दो सौ अड़सठ करोड़ नौ लाख बयालीस हजार सात सौ उनसठ मात्र) की एक राशि का राशि पर लागत और ब्याज सहित, के अनुसार

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि स्थगन के किसी भी आदेश के अभाव में उक्त संपत्ति 27/05/2024 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच बेची जाएगी (यदि आवश्यक हो तो बंद होने से पहले अंतिम 5 मिनट में बोली के मामले में ऑटो एक्सटेंशन क्लॉज के साथ) जो ई–नीलामी द्वारा बेची जायेगी और बोलीदान जो है वह, "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से http://drt.auctiontiger.net की वेबसाइट के माध्यम से बी–704 वॉल स्ट्रीट–II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद–380006, गुजरात (भारत) के पते पर, संपर्क व्यक्ति : (1) श्री प्रवीण थेवर, मोबाइल +91 9265562818 / +91 9722778828, ईमेल : praveen.thevar@auctiontiger.net; संपर्क व्यक्ति (2): सुश्री सोनी हिमानी, मोबाइल +91 9081830222 के द्वारा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए इनसे संपर्क करें : श्री संदीप ए पटे, सहायक महाप्रबंधक, मोबाइल नंबर 9152941101
2. बिक्री नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित अनुसार उपरोक्त नामित प्रमाणपत्र देनदार की संपत्ति की होगी और उक्त संपत्ति से जुड़ी देनदारियां और दावे, जहां तक उन्हें सुनिश्चित किया गया है, प्रत्येक लॉट के समक्ष अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।
3. संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट लॉट में बिक्री के लिए रखा जाएगा, यदि प्राप्त होने वाली राशि संपत्ति के एक हिस्से की बिक्री से पूरी हो जाती है, तो शेष के संबंध में बिक्री तुरंत रोक दी जाएगी। बिक्री तब भी रोक दी जाएगी यदि, किसी भी लॉट को रद्द करने से पहले, उक्त प्रमाण पत्र में उल्लिखित बकाया, ब्याज लागत (बिक्री की लागत सहित) बिक्री करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है या उसकी संतुष्टि के लिए सबूत दिया जाता है कि ऐसे प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज और लागत का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को कर दिया गया है।
4. कोई भी अधिकारी या व्यक्ति, जिसका बिक्री के संबंध में कोई कार्यकर्तव्य है, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेची गई संपत्ति में कोई भी हित प्राप्त नहीं कर सकता अथवा प्राप्त करने का प्रयास नहीं कर सकता। बिक्री, आय कर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तों और उसके तहत बनाए गए नियमों और आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
5. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण हालांकि अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार निर्दिष्ट हैं, तथापि अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में हुयी किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगें।
6. परिसंपत्तियों की नीलामी निम्नलिखित विवरण के अनुसार की जाएगी :

क्र. सं.	संपत्ति का विवरण	निरीक्षण की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी	वृद्धि बोली
1.	फ्लैट नंबर 601, आदिश्वर अपार्टमेंट्स, 34, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली, अधिमापन 2346.53 वर्ग फुट, इस प्रकार परिसीमित है :– उत्तर–पूर्व में सर्विस रोड से, दक्षिण–पूर्व में फिरोज शाह रोड, दक्षिण–पश्चिम में प्लॉट नंबर 32, उत्तर–पश्चिम में सर्विस रोड।	16/05/2024	4,46,00,000/-	44,60,000/-	5,00,000/-

7. उच्चतम बोली लगाने वाले को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा। जब प्रस्तावित कीमत इतनी स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है कि ऐसा करना अनुचित हो जाता है, तो उच्चतम कीमत को अस्वीकार/स्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी के विवेक पर निर्भर करेगा।
8. बड़े पैमाने पर जनता को उक्त ई–नीलामी में बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ईएमडी राशि सहित ऑनलाइन ऑफर रु. 44,60,000/– (रुपये चौवालीस लाख साठ हजार मात्र) खाता संख्या 0383020000 1231, बैंक ऑफ बड़ौदा, जोनल स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच मेहर चैंबर, ग्राउंड फ्लोर डॉ. सुन्दरियाल बहल मार्ग, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई–400001, मुंबई में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से देय है, मुंबई स्थित प्रमाणपत्र धारक बैंक का आईएफएससी कोड संख्या : BARB0BALBOM (पांचवां अंक शून्य है)। टैन/पैन कार्ड और एड्रेस प्रूफ की प्रमाणित फोटोकॉपी ऑनलाइन ऑफर के साथ अपलोड की जाएगी। एक से अधिक संपत्ति के लिए प्रस्ताव अलग से दिया जाएगा। ईएमडी और अन्य जानकारी/विवरण के साथ ऑनलाइन ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि 22/05/2024 को शाम 4.30 बजे तक है। नीचे उल्लिखित अचल संपत्ति का भौतिक निरीक्षण संपत्ति स्थल पर दिनांक 16/05/2024 को मध्या. 11.00 से अप. 4.00 बजे के मध्य किया जा सकता है।
9. यदि वे अपनी ओर से या अपने प्रधानों की ओर से बोली लगा रहे हैं तो पैन कार्ड, पता प्रमाण और पहचान प्रमाण, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर और घोषणा की प्रति। बाद के मामले में, उन्हें अपना अधिकार जमा करना होगा और ऐसा नहीं करने पर उनकी बोलियां अस्वीकार कर दी जाएंगी। कंपनी के मामले में, कंपनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या कंपनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करने वाला कोई अन्य दस्तावेज और ऐसी जमा राशि की रसीद/काउंटर फाइल जो है वह उक्त सेवा प्रदाता या सीएच बैंक के पास ईमेल द्वारा या अन्यथा उक्त तिथि तक पहुंचनी चाहिए।
10. मूल रूप से हस्ताक्षरित नीलामी बोली फॉर्म की भौतिक प्रति, केवाईसी दस्तावेजों यानी पैन कार्ड, पते का प्रमाण और पहचान प्रमाण, ई–मेल आईडी, मोबाइल नंबर और घोषणा के साथ वसूली अधिकारी – 1 ऋण वसूली अधिकरण – 1, मुंबई के समक्ष 24/05/2024 को शाम 4.30 बजे तक या उससे पहले सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी, ऐसा न करने पर बोली निरस्त कर दी जाएगी।
11. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली राशि का 25% ईएमओ के समायोजन के बाद उपरोक्त पैरा 8 में उल्लिखित विवरण के अनुसार उक्त खाते में अगले बैंक कार्य दिवस पर यानी शाम 4.30 बजे तक जमा करना होगा।
12. क्रेता को अंतिम बोली राशि का शेष 75% संपत्ति की बिक्री की तारीख से 15 वें दिन या उससे पहले जमा करना होगा। यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश है, तो 15वें दिन के बाद पहले बैंक कार्य दिवस पर खाते में पैरा 8 में उल्लिखित अनुसार उपरोक्त के अलावा, क्रेता को रिकवरी अधिकारी, डीआरटी–I के पास 2% तक रु. 1,000/ और रु. 1,000/– की उक्त राशि से अधिक का 1% की दर पर पाउंडेज शुल्क भी जमा करना होगा जो रजिस्ट्रार, डीआरटी–I, मुंबई के पक्ष में डीडी के माध्यम से हो। 13. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, यदि अधोहस्ताक्षरकर्ता उचित समझे तो बिक्री के खर्चों का भुगतान करने के बाद जमा राशि सरकार द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता संपत्ति या संपत्ति के सभी दावों और जमा राशि से वंचित हो जायेगा। बिक्री की नई उद्घोषणा जारी होने के बाद संपत्ति को दोबारा बेचा जाएगा। इसके अलावा क्रेता अपनी अंतिम बोली राशि और जिस कीमत पर इसे बाद में बेचा जाता है, उसके बीच किसी भी कमी या अंतर की भरपाई करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।
14. नीलामी की समाप्ति पर असफल बोलीदाताओं को ईएमडी की वापसी संबंधित बैंक द्वारा ऐसे बोली लगाने वाले द्वारा उल्लिखित खाता संख्या पर ही की जाएगी।
15. संपत्ति "जैसी है जहां है आधार पर" और "जैसी है जो है आधार पर" बेची जा रही है।
16. यदि अनुचित पायी जाती है तो किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

अनुसूची

लॉट की सं.	बेची जाने वाली संपत्ति का सह–मालिकों के नाम के साथ विवरण, जहां संपत्ति डिफॉल्टर और सह– मालिक के रूप में किसी अन्य व्यक्ति की है।	संपत्ति या उसके किसी हिस्से पर राजस्व का आकलन किया गया	किसी अन्य ऋणभार का विवरण जो संपत्ति पर नियत है	दावा किया गया हो, यदि कोई, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किया गया है, और इसकी प्रकृति एवं मूल्य पर असर डालने वाले अन्य ज्ञात विवरण।
1	2	3	4	5
1.	फ्लैट नंबर 601, आदिश्वर अपार्टमेंट्स, 34, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली, अधिमापन 2346.53 वर्ग फुट, इस प्रकार परिसीमित है :– उत्तर–पूर्व में सर्विस रोड से, दक्षिण–पूर्व में फिरोज शाह रोड, दक्षिण–पश्चिम में प्लॉट नंबर 32, उत्तर–पश्चिम में सर्विस रोड।	अनुपलब्ध	बंधककृत संपत्ति	अनुपलब्ध

आज 16 अप्रैल, 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा के अंतर्गत निर्गत की गयी है।

हस्ता./–
(आशु कुमार)
वसूली अधिकारी
डीआरटी I, मुंबई

दिनांक : 16/04/2024
स्थान : मुंबई

मुहर

इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड
सीआईएनः L74110DL2007PLC396238
पंजीकृत ऑफिसः 607, 6वीं मंजिल, पर्ल्स बेस्ट हाइट -2, नेताजी सुभाष प्लेस, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110034

31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(अन्यथा बताए गए को छोड़कर सभी आंकड़े लाखों में हैं)

क्रं. स.	विवरण	समेकित वित्तीय आँकड़े					स्टैंडअलोन वित्तीय आंकड़े				
		तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त	वर्ष समाप्त
		31 मार्च 24 (ऑडिटेड)	31 दिसम्बर 23 (अन–ऑडिटेड)	31 मार्च 23 (ऑडिटेड)	31 मार्च 24 (ऑडिटेड)	31 मार्च 23 (ऑडिटेड)	31 मार्च 24 (ऑडिटेड)	31 दिसम्बर 23 (अन–ऑडिटेड)	31 मार्च 23 (ऑडिटेड)	31 मार्च 24 (ऑडिटेड)	31 मार्च 23 (ऑडिटेड)
1	कुल आय	10,063.05	6,383.75	6,809.67	29,562.38	24,550.15	10,063.05	6,383.75	6,809.66	29,562.38	24,550.15
2	कुल व्यय	9,417.67	6,288.42	6,571.95	27,665.88	23,832.65	9,417.67	6,288.42	6,571.95	27,665.88	23,832.65
3	असाधारण वस्तुओं और कर से पहले लाभ	645.37	95.32	237.72	1,896.51	717.50	645.37	95.32	237.71	1,896.51	717.50
4	कर से पहले लाभ/(हानि)	645.34	94.91	225.69	1,910.79	723.70	645.37	95.32	243.21	1,896.51	717.50
5	कर व्यय/(लाभ)										
6	वर्तमान कर	26.99	24.00	57.30	341.87	57.30	28.05	24.00	57.30	342.94	57.30
7	आस्थगित कर	25.45	-	-0.27	25.45	-0.27	25.45	-	-0.27	25.45	-0.27
8	अवधि के लिए लाभ/(हानि)	592.90	70.92	168.66	1,543.46	666.67	591.87	71.33	186.18	1,528.11	660.48
9	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	519.19	95.48	168.66	1,543.46	666.67	518.16	95.89	186.18	1,528.11	660.48
10	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	9,140.66	4,570.33	4,570.33	9,140.66	4,570.33	9,140.66	4,570.33	4,570.33	9,140.66	4,570.33
11	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	2,571.16	6,643.30	2,964.35	2,571.16	2,970.54	2,549.63	6,643.30	2,964.35	2,549.63	2,964.35
12	प्रति इक्विटी शेयर आय (प्रत्येक 1/– रु.)	0.06	0.02	0.04	0.28	0.15	0.06	0.02	0.04	0.27	0.14

टिप्पणियाँ:

ए) कंपनी के समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 133 के तहत निर्धारित इंड एएस के अनुसार संबंधित नियमों के साथ और सेबी के विनियमन 33 (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण) के संदर्भ में तैयार किए गए हैं। आवश्यकताएँ) विनियम 2015

बी) कंपनी एक रिपोर्ट योग्य खंड यानी आवश्यक वस्तुओं की ट्रेडिंग में काम करती है और इंड–एएस 108 के अनुसार कोई अलग रिपोर्ट करने योग्य खंड नहीं है।

ग) कंपनी के परिणाम निवेशकों के लिए **www.integraessentia.com, www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेश से
इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड
हस्ता/–
दीपक कुमार गुप्ता
पूर्णकालिक निदेशक सह सीईओ
डीआईएनः00057003

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 16 अप्रैल 2024

OFFER OPENING PUBLIC ANNOUNCEMENT UNDER REGULATION 18(7) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED ("SEBI (SAST) REGULATIONS, 2011") AND CORRIGENDUM TO THE DETAILED PUBLIC STATEMENT FOR THE ATTENTION OF THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

INDIA RADIATORS LIMITED

Registered Office: No. 88, Mount Road, Guindy, Chennai-600032, Tamil Nadu, India Tel: +91 44 40432211; Email: cs@indiaradiators.com, Website: www.indiaradiators.com; Corporate Identification Number: L27209TN1949PLC000963;

**OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UPTO 2,34,000 (TWO LAKH THIRTY FOUR THOUSAND) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF ₹10/- (RUPEES TEN ONLY) EACH ("EQUITY SHARES"), REPRESENTING 26% (TWENTY SIX PERCENT) OF THE VOTING SHARE CAPITAL OF INDIA RADIATORS LIMITED ("TARGET COMPANY"), FOR CASH, AT A PRICE OF ₹ 6/- (₹ 4.26/- IN TERMS OF REGULATION 8(2) OF THE SEBI (SAST) REGULATIONS, 2011 AND ₹ 1.74/- TOWARDS THE INTEREST @ 10% PER ANNUM FOR A PERIOD OF 4 YEARS FOR THE DELAY IN MAKING AN OPEN OFFER) ("OFFER PRICE") PER EQUITY SHARE AGGREGATING UPTO ₹ 14,04,000/- (RUPEES FOURTEEN LAKH FOUR THOUSAND ONLY), FROM THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF THE TARGET COMPANY BY MERCANTILE VENTURES LIMITED ("ACQUIRER") PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH THE REQUIREMENTS OF THE SEBI (SAST) REGULATIONS, 2011 ("OFFER" OR "OPE

ऐ भाई...

कृष्णा जिले में एक रोड शो के दौरान तेलगु देसम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू के साथ जनसेना पार्टी के अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण।

सुनीता की भूमिका को लेकर विपक्ष के निशाने पर आप

पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप

जनसत्ता ब्यूरो

लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार के आरोप में पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल समेत तमाम बड़े नेता जेल में हैं। अब अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के मैदान में आने से पार्टी को परिवारवाद को बढ़ावा देने के आरोपों का भी सामना करना पड़ रहा है। केजरीवाल के तिहाड़ जाने के बाद से उनकी पत्नी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करने और लोगों को संबोधित करने का काम करती रही हैं।

अब आम आदमी पार्टी के प्रमुख प्रचारकों की सूची में उनका नाम शीर्ष में अरविंद केजरीवाल के बाद दूसरे नंबर पर रखा गया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि धीरे-धीरे सुनीता केजरीवाल को पार्टी में विकल्प के तौर पर खड़ा किया जा रहा है। सुनीता केजरीवाल की बढ़ती सक्रियता और परिवारवाद के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी का अपना तर्क है। आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहना कि भाजपा के पास कहने के लिए और कुछ नहीं बचा है। राय ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाल दिया। उनकी पत्नी को उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने की अनुमति नहीं है। क्या उन्हें शर्म नहीं आती? इस तरह के अत्याचार किए जा रहे हैं। किसी मुख्यमंत्री पर ऐसे अत्याचार कभी नहीं हुए। लेकिन लोग देख रहे हैं और वे इसका जवाब अपने वोट से देंगे।

वहीं, दूसरी ओर, भाजपा को भ्रष्टाचार के बाद आप के खिलाफ परिवारवाद का भी मुद्दा मिल गया है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप में भ्रष्टाचार के साथ-साथ भाई-भतीजावाद का भी स्वागत है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का नाम गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए नामी प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। ये सभी नेता जेल में बंद हैं। दूसरी ओर, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी उन 40 नामी प्रचारकों की सूची में शामिल हैं, जिनके नाम पार्टी ने निर्वाचन आयोग को सौंपे हैं। सूची में अन्य प्रमुख नाम आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राघव चड्ढा और संदीप पाठक के हैं। इस सूची में राज्यसभा सदस्यों हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल के नाम नहीं हैं।

एक आप के नेता के मुताबिक, सुनीता केजरीवाल के इंडिया गठबंधन के घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में प्रचार करने के लिए झारखंड भी जा सकती हैं। इससे पहले दिल्ली शराब घोटाला और धनशोधन के कई अन्य मामलों में आप के तमाम नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह की गिरफ्तारी एक ही मामले में हुई थी।

बढ़ते रसूख के साथ अटकलों का बाजार गर्म

सुनीता केजरीवाल अब सक्रिय राजनीति में खुलकर दिख रही हैं। यूं तो वे अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही लगातार सुर्खियों में है। बीते दिनों उन्होंने विधायकों के साथ बैठक भी की थी। उन्हें प्रमुख प्रचारकों की सूची में दूसरा स्थान मिला है। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जिस तरह सुनीता केजरीवाल सामने आईं हैं, उससे अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। संजय सिंह भी जब तिहाड़ से बाहर निकले तब वे सबसे पहले उनके पास गए और पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

सियासत

जनसंपर्क

बीकानेर में एक रोड शो के दौरान लोगों की ओर से फूल बरसाए जाने के बाद विजयी चिह्न दिखाते केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन राम मेघवाल।

मनीष तिवारी की उम्मीदवारी तय होने के बाद इस्तीफों की झड़ी

अब तक 98 पदाधिकारियों ने पदों से दिया त्यागपत्र

जनसत्ता ब्यूरो

चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर कांग्रेस की ओर से मनीष तिवारी को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से पार्टी में इस्तीफों की झड़ी लग गई है। 48 घंटे में इस्तीफों की गिनती 98 तक पहुंच चुकी है। इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल के अलावा चंडीगढ़ प्रदेश के पार्टी प्रधान एचएस लकी भी दावेदारी जता रहे थे। पार्टी ने इन दोनों को टिकट नहीं देकर मनीष तिवारी को उम्मीदवार घोषित कर दिया। मनीष तिवारी की उम्मीदवारी तय होने के बाद बीते दो दिनों से चंडीगढ़ कांग्रेस के पदाधिकारी लगातार अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।

अब, बुधवार को चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष दीपा दुबे की अगुआई में 36 स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। दरअसल, चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी के 'एक्स' हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया जो किसी की ओर से डाली गई और उसमें लकी अपने एक समर्थक के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। उसका शीर्षक था 'पवन बंसल के साथ हो गया खेल, चंडीगढ़ से मनीष तिवारी को मिला टिकट।' जब मनीष तिवारी अपने पहले दौरे पर कांग्रेस भवन, चंडीगढ़ पहुंचे, तब तक इन इस्तीफों की संख्या बढ़कर 50 हो चुकी थी। जब पत्रकारों ने मनीष तिवारी से इस मुद्दे पर सवाल पूछा तो वे जवाब नहीं दे सके। उनके साथ खडे एक बड़े स्थानीय नेता ने तो यहां तक बोल, 'यह कोई मुद्दा नहीं, शहर में और बड़े मुद्दे हैं।' इस बीच, प्रदेश अध्यक्ष एचएस लकी भी संभल चुके थे। आनन-फानन में उन्होंने एक वीडियो बनाकर कांग्रेस समर्थकों से एकजुट रहने की गुहार लगाते हुए हालात संभालने की कोशिश शुरू की। और तो और, कांग्रेस नेताओं से ऐसे बयान दिलाए जा रहे हैं, 'हम राहुल गांधी के सच्चे सिपाही हैं और कांग्रेस के साथ हैं।' मनोज लुबाना, प्रतीक सिंह बढ़वाल आदि से प्रेस विज्ञप्तियां व वीडियो क्लिप बनवाकर सोशल मीडिया पर डाले जा रहे हैं। लकी का कहना है कि पार्टी में सब ठीक चल रहा है। कुछ गलतफहमी है, जो पार्टी पदाधिकारी आपस में बैठकर सुलझा लेंगे।

मनीष तिवारी की उम्मीदवारी तय होने के बाद बीते दो दिनों से चंडीगढ़ कांग्रेस के पदाधिकारी लगातार अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।

चंडीगढ़

निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस उम्मीदवार को दी चेतावनी

जनसत्ता ब्यूरो

राज्य निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड के गढ़वाल निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार को प्रतिद्वंद्वी भाजपा के अनिल बलूनी के खिलाफ 'निराधार' आरोपों को लेकर चेतावनी जारी की है। आयोग ने कांग्रेस उम्मीदवार से ऐसी घटना फिर नहीं दोहराने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संसदीय सीट के निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल को चेतावनी तब जारी की, जब स्थानीय प्रशासन ने जांच में उनके आरोप को निराधार पाया। भाजपा ने गोदियाल के खिलाफ निर्वाचन आयोग को दी अपनी शिकायत में कहा था कि उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी पर 'झूठे और मनगढ़ंत'आरोप लगाए हैं। भाजपा ने गोदियाल के इस आरोप का जिक्र किया कि सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार की जीत में मदद करने के लिए स्थानीय आबकारी विभाग की देखरेख में शराब की 9,000 पेटी की आपूर्ति की गई। निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि प्रशासन की जांच में पाया गया कि कांग्रेस उम्मीदवार के आरोप बेबुनियाद हैं।

नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस ने ताकत झोंकी

जनसत्ता संवाददाता

नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस दोनों ही ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। जहां बुधवार को कांग्रेस की ओर से चुनाव के लिए प्रचार के कांग्रेस नेता सचिन पायलट हल्द्वानी पहुंचे वहीं भाजपा की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में भाजपा की उम्मीदवार केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के समर्थन में रोड शो किया। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनसभा की।सचिन पायलट खुद गाड़ी चलाकर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के साथ सभा स्थल पहुंचे, इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित कई विधायक और कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। सचिन पायलट ने कहा कि आज पूरे देश में बदलाव का माहौल है और कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से इस चुनाव को लड़ रही है क्योंकि भाजपा विकास के बजाय धर्म और जाति की बात कर राजनीति कर रही है।

गृहमंत्री अमित शाह ने अनिल बलूनी के समर्थन में कोटद्वार में की जनसभा

जनसत्ता संवाददाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने इतने साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा। परंतु केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जो ठाना वह कर दिखाया है और आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर खड़ा है।

अमित शाह ने कोटद्वार में पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में आयोजित जनसभा में लोगों से अनिल बलूनी को भारी वोटों से जिताने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रहित में कई कड़े फैसले लिए हैं। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई और आज कश्मीर विकास की नई राह पर चल पड़ा है। मुसलिम महिलाओं को दयनीय स्थिति से निकालने के लिए तीन तलाक को लेकर भी बड़ा फैसला लिया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में शौचालय बने, लोगों के घर तक गैस सिलिंडर पहुंचा। उत्तराखंड को देश विदेश में नया आयाम दिलवाने में मोदी सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। अमित शाह ने लोगों से अपील की कि वे तीसरी बार भी कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अपनी सहभागिता जरूर करें।

राजनीति

मंच पर गृहमंत्री अमित शाह, पौड़ी गढ़वाल से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य।

बलूनी के लिए वोट मांगते हुए रो पड़े महेंद्र भट्ट

पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के जोशीमठ क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में आयोजित जनसभा में उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भाषण देते वक्त इतने अधिक भावुक हो गए कि रो पड़े और हाथ जोड़कर लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करने लगे। इससे जनसभा में आए लोग हक्के-बक्के रह गए। जनसभा में महेंद्र भट्ट कहने लगे कि मेरी हाथ जोड़ के विनती है कि यह मेरी इज्जत का सवाल है। करीब 12 हजार से अधिक विपक्षियों को भाजपा में शामिल कराने के बाद प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट लाखों से जीत का दावा करते नहीं थक रहे थे। इन बड़े बड़े दावों के बीच संगठन अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भावुक होकर फफक पड़े।

निर्दलीय उम्मीदवार उमेश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी

जनसत्ता संवाददाता

हरिद्वार से निर्दलीय उम्मीदवार उमेश कुमार के खिलाफ भगवानपुर थाने में अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना मंगलवार की है जब भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत और निर्दलीय उम्मीदवार उमेश कुमार के समर्थक भगवानपुर में गागलहेड़ी तिराहे के पास पहुंचे थे।

यहां दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए और हाथापाई होने लगी। भाजपा नेता और त्रिवेंद्र सिंह रावत के काफिले में शामिल अरुण कुमार ने थाना भगवानपुर में उमेश कुमार और उनके समर्थकों के खिलाफ रपट दर्ज कराई है। इसमें बताया गया है कि भगवानपुर में जब भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का रोड शो हो रहा था तब 200 कारों के काफिले के साथ उमेश कुमार अपने समर्थकों के साथ रावत के काफिले के सामने आ गए।

हरिद्वार

बेटी के लिए सारण में प्रचार करेंगे लालू प्रसाद यादव

जनसत्ता ब्यूरो

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद बुधवार को अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए सारण में प्रचार करेंगे। उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव ने कहा कि 'सारण उनकी कर्मभूमि रही है। हमेशा से लोगों ने उन्हें आशीर्वाद दिया है। उनकी चाहत थी कि लालू जी उनके बीच आएं। तेजस्वी ने एक सवाल के जवाब में पटना में कहा कि 'वे उनके नेता हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में 'इंडिया' गठबंधन काम कर रहा है, तो वे (प्रचार) क्यों नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि मेरी बहन ने माता-पिता की अनुकरणीय सेवा की और उसी भावना से लोगों की सेवा करेगी। तेजस्वी का इशारा रोहिणी आचार्य द्वारा लालू प्रसाद को किडनी दान देने की ओर था। चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए गए प्रसाद, 2013 में अयोग्य ठहराए जाने तक लालू प्रसाद ने सारण का कई बार प्रतिनिधित्व किया था।

चरण सिंह की हार की खबर सुन तोड़ दिए गए थे ट्रांजिस्टर

अनिल बंसल

राजोद प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से नाता तोड़ने और भाजपा गठबंधन में शामिल होने की मुख्य वजह अपने दादा चौधरी चरण सिंह को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित करना बताई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि चौधरी चरण सिंह किसानों के एक बड़े नेता थे और वे राजनीति में ईमानदारी के लिए भी खास पहचान रखते हैं।

मगर बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि चौधरी चरण सिंह अपने जीवन का पहला लोकसभा चुनाव ही बुरी तरह हार गए थे। इस हार का मुंह उन्हें मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर देखना पड़ा था। चौधरी चरण सिंह मुजफ्फरनगर में 1971 में पराजित हो जाने के बाद बागपत संसदीय क्षेत्र से 1977, 1980 और 1984 के तीनों लोकसभा चुनाव अच्छे अंतर से जीते। अपना राजनीतिक करिअर उन्होंने विधानसभा से शुरू किया था। सूबे की छपरौली विधानसभा सीट से वे 1937 में पहली बार विधायक चुने गए थे।

उसके बाद 1974 तक जितने भी चुनाव हुए, उन्होंने छपरौली से सरोकार नहीं तोड़ा और छपरौली ने भी उन्हें हमेशा सिर आंखों पर बिठाया और एकतरफा जिताकर भेजा। इलाके के लोगों का उनके प्रति सम्मान और लगाव इतना अधिक था कि वे नामांकन दाखिल करने के अलावा अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए कभी नहीं आते थे। चौधरी चरण सिंह शुरू में कांग्रेस में थे। लेकिन 1967 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर अपनी अलग पार्टी भारतीय क्रांति दल का गठन किया और विपक्ष की मदद से संयुक्त विधायक दल सरकार के मुख्यमंत्री बने। वे 1970 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने पर पहली बार महज 328 दिन और दूसरी बार 225 दिन ही इस कुर्सी पर बैठ पाए। जहां तक मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनाव में हार का सवाल है, यह चुनाव उन्होंने अपनी पार्टी भारतीय क्रांति दल के उम्मीदवार की हैसियत से लड़ा था। कांग्रेस ने इस चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से तालमेल किया था और मुजफ्फरनगर सीट इस पार्टी के लिए छोड़ी थी। भाकपा की तरफ से राजपूत बिरादरी के कामरेड विजय पाल सिंह से चरण सिंह का मुकाबला हुआ। तब इस लोकसभा में कुल 538144 मतदाता थे। कुल 382202 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 6742 मत रद्द कर दिए गए। कुल वैध मतों 375460 में से विजय पाल सिंह को 203193 और चरण सिंह को 152914 वोट मिले। इस तरह चरण सिंह अपने जीवन का पहला ही लोकसभा चुनाव 50279 वोट से हार गए। इस हार का उनके समर्थक किसानों को गहरा सदमा लगा। खासकर जाटों ने तो कई जगह यह खबर सुनते ही अपने ट्रांजिस्टर भी गुस्से में तोड़ दिए। अनेक लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जला।

बहरहाल, मुजफ्फरनगर भले रास न आया हो पर बागपत लोकसभा क्षेत्र ने उन्हें कभी हारने नहीं दिया। आपातकाल के बाद 1977 के चुनाव में तो खैर कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सभी 85 सीटों पर हार गई थी। चरण सिंह काफी बड़े अंतर से जीते और मोरारजी देसाई की सरकार में गृहमंत्री रहे। वे बाद में उपप्रधानमंत्री भी बने और फिर जनता पार्टी को तोड़कर कांग्रेस की मदद से 28 जुलाई 1979 को प्रधानमंत्री बन गए। यह बात अलग है कि वे इस पद पर महज 170 दिन ही रह पाए।

इतिहास

लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जला

चौधरी चरण सिंह अपने जीवन का पहला ही लोकसभा चुनाव 50279 वोट से हार गए। इस हार का उनके समर्थक किसानों को गहरा सदमा लगा। खासकर जाटों ने तो कई जगह यह खबर सुनते ही अपने ट्रांजिस्टर भी गुस्से में तोड़ दिए। अनेक लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जला। बहरहाल, मुजफ्फरनगर भले रास न आया हो पर बागपत लोकसभा क्षेत्र ने उन्हें कभी हारने नहीं दिया।

खबर कोना

श्रीनगर में 'रामनवमी' के अवसर पर युवा कश्मीरी पंडितों ने देवताओं की वेशभूषा धारण की।

दुर्लभ खनिजों के खनन को लेकर कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (भाषा)।

सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कापर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। ज्ञापन के अनुसार, समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 2023-24 में 16 फीसद घटा

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (भाषा)।

देश में कच्चे तेल के आयात बिल में बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 16 फीसद की गिरावट आई। इसका कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में नरमी है। हालांकि, इस दौरान विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता नई ऊंचाई पर पहुंच गई। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) में 23.25 करोड़ टन कच्चे तेल का आयात किया। कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर पेट्रोल और डीजल बनाया जाता है। आयात की मात्रा पिछले वित्त वर्ष के लगभग बराबर है। लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 में आयात के लिए 132.4 अरब डालर का भुगतान किया, जबकि 2022-23 में यह राशि 157.5 अरब डालर थी। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता देश के घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है। इससे उसकी आयात निर्भरता बढ़ गई है। आधिकारिक आंकड़ों अनुसार, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 2023-24 में बढ़कर 87.7 फीसद हो गई।

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सितंबर 2021 के बाद से सबसे निचले स्तर पर

लंदन, 17 अप्रैल (एपी)।

ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 फीसद की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 फीसद से कम थी। हालांकि, वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है, जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 फीसद रहने की संभावना जताई थी। मुद्रास्फीति अब भी बैंक आफ इंग्लैंड के दो फीसद के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ऊर्जा लागत में तेज वृद्धि के कारण 2022 के अंत में मुद्रास्फीति 11 फीसद से ऊपर पहुंच गई थी।

आरबीआइ के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा

भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है

वाशिंगटन, 17 अप्रैल (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है।

राजन ने जार्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में '2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनानाः इसके लिए क्या करना होगा' विषय पर चर्चा में कहा कि मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि हम इसका फायदा नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने कहा... छह फीसद वृद्धि। अगर आप सोचते हैं कि अभी हम इसी स्थिति में हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों से गड़बड़ी को दूर कर लें। वह छह फीसद जनसांख्यिकीय लाभांश में ही है। यह उससे काफी कम है, जहां चीन और कोरिया तब थे, जब उन्होंने अपना जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा हासिल किया था। राजन भारत द्वारा चिप निर्माण पर अरबों डालर खर्च करने के आलोचक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन चिप कारखानों के बारे में सोचें। चिप निर्माण पर इतने अरबों डालर की सबसिडी दी जाएगी। जबकि चमड़ा जैसे रोजगार प्रधान कई क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है।

'भारतीय अर्थव्यवस्था में इस वर्ष 6.5 फीसद बढ़ोतरी का अनुमान'

संयुक्त राष्ट्र, 17 अप्रैल (भाषा)।

भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 फीसद बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट में यह बात कही गई। रपट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रपट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 फीसद की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 फीसद की वृद्धि की उम्मीद है। यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। रपट में कहा गया, 2023 में विस्तार, मजबूत सार्वजनिक निवेश परिव्यय के साथ-साथ सेवा क्षेत्र की जीवंतता से प्रेरित रहा। इसे उपभोक्ता सेवाओं के लिए मजबूत स्थानीय मांग और देश की व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात के लिए मजबूत बाहरी मांग से फायदा मिला। रपट में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा विनिर्माण आधार के रूप में भारत का अधिक रुख करने की बात पर भी ध्यान दिया गया, क्योंकि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रहे है।

विश्व निकाय में पिछले हफ्ते पेश '2024 फाइनेंसिंग फार सस्टेनएबल डेवलपमेंट रिपोर्टः फाइनेंसिंग फार डेवलपमेंट एट ए क्रोसरोड' में कहा गया था कि दक्षिण एशिया, खासकर भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है।

रपट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

आप का आरोप, भाजपा की शाखा के तौर पर काम कर रहा निर्वाचन आयोग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

आप पार्टी ने बुधवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा की एक शाखा के तौर पर काम कर रहा है। आयोग ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को पार्टी के कुछ पोस्ट हटाने का आदेश दिया है जिसके बाद 'आप' ने यह आरोप लगाया है।

'एक्स' ने मंगलवार को कहा था कि आयोग ने वाईएसआर कांग्रेस, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुछ पोस्ट उसे हटाने का आदेश दिया है। 'आप' की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि पार्टी ने भाजपा के पोस्ट और होर्डिंग्स को लेकर आयोग को दो शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह देश का दुर्भाग्य है कि निर्वाचन आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है। आयोग ने दो और तीन अप्रैल को आदेश जारी किए थे। इसके बाद आयोग ने 10 अप्रैल को 'एक्स' को एक ईमेल भेजा था। जिसमें उसने कहा था कि यह स्वैच्छिक आचार संहिता का उल्लंघन होगा। 'एक्स' ने कहा कि आयोग ने कंपनी को निर्वाचित राजनीतिक नेताओं, राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा साझा किए गए राजनीतिक भाषण वाले पोस्ट को हटाने के लिए आदेश जारी किए हैं।

अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआइ के उदार मानकों को अधिसूचित किया गया

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (भाषा)।

सरकार ने उपग्रह विनिर्माण और उपग्रह प्रक्षेपण यान क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) नीति में संशोधन को अधिसूचित कर दिया है।

मंगलवार को जारी गजट अधिसूचना के जरिये अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एफडीआइ नीति में बदलाव किए गए हैं। इसमें एफडीआइ के लिए उदार प्रवेश मार्ग निर्धारित किया गया है और उपग्रहों, प्रक्षेपण वाहनों और संबंधित प्रणालियों या उप-प्रणालियों में एफडीआइ के लिए स्पष्टता लाई गई है। इसके अलावा अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण और उसकी लैंडिंग के लिए स्पेसपोर्ट का निर्माण और अंतरिक्ष से संबंधित उपकरणों एवं प्रणालियों के विनिर्माण में भी विदेशी निवेश पर स्थिति स्पष्ट की गई है। संशोधित नीति के तहत उदारीकृत प्रवेश मार्गों का उद्देश्य अंतरिक्ष में भारतीय कंपनियों में संभावित निवेशकों को आकर्षित करना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल की शुरुआत में इन संशोधनों को मंजूरी दी थी।

गजट अधिसूचना में इन प्रावधानों को 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियम, 2024' कहा गया है। यह अधिसूचना अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क की भारत यात्रा से कुछ दिन पहले जारी की गई है।

कार और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत

नाडियाड (गुजरात), 17 अप्रैल (भाषा)।

गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई।

नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया कि कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों का उपचार के दौरान मौत हुई। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

सुरक्षा पुंछ में बुधवार को लोकसभा चुनाव से पहले एक आतंकवादी ठिकाने से तीन आइईडी बरामद किए गए। इस बीच सुरक्षाकर्मी आसपास के स्थलों की निगरानी करते हुए।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तीन शक्तिशाली आइईडी बरामद

मेंढर/जम्मू, 17 अप्रैल (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में बुधवार को एक आतंकी ठिकाने से तीन 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आइईडी) बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जब्त किए गए आइईडी में प्रत्येक का भार तीन से 20 किलोग्राम (किलो) के बीच है।

अधिकारियों ने इस कार्रवाई को जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी सफलता करार दिया है। अधिकारियों ने बताया कि ये आइईडी पांच किलो, 10 किलो और 20 किलो भार वाले स्टील के डिब्बों के भीतर रखे गये थे। उन्होंने बताया कि मेंढर उपखंड के सनाई-गुरसाई वन क्षेत्र में पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स द्वारा चलाये गए एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक गुफा में बनाये गए आतंकी ठिकाने से बरामद किये गए। अधिकारियों के मुताबिक, बम निरोधक दस्ते ने बाद में तीनों आइईडी को नष्ट कर दिया और केंद्र शासित प्रदेश में विस्फोट करने की आतंकियों की मंशा पर पानी फेर दिया।

सीआरपीएफ के अधिकारी रजनीश यादव ने बताया, 'हमें तड़के चार बजे ऊपरी सनाई में संभावित ठिकाने और संदिग्ध गतिविधि के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ एक संयुक्त 'तलाशी व नष्ट' करने का अभियान शुरू किया गया।' उन्होंने बताया, 'तीन आइईडी बरामद किए जाने के बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया।'

सलमान के घर पर गोलीबारी

हरियाणा से संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया

मुंबई, 17 अप्रैल (भाषा)।

बालीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में पुलिस ने हरियाणा से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। माना जा रहा है कि इस व्यक्ति का संबंध गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों में से एक से है। वारदात से पहले वे लगातार एक-दूसरे के संपर्क में थे।

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार सागर पाल और विक्की गुप्ता हिरासत में लिए गए संदिग्ध व्यक्ति को अपनी गतिविधियों के बारे में जानकारी दे रहे थे। वारदात के बाद पाल और गुप्ता मुंबई से भागकर गुजरात के भुज की ओर चले गए और उन्होंने उस मोबाइल फोन का सिम कार्ड बदल दिया, जिसका उपयोग वे बातचीत के लिए कर रहे थे। तकनीकी निगरानी के दौरान पता चला कि पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपी बार-बार मोबाइल फोन बंद कर देते थे। मगर, जिस नंबर पर उन्होंने फोन किया, वह हमेशा एक ही था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हरियाणा से हिरासत में लिए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है, लेकिन उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह व्यक्ति जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई से निर्देश ले रहा था।

तकनीकी निगरानी के दौरान पता चला कि पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपी बार-बार मोबाइल फोन बंद कर देते थे। मगर, जिस नंबर पर उन्होंने फोन किया, वह हमेशा एक ही था।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा

प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी वादों पर राज्य के लोग भरोसा नहीं करेंगे

पलक्कड (केरल), 17 अप्रैल (भाषा)।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोग हाल की चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए गए ढेरों वादों पर विश्वास नहीं करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर देश में आरएसएस के एजेंडे को लागू करने का आरोप लगाया और अपने घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर चुप रहने के लिए कांग्रेस पर भी हमला बोला।

पलक्कड के पट्टांबी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'लोगों को एक बार धोखा दिया जा सकता है, लेकिन बार-बार नहीं।' विजयन ने कहा, 'नरेंद्र मोदी यहां (केरल) आए और कई वादे किए, लेकिन क्या कोई कभी इन पर विश्वास करेगा? उन्हें एक बार धोखा दिया जा सकता है, लेकिन बार-बार नहीं।' दिग्गज वामपंथी नेता ने कहा वर्ष 2014 में भाजपा पहली बार सत्ता में इसलिए आई क्योंकि उस समय देश में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-दो (संप्रग-2) सरकार के प्रति असंतोष और सत्ता विरोधी लहर थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'मोदी और भाजपा ने तब संप्रग शासन से नाखुश देश की जनता से कई वादे किए थे। चूंकि लोग संप्रग सरकार से तंग आ चुके थे, इसलिए उन्होंने भाजपा के वादों पर विश्वास किया और उसे वोट देकर सत्ता प्रदान की।' उन्होंने कहा भाजपा ने कांग्रेस की वित्तीय नीतियों को लागू करना जारी रखा और देश के लोगों ने इसे महसूस भी किया।

विजयन ने भाजपा सरकार पर देश में आरएसएस का एजंडा लागू करने का आरोप लगाया और कहा कि सीएए इसी का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का प्रयास भारत को एक धार्मिक राष्ट्र में बदलना है।

मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर देश में आरएसएस का एजंडा लागू करने का आरोप लगाया और कहा कि सीएए इसी का हिस्सा है।

मदद परिवार और वकीलों से संपर्क करने के लिए

जेल में 650 कैदियों को मिला स्मार्ट कार्ड

छत्रपति संभाजीनगर, 17 अप्रैल (भाषा)।

सरकार ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में स्थित हरसुल केंद्रीय कारागार के लगभग 650 कैदियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए हैं ताकि उन्हें अपने परिवार के सदस्यों और वकीलों के संपर्क में रहने में मदद मिल सके। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

जिले के एक अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्मार्ट कार्ड के जरिए कैदियों को एक सप्ताह में छह-छह मिनट की तीन मुफ्त काल करने की सुविधा मिलेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'कई परिवार वित्तीय स्थिति के कारण जेल में अपने कैदी रिश्तेदारों से मिलने नहीं आ सकते हैं। इसलिए, कैदियों को उनके परिवारों (और वकीलों) से जोड़ने के लिए हरसुल जेल में 650 कैदियों को स्मार्ट कार्ड प्रदान किए गए हैं।'

विज्ञप्ति में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि क्या कैदी केवल उन नंबरों पर काल कर सकते हैं जो जेल अधिकारियों के साथ पहले से साझा किए गए हैं या वे अपनी पसंद के किसी भी नंबर पर काल कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि यह सुविधा (कालिंग बूथ) कैदियों के साथ-साथ न्यायिक हिरासत में रहने वाले लोगों को जेल परिसर में उपलब्ध कराई गई है।

जिले के एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्ट कार्ड के जरिए कैदियों को एक सप्ताह में छह-छह मिनट की तीन मुफ्त काल करने की सुविधा मिलेगी। कई परिवार वित्तीय स्थिति के कारण जेल में अपने कैदी रिश्तेदारों से मिलने नहीं आ सकते हैं। इसलिए, उनके परिवारों और वकीलों से जोड़ने के लिए कैदियों को स्मार्ट कार्ड प्रदान किए गए हैं।

मंगलुरु-दुबई के बीच संचालित होने वाली चार उड़ानें रद्द

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अप्रैल।

संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और उसके आसपास के इलाकों में पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही भारी बारिश और खराब मौसम के कारण मंगलुरु से दुबई के बीच संचालित होने वाली चार उड़ानें बुधवार को रद्द कर दी गईं। मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तिरुचिरापल्ली से मंगलुरु आने वाली एक अन्य उड़ान को भी रद्द किया गया जबकि सऊदी अरब के जेद्दा जाने वाली एक उड़ान में देरी हुई। दुबई और मंगलुरु के बीच संचालित चारों उड़ानें एयर इंडिया एक्स्प्रेस की थीं। गुरुवार को भी दुबई से मंगलुरु आने वाली एयर इंडिया एक्स्प्रेस की उड़ान संख्या 814 रद्द रहेगी।

प्रवक्ता के मुताबिक गुरुवार को जेद्दा से मंगलुरु आने वाली उड़ान संख्या 796 और मंगलूरु से तिरुचिरापल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्स्प्रेस की उड़ान संख्या 1498 भी विलंबित रहेंगी। दुबई में भारी बारिश का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा है। दुबई एअरपोर्ट की तरफ से बुधवार को यात्रियों को सलाह दी गई है कि जबतक बेहद जरूरी न हो वहां नहीं जाएं।

www.readwhere.com

DETAILED PUBLIC STATEMENT IN TERMS OF REGULATIONS 3(1) AND (4) READ WITH REGULATIONS 13(4), 14(3) AND 15(2) AND OTHER APPLICABLE REGULATIONS OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

FOODS AND INNS LIMITED

CIN: L55200MH1967PLC013837; **Registered Office:** Udyog Bhavan, 2nd Floor 29 Walchand Hirachand Marg, Ballard Estate, Mumbai City, Mumbai, Maharashtra, India, 400038; **Corporate Office:** J. N. Heredia Marg, Hamilton House, 3rd floor, Ballard Estate, Mumbai, Maharashtra, India, 400038; **Tel. No.:** +91 22 22613102; **Email id:** cs@foodsandinns.com
Website: http://www.foodsandinns.com

OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UP TO 1,90,40,682 FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 1/- EACH ("OFFER SHARES") AT A PRICE OF ₹ 147/- PER EQUITY SHARE ("OFFER PRICE"), REPRESENTING 26% OF THE EXPANDED VOTING SHARE CAPITAL (AS DEFINED) OF FOODS AND INNS LIMITED ("TARGET COMPANY") FROM PUBLIC SHAREHOLDERS OF THE TARGET COMPANY BY RAYMOND SIMKINS ("RAYMOND" OR "ACQUIRER 1") AND MILAN BHUPENDRA DALAL ("ACQUIRER 2") (HEREINAFTER ACQUIRER 1 AND ACQUIRER 2 ARE COLLECTIVELY REFERRED TO AS "ACQUIRERS"), ALONG WITH BORGOS MULTITRADE LLP (DEEMED TO BE PERSON ACTING IN CONCERT WITH ACQUIRER 2 OR "PAC"), FOR THE PURPOSES OF THE OPEN OFFER (AS DEFINED) PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH THE REQUIREMENTS OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED ("OFFER" OR "OPEN OFFER").

This detailed public statement **("DPS")** is being issued by Inga Ventures Private Limited and Pioneer Investcorp Limited **("Managers" or "Managers to the Offer")**, for and on behalf of the Acquirers along with the PAC, to the Public Shareholders of the Target Company pursuant to and in compliance with Regulations **3(1) and (4) read with Regulations** 13(4), 14(3) and 15(2) of the Securities And Exchange Board Of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto **("SEBI SAST Regulations")** pursuant to the public announcement **("PA")** dated and submitted on April 9, 2024 with BSE Limited ("**BSE**"), National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**"), the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") and the Target Company at its registered office.

For the purposes of this DPS, the following terms would have the meaning assigned to them herein below:

"EPS" shall mean earnings per share.

"Equity Shares" shall mean fully paid-up equity shares of Target Company of face value of ₹1/- each.

"Existing Promoter Group" includes Milan Bhupendra Dalal, Promoter, alongwith members of promoter group i.e. Rekha Bhupendra Dalal, Veena M Dalal, Asim Bhupendra Dalal, Satyen Bhupendra Dalal, Aditi Asim Dalal, Devdut Dalal, Avanti Asim Dalal, Gaurika Milan Dalal, Bhupendra Champaklal Dalal, Western Press Private Ltd., Cifco Limited, MPIL Corporation Limited and Satyajyoti Holdings Private Limited.

"Expanded Voting Share Capital" shall mean the total voting equity share capital of the Target Company on a fully diluted basis expected as of the 10th working day from the closure of the tendering period for the Open Offer i.e. 7,32,33,389 Equity Shares. This includes (i) existing voting share capital of *5,84,97,673 Equity Shares; (ii) 1,44,96,249 outstanding convertible warrants; and (iii) 2,39,467 employee stock options which have been granted and vested.

"**Public Shareholders**" shall mean all the equity shareholders of the Target Company who are or would be eligible to tender their Equity Shares in the Open Offer, excluding (i) Acquirers and the PAC; (ii) members of the Existing Promoter Group (iii) parties to the Shareholders Agreement (as defined below); and (iv) any persons acting in concert or deemed to be acting in concert with the persons set out in (i), (ii) and (iii) above pursuant to and in compliance with SEBI SAST Regulations.

"SEBI Act" shall mean Securities and Exchange Board of India Act, 1992 and subsequent amendments thereto.

"Shareholders Agreement" or "SHA" refers to the agreement dated April 9, 2024 entered between Acquirer 1, Existing Promoter Group for reclassification of Acquirer 1 as promoter of the Target Company pursuant to regulation 31A (5) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

"Stock Exchanges" shall mean BSE and NSE.

"**Voting Share Capital**" shall mean existing total fully paid-up equity / voting share capital of the Target Company. i.e.* 5,84,97,673 Equity Shares as on date.

"**Working Day**" means any working day of the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") in Mumbai.

**includes 15,03,760 Equity Shares allotted on April 1, 2024 pursuant to conversion of warrants and 2,30,260 Equity Shares allotted on April 5, 2024 under the Employees Stock option plan 2021*

I. ACQUIRERS, PAC, TARGET COMPANY AND OFFER

A. INFORMATION ABOUT THE ACQUIRER 1: Raymond Simkins

i) Raymond Simkins, Acquirer 1, is an individual aged about aged 80 years.

ii) The office address is 14, Queen Annes Gate, SW1H 9AA, London.

iii) Acquirer 1 is a Non-Executive and Non-Independent Director of the Target Company. He has been associated with the Target Company since 1995. He holds a degree of M.E. from Buckingham Technical College. He is currently president of the Getz Group with interest throughout the Asia/Pacific region where he had been associated since 1966.

iv) As on the date of this DPS Acquirer 1 holds 64,26,660 Equity Shares i.e. 10.99% of the Voting Share Capital of the Target Company.

